THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 22 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.6 2082 शनिवार, 19 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये



## इलाहाबाद हाईकोर्ट में छह नए न्यायाधीशों को सीजे ने दिलाई शपथ

### जजों की संख्या हुई 87

प्रयागराज, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुक्रवार को छह नए न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने अपने न्यायालय कक्ष में सभी नए न्यायाधीशों को सुबह दस बजे शपथ ग्रहण कराया। इसी के साथ हाईकोर्ट में कुल जजों की संख्या 87 हो गई है। हाईकोर्ट में जजों के कुल 160 पद स्वीकृत हैं। जिन नए न्यायाधीशों ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण किया उसमें न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा, न्यायमूर्ति अनिल कुमार, न्यायमूर्ति संदीप जैन, न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना, न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह शामिल हैं। इस मौके पर तमाम न्यायाधीश और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 2000 करोड़ की संपत्ति पर गांधी परिवार की नजर: बीजेपी

## कांग्रेस ने प्रचार पर फूंके जनता के पैसे', भाजपा का आरोप



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा और कांग्रेस के बीच जमकर जुबानी जंग हो रही है। ताजा घटनाक्रम में भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी बार-बार नेशनल हेराल्ड का नाम लेकर सनसनी फैलाने की कोशिश करती है, लेकिन विफल रहती है।' उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड का नाम सुनते ही कांग्रेस पार्टी का पूरा इकोसिस्टम सनसनी से भर जाता है। वे पकड़े गए हैं।' ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने अखबार को अपने एटीएम के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने दावा किया कि गांधी परिवार ने अपनी जेब से एक पैसा भी निवेश किए, बिना नेशनल हेराल्ड की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हासिल करने की कोशिश की।

**ईडी की कार्रवाई के पीछे सियासत नहीं, जनता के पैसे फूंक रही कांग्रेस**

भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेताओं को चुनौती भी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मामलों के त्वरित और समयबद्ध निपटारे की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट दाखिल करने की कार्रवाई के पीछे राजनीतिक मंशा होने की बात बेबुनियाद है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों पर जनता के पैसे को साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के रूप में खर्च करते हैं। उन्होंने दावा किया कि इस अखबार को बहुत कम पाठक पढ़ पाते हैं।

**क्या कोई राजनीतिक दल ऋण दे सकता है?**

भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस परिवार को घेरते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, यंग इंडियन कंपनी को कांग्रेस ने 50 लाख रुपये का ऋण दिया था। इसमें दोनों गांधी परिवार की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इस कंपनी ने कांग्रेस से संबद्ध समाचार पत्र एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। इसके पास विपक्षी पार्टी को 90 करोड़ रुपये बकाया थे। उन्होंने इस ब्यौरे के साथ सवाल भी पूछे। ठाकुर ने जानना चाहा कि क्या कोई राजनीतिक दल ऋण दे सकता है।

**भ्रष्टाचार के कांग्रेस मॉडल' में चोर खूब शोर मचाते हैं**

राजनीति से प्रेरित कार्रवाई के आरोपों के संबंध में अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर कांग्रेस नेताओं में हिम्मत है तो उन्हें अदालत से जल्द सुनवाई की अपील करनी चाहिए। ठाकुर ने कहा, 'भ्रष्टाचार के कांग्रेस मॉडल' में चोर खूब शोर मचाते हैं। नेशनल हेराल्ड मामले ने कांग्रेस के पूरे तंत्र को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने से पहले निचली अदालतों ने मामले का संज्ञान लिया, लेकिन कार्रवाई रद्द कराने को लेकर गांधी परिवार कई बार कोर्ट में अपील कर चुका है।

**हिमाचल में क्या कोई कांग्रेस नेता या सदस्य नेशनल हेराल्ड पढ़ता है?**

अनुराग ठाकुर ने कहा, अदालतों ने उन्हें जमानत के अलावा कोई राहत नहीं दी। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने प्रवर्तन निदेशालय की जांच में हस्तक्षेप नहीं किया। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए, ठाकुर ने कहा, प्रदेश सरकार ने 10 मुख्य वादों में से एक भी पूरा नहीं किया। नेशनल हेराल्ड में विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। क्या हिमाचल में कोई कांग्रेस नेता या सदस्य इसे पढ़ता है? विभिन्न कांग्रेस सरकारों द्वारा विज्ञापनों पर खर्च की गई धनराशि का विवरण अखबार में देना चाहिए। बता दें कि कांग्रेस ईडी की कार्रवाई के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन कर रही है।

# नाबालिग लड़की से रेप के मामले में रोहिणी कोर्ट का बड़ा फैसला

## सुरक्षा गार्ड को बीस सजा की सजा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की के साथ बार-बार रेप के दोषी निजी सुरक्षा गार्ड को पॉक्सो अधिनियम के तहत 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे अपराधों में दोषी को कम सजा देना न्याय प्रणाली की प्रभावशीलता को कमजोर कर सकता है। यह फैसला एडिशनल सेशन जज सुशील बाला डागर ने सुनाया। आरोपी को इस महीने की शुरुआत में रेप और पॉक्सो की धारा 6 के तहत गंभीर यौन शोषण का दोषी ठहराया गया। सरकारी वकील ने अदालत में अहम दलील पेश करते हुए कहा कि आरोपी का अपराध समाज पर गहरा प्रभाव डालता है, इसलिए उसे कठोर सजा दी जानी चाहिए। रोहिणी कोर्ट में स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर योगिता कौशिक दहिया ने दलील दी कि आरोपी ने अपहरण, बार-बार यौन शोषण और पीड़िता को धमकाने जैसे गंभीर और अमानवीय अपराध किए हैं। ऐसे में उसके प्रति कोई नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। कोर्ट के फैसले में अदालत ने 2015 के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा दोषी को कम सजा देकर दिखाई गई अनावश्यक सहानुभूति न केवल न्याय प्रणाली को नुकसान पहुंचाती है बल्कि जनता के कानून में विश्वास को भी कमजोर करती है। इसके अलावा, अदालत ने 2006 के एक अन्य सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सजा तय करते समय अपराध की गंभीरता, पीड़िता की उम्र और स्थिति, दोषी का आचरण और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि जैसे पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

# भारतीय छात्रों का वीजा रद्द करने पर कांग्रेस हमलावर

## पूछा- क्या विदेश मंत्री यूएस में उठाएंगे मुद्दा



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में भारतीय छात्रों का वीजा रद्द किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने पूछा है कि क्या विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री के सामने उठाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर अमेरिकी आव्रजन वकीलों के संगठन का बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि यह भारत में हमारे लिए चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा अब तक एकत्र किए गए अंतरराष्ट्रीय छात्रों के 327 वीजा निरस्तीकरण मामलों में से 50 फीसदी भारतीय हैं। निरस्तीकरण का कारण अस्पष्ट है। इसलिए, डर और आशंका बढ़ रही है।

जयराम रमेश ने कहा कि क्या विदेश मंत्री इस पर ध्यान देंगे और अपने अमेरिकी समकक्ष के समक्ष इस चिंता को उठाएंगे? अमेरिकी आव्रजन वकील संघ ने बयान में कहा है कि विदेश विभाग (डीओएस) और आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) आक्रामक रूप से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को निशाना बना रहे हैं। उनके विरोध का कोई इतिहास नहीं है, उनके वीजा निरस्तीकरण, उनकी स्थिति को समाप्त करने और निष्कासन के लिए। संगठन ने वकीलों, छात्रों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से वीजा निरस्तीकरण और छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली (सेविस) समाप्ति की 327 रिपोर्ट एकत्र की है। बयान में कहा गया कि इन रिपोर्टों में से 50 प्रतिशत छात्र भारत से थे, इसके बाद 14 प्रतिशत चीन से थे। इस डाटा में प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य महत्वपूर्ण देशों में दक्षिण कोरिया, नेपाल और बांग्लादेश शामिल हैं।

## हिमाचल में नौतोड़ वन भूमि मामले में फिर राज्यपाल से मिले राजस्व मंत्री



शिमला, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल के नौतोड़ मामले को लेकर राजभवन और सरकार के बीच खींचतान चल रही है। वास्तव में सुक्खू सरकार ने क़रीब दो साल पहले राज्यपाल को नौतोड़ जमीन देने को लेकर कैबिनेट से प्रस्ताव पास कर भेजा था। जिसके तहत 20 बीघा से कम या भूमिहीन 13 हजार के करीब लोगों को नौतोड़ जमीन देने का मामला है। कबायली क्षेत्र के लोगों को इस तरह नौतोड़ जमीन देने की शक्तियां राज्यपाल के पास हैं, लेकिन राज्यपाल ने ये कह कर प्रस्ताव को रोका था कि सरकार से कुछ आपत्तियां मांगी गई थी जो अभी तक नहीं मिली है। गुरुवार को राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी छठी बार नौतोड़ मामले को लेकर राज्यपाल से मिले। उन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से राजभवन पहुंच कर मुलाकात की। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में जनजातीय क्षेत्र तथा सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। राजभवन से मांग उठाई गई है कि फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट 1980 में कम से कम कम दो साल की छूट देने के लिए इस एक्ट को निरस्त किया जाए। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा, "पिछली बार जब मामला स्वीकृति के लिए राजभवन भेजा गया था तो उसे राजभवन ने कुछ त्रुटियों पर स्पष्टीकरण मांगा था। जो सरकार की तरफ़ से दे दिया गया है।

# भगोड़े मेहुल चोकसी के 2,565 करोड़ रुपये की संपत्तियों की होगी नीलामी, मुंबई कोर्ट ने दी अनुमति



मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने चोकसी की 2,565 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को बेचने की अनुमति दी है। इन संपत्तियों की बिक्री से प्राप्त राशि को प्रभावित बैंकों के नाम पर सावधि जमा (एफडी) के रूप में रखा जाएगा, ताकि पीड़ितों को उनकी राशि वापस की जा सके। अब तक, गीतांजलि जेम्स लिमिटेड से जुड़ी संपत्तियों की बिक्री से 125 करोड़ रुपये की राशि पीड़ितों को लौटाई जा चुकी है। इन संपत्तियों में मुंबई के सांताक्रूज स्थित छह फ्लैट, दो फैक्ट्रियां और गोदाम शामिल हैं। मुंबई के बोरीवली (पूर्व) और सांताक्रूज (पूर्व) क्षेत्रों में फ्लैट्स मुंबई के सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग ज़ोन (सीप्ज़) में दो कारखाने और गोदाम भी जब्त किए गए हैं। मेहुल चोकसी की जब्त की संपत्तियों में मालाबार हिल इलाके की वह भी प्रॉपर्टी है जो प्राइम लोकेशन पर है। ईडी ने जिसे जब्त किया है। उसके नीलामी की प्रक्रिया शुरू की है। गोकुल अपार्टमेंट मालाबार हिल जिसके 9/10 मंजिल पर मेहुल चोकसी का डुप्लेक्स फ्लैट है। उसने 11 वे मंजिल पर अवैध निर्माण किया है। फ्लैट के दरवाजे और दीवारें पर ईडी, सीबीआई अलग-अलग बैंक के नोटिस, बीएमसी सोसायटी बिजली बिल की नोटिस पड़ी है। फ्लैट करीबन सात हज़ार स्क्वायर फीट का है जिसकी क़ीमत करीबन 70 करोड़ है जो अब खण्डर बन गया है। फ्लैट से पेड़ पौधे उग बाहर निकल आए हैं। जिस से निचले फ्लाइट्स और सोसायटी के दीवारों को नुकसान पहुंच रहा है। बता दें कि मेहुल चोकसी और उसके भांजे नीरव मोदी पर 2018 में पीएनबी की ब्रैडी हाउस शाखा से 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

## सरकारी मकान में मजार, सोता रहा सिस्टम

### अफसरों की नाक के नीचे बनीं अवैध मजारें, हिंदू संगठन ने की शिकायत

भोपाल, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लैंड जिहाद का मामला सामने आया है। भोपाल के बेहद वीवीआईपी इलाके में बनी कब्र नुमा दो मजारें हैं। ये दावा हिंदू संगठन ने किया है। सरकारी मकान के अंदर दो मजारों को बनाया गया है। सरकारी सिस्टम पूरी तरह से सोता रहा है। अफसरों की नाक के नीचे ही वीवीआईपी इलाके में अवैध मजार बना दी गई।

**सरकारी मकान के आंगन में बनी मजारें**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के वीवीआईपी इलाके की 1250 क्वार्टर कहे जाने वाले इलाके में लगभग 90% सरकारी मकान बने हैं। इनमें क्लास वन से लेकर बाबू स्तर के तमाम सरकारी अधिकारी रहते हैं। ऐसे में इन्हीं सरकारी मकान की आंगन में बनी दो मजारों ने हिंदू संगठन की नाराजगी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि मजार यहां सालों से बनी हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि कई सालों से यहां मजार हैं। एक महिला ने बताया कि पहले ये घर मुस्लिम कर्मचारी को एलॉट था।

**हिंदू संगठन ने की शिकायत**

बरसों से इस इलाके के सरकारी मकान में लोग रह रहे हैं। यह कब्र नुमा मजार है। बहुत पहले बनी है लेकिन हिंदू संगठन मान रहा है कि इस सरकारी मकान में रहने वाले मुस्लिम परिवार ने ही यह मजार बनाई है। यही वजह है कि प्रशासन से हिंदू संगठनों ने शिकायत भी की है। इसकी एक शिकायत कॉपी भी सामने आई है।

# धर्मस्थल गिराने के नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, बॉम्बे एचसी से मांगी रिपोर्ट, सुनवाई 21 को



नासिक, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। नासिक में धार्मिक स्थल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाई। इसके अलावा याचिका को सूचीबद्ध न करने बॉम्बे हाईकोर्ट से रिपोर्ट भी मांगी है। नगर निगम ने 15-16 अप्रैल की रात को शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटा दिया था। नगर निगम के नोटिस के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल दोपहर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा था कि याचिका सात अप्रैल को उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीठ ने आदेश दिया कि प्रतिवादी संख्या 1 नासिक नगर निगम द्वारा जारी एक अप्रैल, 2025 के नोटिस पर रोक रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की गई। अदालत ने धार्मिक स्थल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पाहवा ने दावा किया कि प्रयास के बावजूद मामला उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं किया गया।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमने वरिष्ठ वकील के इस विशिष्ट बयान के मद्देनजर यह असाधारण कदम उठाया है कि मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए हर दिन प्रयास किए गए। हम उनके बयान के बारे में अनिश्चित हैं कि उच्च न्यायालय ने बार-बार अनुरोध के बावजूद मामले को सूचीबद्ध नहीं किया। यह एक गंभीर बयान है और वकील को इस तरह के बयान के परिणाम की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसके बाद शीर्ष अदालत ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को याचिका की सूची के बारे में एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने नासिक नगर निगम से जवाब मांगा। वकील पाहवा ने दलील दी कि सात अप्रैल 2025 को उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई थी और वह आठ अप्रैल से मामले के सूचीबद्ध होने का इंतजार कर रहे थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है।

हम यह समझने में असमर्थ हैं कि नौ अप्रैल से लेकर आज तक क्या हुआ। वकीलों का कहना है कि वे हर दिन प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद पीठ ने नगर निकाय और अन्य प्राधिकारियों से जवाब मांगा। पिछले दिनों महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुल्डोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया था। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया था। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है।

## 'मंदिर और वक्फ बोर्ड की तुलना नहीं की जा सकती', संजय निरुपम का बड़ा बयान, एमएनएस नेताओं पर क्यों किया तंज?

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। शिवसेना के प्रवक्ता संजय निरुपम ने एक प्रेस वार्ता में कई संवेदनशील और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। चाहे वो वक्फ कानून का विवाद हो, मराठी स्कूलों में हिंदी अनिवार्यता का मुद्दा या फिर बालासाहेब ठाकरे की आवाज का एआई से इस्तेमाल। निरुपम ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई को लेकर अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कोर्ट का यह सवाल कि 'क्या मंदिर प्रबंधन में कोई गैर-हिंदू हो सकता है?' मंदिर और वक्फ बोर्ड की तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि वक्फ बोर्ड एक वैधानिक संस्था है, जिसे सरकार बनाती है और उसे अनुदान भी देती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मस्जिद प्रबंधन में भी किसी गैर-मुस्लिम को शामिल करने की मांग नहीं की जाती, इसलिए मंदिर और वक्फ की तुलना करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसका फायदा उठा रहे हैं और सरकार को यह तथ्य कोर्ट में स्पष्ट रूप से रखने चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) में हिंदी को मराठी स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर निरुपम ने कहा कि इससे मराठी की अनिवार्यता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बच्चों को मराठी, हिंदी और अंग्रेजी इन तीनों भाषाओं को सीखनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अंग्रेजी जैसी परदेशी भाषा को अपनाने में किसी को आपत्ति नहीं होती, तो हिंदी जैसी देश की भाषा को लेकर राजनीति क्यों हो रही है? उन्होंने एमएनएस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि उनके अपने बच्चे मराठी के साथ-साथ जर्मन और फ्रेंच जैसी भाषाएं सीखते हैं, लेकिन हिंदी सीखने से परहेज करते हैं।

# पति का दावा- पत्नी ने दूसरे के साथ बनाए संबंध

## महिलाएं पति की संपत्ति नहीं, अपनी इच्छा की मालिक: हाईकोर्ट




नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले ने सदियों से चली आ रही महिलाओं को 'पति की संपत्ति' मानने की सोच पर करारा प्रहार किया है। कोर्ट ने विवाहेतर संबंध के एक मामले में आरोपी पुरुष को बरी करते हुए न सिर्फ भारतीय समाज की मानसिकता पर सवाल उठाए, बल्कि महाभारत के द्रौपदी प्रसंग का उद्धरण देकर इसे सभ्यता की एक गूंजती चेतावनी बताया। यह मामला तब शुरू हुआ जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर विवाहेतर संबंधों का आरोप लगाया और पत्नी के प्रेमी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 497 (व्यभिचार) के तहत मुकदमा दर्ज कराया। पति ने दावा किया कि उसकी पत्नी और आरोपी लखनऊ में एक होटल में 'पति-पत्नी' की तरह रुके और बिना उसकी अनुमति के संबंध बनाए। पर पत्नी ने दो टूक कहा अगर दिक्कत है, तो रिश्ता खत्म कर दो हालांकि मजिस्ट्रेट ने पहले ही आरोपी को बरी कर दिया था, लेकिन पति ने इस फैसले को सेशन कोर्ट में चुनौती दी, जिसने आरोपी को फिर से समन जारी किया। मामला आखिरकार हाई कोर्ट में पहुंचा। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने अपने फैसले में न केवल कानूनी पक्ष पर विचार किया, बल्कि एक गहरी सामाजिक व्याख्या भी पेश की। उन्होंने फैसले में लिखा महिला को पति की सम्पत्ति मानने की सोच ने इतिहास को रक्तरंजित कर दिया है। महाभारत इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां युधिष्ठिर ने द्रौपदी को जुए में दांव पर लगा दिया और बाकी भाई मूकदर्शक बने रहे। द्रौपदी की पीड़ा, उसका अपमान और उसका मौन आज भी हमें झकझोरता है। अदालत ने साफ कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बनाम भारत सरकार मामले में धारा 497 को असंवैधानिक करार देते हुए यह स्पष्ट कर दिया था कि महिलाएं अपनी इच्छा और स्वतंत्रता की मालिक हैं, न कि पति की सम्पत्ति। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि यह मान लेना कि एक ही होटल के कमरे में रात बिताने का मतलब शारीरिक संबंध ही है, कानून का सरलीकरण और महिला की स्वतंत्रता का अपमान है।

**कानूनी और सामाजिक क्रांति की दस्तक**

कोर्ट ने याद दिलाया कि जो सोच द्रौपदी को मौन कर गई, वही सोच आज भी कई महिलाओं को न्याय से वंचित करती है। जस्टिस नीना बंसल ने कहा कि इतिहास की त्रासदियों को दोहराने के लिए नहीं, सुधारने के लिए सिखाई जाती हैं।

## अब अजनाला थाने में धमाका: हैपी पासिया के साथी जीवन फौजी ने ली जिम्मेदारी, पुलिस ने किया इनकार

अमृतसर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बब्बर खालसा के आतंकवादी हैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद उसके साथियों की ओर से अजनाला थाने के पास ग्रेनेड हमला किया गया है। इसकी जिम्मेदारी हैप्पी पासिया के साथी जीवन फौजी ने इंटरनेट पर एक पोस्ट डालकर ली है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस किसी भी तरह के धमाके से इनकार कर रही है। अजनाला थाने में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे धमाका हुआ। इसके बाद जीवन फौजी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी जिम्मेदारी ली। जीवन फौजी ने लिखा है कि थाने में जो धमाका हुआ है वह उसी ने करवाया है। उसने कहा कि बिना कारण उनके साथियों को जेल से लाकर अवैध दस्तावेज बनाए जा रहे हैं और उसके बाद उनके परिवारों को तंग किया जा रहा है।

# क्या अमृतपाल सिंह के ऊपर से हटेगा एनएसए?

## पंजाब पुलिस डिब्रूगढ़ जेल के लिए हुई रवाना



चंडीगढ़, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) 22 अप्रैल को खत्म हो सकता है। पंजाब पुलिस की टीम अमृतपाल को लेने असम निकल चुकी है। 2023 में अजनाला थाने पर हमले के मामले में वो असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। जेल में रहते हुए अमृतपाल ने 2024 के लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से निर्दलीय जीत दर्ज की थी। पिछले महीने 21 मार्च को अमृतपाल के सात सहयोगियों को डिब्रूगढ़ से पंजाब लाया गया था। हाल ही में अमृतपाल के सहयोगी पपलप्रीत के ऊपर से एनएसए हटाया जा चुका है। अब देखना है कब तक पुलिस अमृतपाल को असम से पंजाब लेकर पहुंचेगी। इसके बाद अजनाला कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**किस मामले में बंद है अमृतपाल?**

23 फरवरी 2023 को लगभग 150-200 लोगों ने अजनाला पुलिस स्टेशन हमला किया था। हमले का उद्देश्य थाने में बंद अपने एक सहयोगी को छुड़ाना था। भीड़ की अगुवाई अमृतपाल सिंह ने की थी। इस हमले में छह पुलिसकर्मी घायल हुए थे, जिसके बाद पुलिस ने अमृतपाल और उसके कई सहयोगियों को हिरासत में लिया था और उनके ऊपर एनएसए लगाया। कानूनी कार्रवाई के बाद सभी को असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में भेज दिया था। तभी से अमृतपाल असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

**अमृतपाल को लेने असम रवाना हुई पंजाब पुलिस**

22 अप्रैल को अमृतपाल पर लगे एनएसए की अवधि खत्म हो जाएगी, जिसके चलते अमृतसर पंजाब की टीम डिब्रूगढ़ के लिए हुए रवाना हो गई है। अमृतपाल को पंजाब लाया जाएगा। इसके बाद उसे अजनाला कोर्ट में पेश किया जाएगा। कुछ दिन पहले साथी पपलप्रीत पर लगे एनएसए को खत्म कर दिया गया। उसे अजनाला कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया था। अमृतपाल के सभी साथियों के ऊपर से पहले ही एनएसए हटाया जा चुका है। अब देखना होगा कि एनएसए अमृतपाल के ऊपर से हटता है या बरकरार रहता है।

**सीएम उम्मीदवार बना अमृतपाल**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अकाली दल (वारिस पंजाब दे) ने रविवार अमृतपाल को अगला सीएम उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। तलवंडी साबो में आयोजित वैसाखी कॉन्फ्रेंस के दौरान पार्टी ने यह घोषणा की। रिपोर्ट के अनुसार, फरीदकोट सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अगले डेढ़ साल तक अमृतपाल सिंह का प्रचार करने की अपील की है।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 22 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.6 2082 शनिवार, 19 अप्रैल-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## भारतीय छात्रों का वीजा रद्द करने पर कांग्रेस हमलवार

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में भारतीय छात्रों का वीजा रद्द किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने पूछा है कि क्या विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री के सामने उठाएंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर अमेरिकी आव्रजन वकीलों के संगठन का बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि यह भारत में हमारे लिए चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा अब तक एकत्र किए गए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के 327 वीजा निरस्तीकरण मामलों में से 50 प्रतिशत भारतीय हैं। निरस्तीकरण का कारण अस्पष्ट है। इसलिए डर और आशंका बढ़ रही है। जयराम रमेश ने कहा कि क्या विदेश मंत्री इस पर ध्यान देंगे और अपने अमेरिकी समकक्ष के समक्ष इस चिंता को उठाएंगे?

# आंध्र में भी एससी आरक्षण में सब-कोटा

### > अध्यादेश जारी, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उठाया कदम <



अमरावती, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश ने गुरुवार को अनुसूचित जातियों (एससी) आरक्षण के भीतर आरक्षण देने के लिए अध्यादेश जारी किया। राज्य में कुल 59 एससी जातियों को 15 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को एससी और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) कोटे में कोटा देने की अनुमति दी थी। आंध्र प्रदेश के अध्यादेश में सरकारी नौकरी और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए एससी जातियों को तीन ग्रुप में बांटा गया है। इसमें चंदाला, पाकी, रेल्ली, डोम जैसी 12 जातियों को 17 आरक्षण के साथ ग्रुप-I, चमार, मादिगा, सिंधोला, मातंगी जैसी जातियों को 6.5 प्रतिशत आरक्षण के साथ ग्रुप-II में और माला, अदि आंध्र, पंचमा जैसी जातियों को 7.5 प्रतिशत आरक्षण के साथ ग्रुप-III में रखा गया है।

आंध्र प्रदेश सरकार ने पिछले साल दिसंबर में रिटायर्ट आईएएस राजीव रंजन मिश्रा को एससी कोटे में कोटा देने के लिए एक सदस्यीय आयोग के रूप में नियुक्त किया। आयोग ने 2011 की जनगणना के आधार पर रिपोर्ट दी थी, जिसे केंद्र को भेजा गया था।

**तेलंगाना ने ओबीसी को 42 प्रतिशत आरक्षण का ऐलान किया था :**

तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने 17 मार्च, 2025 को राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करने का ऐलान किया था। अगर यह लागू हो जाता है, तो राज्य में आरक्षण की सीमा 62 प्रतिशत हो जाएगी। यह सुप्रीम कोर्ट से तय 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा से ज्यादा होगी। तेलंगाना सीएम ने विधानसभा में कहा था- हम ओबीसी आरक्षण को 42 प्रतियत बढ़ाने के लिए जरूरी कानूनी मदद भी लेंगे। हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक पिछड़े वर्ग के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण हासिल नहीं हो जाता।

### तेलंगाना और हरियाणा पहले ही लागू कर चुके हैं कोटे में कोटा

इससे पहले तेलंगाना और हरियाणा सरकार एससी कोटे में कोटा लागू कर चुकी है। तेलंगाना ने 14 अप्रैल को आदेश जारी कर एससी जातियों को तीन ग्रुप में बांटा है। इसके लिए राज्य सरकार ने अक्टूबर, 2024 में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज शमीम अख्तर की अध्यक्षता में एक कमीशन बनाया था।

वहीं, हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने पहली कैबिनेट मीटिंग में एससी और एसटी कोटे में कोटा देने का फैसला किया था। राज्य में एससी के लिए 15 प्रतिशत और एसटी के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण है।

## पूर्व सीएम जगन के 27.5 करोड़ के शेयर जब्त

### > डालमिया सीमेंट की 793 करोड़ की जमीन भी अटैच
### > मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की कार्रवाई



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी की 27.5 करोड़ रुपये के शेयर अस्थायी रूप से जब्त किए हैं। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के 14 साल पुराने मामले में की गई है। जिसमें 'क्विड प्रो क्वो' (कुछ पाने के बदले कुछ देना) निवेश होने के आरोप हैं। ईडी की हैदराबाद टीम ने जगन की तीन कंपनियों- कार्मेल एशिया होल्डिंग्स, सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और हर्षा फर्म में निवेश को जब्त किया है। इसके अलावा डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) की करीब 377.2 करोड़ रुपये की जमीन भी जब्त की गई है। डीसीबीएल के मुताबिक, यह जमीन 793.3 करोड़ रुपये की है। यह मामला 2011 में सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए केस से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि डीसीबीएल ने रघुराम सीमेंट्स लिमिटेड (जगन रेड्डी से जुड़ी कंपनी) में 95 करोड़ रुपये निवेश किए थे। इसके बदले में जगन ने अपने पिता, तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के प्रभाव का इस्तेमाल कर डीसीबीएल को आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में 407 हेक्टेयर की खनन लीज दिलाई थी। सीबीआई ने 2013 में जगन, डीसीबीएल और अन्य के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में चार्जशीट दाखिल की थी। आरोप यह भी है कि जगन, उनके ऑडिटर और पूर्व सांसद वी विजय साई रेड्डी और डीसीबीएल के पुनीत डालमिया ने मिलकर रघुराम सीमेंट के शेयर एक फ्रेंच कंपनी पीएआरएफआईसीआईएम को 135 करोड़ में बेचे थे। इसमें से 55 करोड़ रुपये जगन को हवाला के जरिए नकद में दिए गए थे, जो मई 2010 से जून 2011 के बीच दिल्ली में इनकम टैक्स विभाग की रेड में मिले दस्तावेजों से सामने आए।

## अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान दें

### > बांग्लादेश की टिप्पणी से नाराज भारत की दो टूक



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की हिंसा पर टिप्पणी करने वाले बांग्लादेश को भारत ने खरी-खरी सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के बयान का संज्ञान लिया और कहा कि पड़ोसी देश को अपने देश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। बांग्लादेश की टिप्पणी से बिफरे भारत ने दो टूक लहजे में कहा, हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। ऐसी टिप्पणी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं का समाधान करने की जगह, हिंसा की घटनाओं के साथ समानता दिखाने का छिपा हुआ और धूर्त प्रयास है।

**अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान दे बांग्लादेश :**

भारत ने बांग्लादेश को आइना दिखाया और कहा, वहां हिंसा जैसे कृत्यों में संलिप्त अपराधी खुलेआम घूमते रहते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पड़ोसी देश को भारत के मामलों में अनुचित टिप्पणी करने और खुद को अच्छा बताने के बजाय, बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत और बांग्लादेश संबंधों से जुड़े एक सवाल पर कहा था कि, भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की उम्मीद करता है। हम एक लोकतांत्रिक, समावेशी बांग्लादेश के पक्ष में हैं। बता दें कि तल्ख होते रिश्तों के कारण पिछले सप्ताह भारत ने बांग्लादेश को मध्य पूर्व, यूरोप और अन्य देशों के लिए अपने बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से दी जाने वाली ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस लेने की घोषणा की थी।

बता दें कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया और मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने एक बयान में कहा था कि भारत और पश्चिम बंगाल की सरकार को 'अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की पूर्ण सुरक्षा' के लिए सभी जरूरी कदम उठाने चाहिए। आलम ने कहा कि वे मुसलमानों पर हमले की निंदा करते हैं, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ है।

## 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

### * हिमाचल में 60-80 किमी की रफ्तार से हवा चली
### * पेड़ उखड़े, बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 के पार

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी-बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यों में गुरुवार को भारी बारिश और बिजली-आंधी देखने को मिला। यूपी में बीते 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली-आंधी से अयोध्या में 6, बाराबंकी में 5, अमेठी और बस्ती में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। आज यूपी के 37 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में 2 और पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने लगातार दूसरे दिन 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इधर, राजस्थान के 9 जिलों में आज लू और धूलभरी आंधी की चेतावनी है।

बीते दिन बीकानेर और बाड़मेर में पारा 45.1 और 45 डिग्री सेल्सियस रहा। हालांकि, 24 घंटे बाद तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया।

## जेपीसी अध्यक्ष बोले-वक्फ विधेयक असंवैधानिक हुई तो इस्तीफा दे दूंगा

### > 5 याचिकाओं पर 5 मई को सुनवाई

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ विधेयक के असंवैधानिक होने के सवाल पर भाजपा नेता और जाइंट पार्लियामेंट कमेटी (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा था कि-अगर समिति की रिपोर्ट कानूनी रूप से गलत पाई जाती है तो मैं अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा।

उन्होंने विपक्ष के धार्मिक भेदभाव फैलाने के दावों और वक्फ संपत्तियों और बोर्ड की सदस्यता के बारे में चिंताओं को नकारते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक निकाय नहीं है, बल्कि एक कार्यकारी निकाय है, एक वैधानिक निकाय है जो सिर्फ संपत्तियों की देखभाल करता है।

वहीं, गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं को लेकर एक अहम निर्देश जारी किया। कोर्ट ने कहा है कि अब इस मामले में सिर्फ 5 याचिकाओं पर ही सुनवाई की जाएगी, जबकि बाकी करीब 65 याचिकाओं को हस्तक्षेप या पक्षकार याचिकाओं के रूप में जोड़ा जाएगा। कोर्ट ने यह फैसला अदालत में ज्यादा भीड़ और कार्यवाही के दौरान होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए लिया है। कोर्ट ने यह भी बताया कि जिन 5 याचिकाओं पर सुनवाई होगी, उन्हें खुद याचिकाकर्ताओं ने आपसी सहमति से नामित किया है, ताकि सभी की बात सामने रखी जा सके और सुनवाई व्यवस्थित ढंग से हो। इन 5 याचिकाओं में हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका भी शामिल है। वहीं, कोर्ट ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5 दिन में जवाब देना होगा।

## 'ऐसी हिंसा कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

### > मुर्शिदाबाद हिंसा पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस सख्त



मालदा (पश्चिम बंगाल), 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में हिंसा से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रभावित हुई हैं। पीड़ित लोगों से मुलाकात करने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में जाने से पहले प्रदेश के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने घटनाओं को 'मौत का नाच' बताया।

उन्होंने कहा कि हिंसा का रास्ता अपनाने वाली मानसिकता को जड़ से खत्म किए जाने की जरूरत है। बोस ने कहा, बंगाल में अलग-अलग जगहों से हिंसा की भयावह खबरें आ रही हैं। हमें हिंसा के पंथ को ताबूत में बंद कर ताबूत में आखिरी कील भी ठोकनी होगी। बंगाल में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए यह बेहद जरूरी है।

**किसी भी कीमत पर हिंसा के खिलाफ लड़ाई :**

राज्यपाल बोस ने कहा, मुर्शिदाबाद और मालदा जैसी घटनाएं कभी नहीं होनी चाहिए। बंगाल की सड़कों पर कई जगहों पर मौत का तांडव चल रहा है- इस तरह की हिंसा को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करने और लोगों की भावनाओं को जानने के बाद उनके पास एक कार्ययोजना होगी, जिस पर मिशन मोड में काम किया जाएगा। किसी भी कीमत पर हिंसा के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी।

**हिंसा प्रभावित इलाकों में राज्यपाल का दौरा :**

गौरतलब है कि संसद से पारित हुए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान बंगाल में कई जगहों पर हिंसा हुई। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में जानकारी लेने के लिए राज्यपाल मालदा जा रहे हैं। सर्किट हाउस पहुंचने के बाद राज्यपाल हिंसा से प्रभावित जगहों के साथ-साथ मुर्शिदाबाद का भी दौरा करेंगे।

**हाईकोर्ट के आदेश पर केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती :**

हिंसा पीड़ित कई परिवार झारखंड के पाकुड़ जिले में चले गए हैं। कई परिवारों ने मालदा में स्थापित राहत शिविरों में शरण ली है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्रीय बलों को तैनात करने का आदेश दिया था।

कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ समय के लिए केंद्रीय सुरक्षा बल मुर्शिदाबाद में तैनात रहेंगे। अदालत पीड़ितों के पुनर्वास की निगरानी भी करेगी। मामले में जारी राजनीतिक बयानबाजी को लेकर भी कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। अदालत ने विपक्षी दल- भाजपा, सत्तारूढ़-तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और अन्य दलों के नेताओं को भड़काऊ और तनाव बढ़ाने वाले भाषण न देने का भी आदेश दिया है।

## चुनाव आयोग एआई के इस्तेमाल पर गाइडलाइन बना रहा

### बिहार विधानसभा चुनाव में झलक दिखेगी

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव प्रचार के लिए कंटेंट तैयार करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। इसे देखते हुए चुनाव आयोग इसके दुरूपयोग पर रोक लगाने और बेहतर इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गाइडलाइंस बना रहा है। इसकी झलक बिहार विधानसभा चुनाव में दिख सकती है।

सूत्रों ने बताया कि राजनीतिक दलों, मीडिया और सोशल मीडिया के लिए जनरेटिव एआई संबंधी कंटेंट के बारे में बताना होगा। प्रचार में एआई के इस्तेमाल के नियम और तरीके साफ किए जाएंगे। फेक और डीपफेक प्रचार वीडियो और ऑडियो के बारे में भी दिशा-निर्देश बनाए जा रहे हैं। इसका मकसद है कि एआई कंटेंट का इस्तेमाल करके मतदाताओं को भ्रमित या उनकी पसंद को गलत तरीके से प्रभावित न किया जा सके। साथ ही यह यह करने की कोशिश की जाएगी कि मतदाताओं की निजता या चुनाव की निष्पक्षता पर आंच न आए।

**लोकसभा चुनाव में 5 करोड़ से ज्यादा रोबोट कॉल हुईं :**

आयोग का यह कदम ग्लोबल इलेक्शन ट्रैकिंग की एआई पर रिपोर्ट को देखते हुए अहम है। इससे पता चला है कि 2024 लोकसभा चुनाव में एआई का इस्तेमाल अमेरिकी चुनाव से 10 प्रतिशत और ब्रिटिश चुनाव से 30 प्रतिशत ज्यादा है।

## कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार : राहुल



बेंगलूरू, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को 'रोहित वेमुला एक्ट' नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ. बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

**डॉ. आंबेडकर के साथ कैसा भेदभाव हुआ :**

बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ. आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था। बकौल राहुल गांधी, आंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था। भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है। 16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है। राहुल ने लिखा कि वे कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हैं, ताकि किसी भी बच्चे को वैसे दंश न झेलने पड़ें जो डॉ. बीआर अंबेडकर, रोहित वेमुला और लाखों अन्य लोगों को सहने पड़े। उन्होंने एक्स पर अपना पत्र साझा किया और लिखा, हाल ही में वे संसद में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के छात्रों और शिक्षकों से मिला।

## श्रीमद्भगवद्गीता-नाट्यशास्त्र यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल

### मोदी बोले-यह गर्व का क्षण

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को ऐतिहासिक मान्यता देते हुए, श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- यह वैश्विक सम्मान भारत के शाश्वत ज्ञान और कलात्मक प्रतिभा का जश्न है। ये कालातीत रचनाएं साहित्यिक खजाने से कहीं अधिक हैं।

ये दार्शनिक आधार हैं जिन्होंने हमारे सोचने, महसूस करने, जीने और अभिव्यक्त करने के तरीके को बेहतर बनाया है। 18 अप्रैल यानी वर्ल्ड हेरिटेज डे के दिन इसे शामिल किया गया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए इसे दुनिया भर में हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा- यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना हमारे शाश्वत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।

**1992 में शुरू हुआ था मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर :**

इसके साथ ही, अब हमारे देश के 14 अभिलेख इस यूनेस्को के रजिस्टर में शामिल हो गए हैं। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर एक अंतर्राष्ट्रीय पहल है, जिसे यूनेस्को (यूनेस्को) ने 1992 में शुरू किया था। इसका उद्देश्य विश्व के महत्वपूर्ण दस्तावेजी विरासतों को पहचान देना, उसे संरक्षित करना और लोगों की पहुंच में लाना है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय रजिस्टर है जिसमें विश्वभर के ऐतिहासिक दस्तावेज, पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तकें, चित्र, फिल्में, ऑडियो रिकॉर्डिंग, आदि को शामिल किया जाता है, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक या सामाजिक महत्व होता है।

## यौन शोषण का आरोपी जेएनयू प्रोफेसर बर्खास्त

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने यौन शोषण के गंभीर आरोपों के चलते अपने एक सीनियर प्रोफेसर को बर्खास्त कर दिया है। यह घटना कुछ महीनों पहले विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान घटी थी, जिसमें जापानी दूतावास की महिला अधिकारी के साथ छेड़छाड़ हुई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़ित महिला ने जापान लौटने के बाद शिकायत दर्ज कराई थी, जो भारतीय दूतावास और विदेश मंत्रालय की तरफ से विश्वविद्यालय पहुंची थी। जेएनयू की इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी (आईसीसी) ने जांच के बाद आरोपों को सही पाया और फिर विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने प्रोफेसर की सेवाएं सभी लाभों सहित समाप्त करने की सिफारिश की। प्रोफेसर पर यह पहला मामला नहीं था। विश्वविद्यालय ने बताया कि आरोपी प्रोफेसर पर पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी थीं। हालांकि, आरोपी प्रोफेसर को अपील का अधिकार है।



# सपा सांसद रामजी लाल की अर्जी पर सुनवाई टली

## गलत कोर्ट में याचिका सूचीबद्ध होने से टली सुनवाई



प्रयागराज, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। करणी सेना से विवाद के बाद सुरक्षा की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे सपा सांसद रामजी लाल सुमन की याचिका पर सुनवाई टल गई है। गलत कोर्ट में मामला सूची बद्ध होने के कारण सुनवाई टल गई है। सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन और उनके बेटे पूर्व विधायक रणधीर सुमन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। साथ ही उन्होंने आवास पर करणी सेना के कथित हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। राज्यसभा में बहस के दौरान सांसद रामजी लाल सुमन की ओर से राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान से नाराज करणी सेना ने उनके आगरा स्थित आवास के बाहर हिंसक प्रदर्शन किया था। इसके बाद सांसद रामजी लाल सुमन के बेटे व पूर्व विधायक रणधीर सुमन ने मामले में आगरा के हरि पर्वत थाने में अज्ञात भीड़ के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया गया कि करणी सेना एवं अन्य राजपूत संगठनों ने रामजी लाल सुमन से माफी मांगने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न होन पर वह हाईकोर्ट पहुंचे हैं।

# नीतीश कुमार ने किया 'महिला संवाद कार्यक्रम' का शुभारंभ

## चुनाव से पहले सीएम का बड़ा राजनीतिक दांव



पटना, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार (18 अप्रैल) को 'महिला संवाद कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। बिहार के ग्रामीण विकास विभाग का यह कार्यक्रम है। 40 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर 'महिला संवाद कार्यक्रम' अहम माना जा रहा है। पूरे बिहार में यह कार्यक्रम लगभग दो महीने तक चलेगा। इस दौरान हर जिले में सरकार की ओर से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बताया जाएगा कि सरकार उनके लिए क्या-क्या योजनाएं चला रही हैं। महिलाओं को कितना लाभ हो रहा योजनाओं का इसका फीडबैक भी लिया जाएगा। सूबे में दो महीने तक 70 हजार जगहों पर 'महिला संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जगहों का चयन कर लिया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह और शाम में किया जाएगा। नीतीश सरकार की कोशिश है कि 'महिला संवाद कार्यक्रम' के जरिए करीब दो करोड़ महिलाओं तक पहुंच बनाई जाए। इस कार्यक्रम में सबसे अधिक जीविका दीदियां भाग लेंगी। सरकार का उद्देश्य इस कार्यक्रम के जरिए महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

### बिहार में करीब 48 फीसद महिला वोटर

इस कार्यक्रम के तहत शराबबंदी, दहेज उन्मूलन, बाल विवाह निषेध, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रा पोशाक योजना, जीविका जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। वैसे यह कार्यक्रम चुनाव के मद्देनजर महिला वोटरों को साधने के नजरिए से भी देखा जा रहा है। बिहार में करीब 48 फीसद महिला वोटर हैं। बता दें कि महिलाएं सीएम नीतीश कुमार की कोर वोटर मानी जाती हैं। बिहार में शराबबंदी के बाद से नीतीश कुमार महिलाओं की पसंद बन चुके हैं। इतना ही नहीं नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं को भी शुरू किया है। ऐसे में महिला वोटरों का फायदा नीतीश कुमार को मिलता रहा है।

# वाराणसी में पकड़े गए दुर्लभ कछुए

## ट्रेन की बोगी में 6 बैग में भरे मिले, 60 कछुए की 12 लाख रुपए से अधिक कीमत



वाराणसी, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। वाराणसी की कैंट रेलवे स्टेशन की जीआरपी और आरपीएफ के सघन तलाशी अभियान में ट्रेन संख्या 13010 देहरादून-हावड़ा की एक बोगी में प्रतिबंधित कछुआ मिला है। 2 पिट्ठू बैग और झोले में बंद 60 प्रतिबंधित कछुए पुलिस ने बरामद किए हैं। इन बैग को लेने के लिए कोई नहीं पहुंचा। फिलहाल जीआरपी पुलिस पकड़े गए कछुओं को वन विभाग की टीम को सौंप दिया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है। इस दौरान कोई अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हुआ है। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया- सीओ जीआरपी कुंवर प्रताप सिंह के दिशा निर्देश के क्रम सर्कुलेटिंग एरिया से लेकर हर प्लेटफार्म तक जीआरपी सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में जीआरपी और आरपीएफ की टीम प्लेटफार्म नंबर 8/9 पे सघन चेकिंग अभियान रहा था। उस समय वहां पर दून एक्सप्रेस आ गई। उसमें सघन तलाशी ली गई। इस दौरान एक बोगी के अंदर 6 बैग और झोले मिला जिसमें प्रतिबंधित कछुआ बरामद किया गया है। कछुए किसके हैं ये बात सामने नहीं आई है। कोतवाली निरीक्षक ने बताया - सभी कछुआ दुर्लभ प्रजाति की है। ऐसे में वन विभाग के निरीक्षक को बुलाया गया है। पुलिस के अनुसार सभी कछुए ज़िंदा हैं। अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# शादी में जा रही बस ट्रक से टकराई, हादसे में 21 लोग घायल, 4 की हालत गंभीर

अररिया, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अररिया के फारबिसगंज में शुक्रवार (18 अप्रैल) की सुबह शादी समारोह में जा रही बस की ट्रक से टक्कर हो गई। घटना रामपुर उत्तर पंचायत अंतर्गत एनएच-27 फोरलेन की है। इस सड़क हादसे में बस में सवार 21 लोग घायल हो गए। इनमें से चार की हालत गंभीर है जिन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। बताया जाता है कि बस अंबेडकरनगर (यूपी) के टांडा से पूर्णिया जा रही थी। पूर्णिया में ही शादी होनी थी। बस में वधू पक्ष के लोग सवार थे। दुल्हन कुमारी शिल्पा भी बस में थी। उसकी शादी पूर्णिया के मधुबनी निवासी डॉ। गौरव कुमार से तय थी। शादी एक होटल में होनी थी। शादी स्थल से हादसा 70 किलोमीटर पहले हुआ है। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# धरी रह गई सारी होशियारी! कोर्ट को ऐसे बेवकूफ बना रहा था शख्स

प्रयागराज, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गलत तथ्यों के साथ एक ही मामले पर दो बार याचिका करने वाले याची रवीन्द्र कुमार सिंह को कोर्ट ने जमकर फटकार लगाई है। इसके साथ ही चेतावनी देते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी जौनपुर को चार हफ्ते में हर्जाना वसूल कर कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा याची ने गलत बयानी कर कपट किया है। कोई ऐक्शन लेने के बजाय हर्जाने के साथ याचिका खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की एकलपीठ ने रवीन्द्र कुमार सिंह की याचिका विपक्षी अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह की संपत्ति पर खारिज करते हुए दिया है। याचिका में गांव सभा की जमीन का घोटाला करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने, पांच सदस्यीय जांच कमेटी को बहाल कर रिपोर्ट मंगाने एवं विपक्षियों को अनुचित तौर पर आवंटित राशि की वसूली करने की मांग की गई थी। विपक्षी अधिवक्ता ने कहा इससे पहले भी याचिका दायर की थी। कोर्ट ने जब याची की सत्यता पर हलफनामा मांगा तो याचिका वापस ले ली गई और उन्हीं तथ्यों को लेकर दोबारा याचिका दायर की। दोनों बार गलत तथ्यों को लेकर याचिका दायर की गई। जिसे कोर्ट ने कपट माना और हर्जाना लगाया है। नियम के अनुसार एक ही मामले में दो बार याचिका दायर नहीं की जा सकती है। इसमें कुछ अगर नए तथ्य होते है तो ऐसा किया जा सकता है। अगर उन्हीं तथ्यों के साथ दोबारा याचिका पेश होती है तो ये कोर्ट का अपमान माना जाता है। न तो एक ही मामले में दो बार एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है और न ही याचिका दायर हो सकती है।

# इलाहाबाद एचसी ने सपा नेता आजम खान के खिलाफ सड़क जाम मामले में ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड समन किया



रामपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान को विशेष अदालत से मिली दो साल की कैद की सजा के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल रिवीजन पर ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड समन किया है। यह आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने दिया है। मुरादाबाद के छजलैट थाने के सामने साल 2008 में सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम ने समर्थकों के साथ जाम लगाया था। कोर्ट ने पिता और बेटे दोनों को दो-दो साल की कैद की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ अपील दाखिल की गई थी, जिसे एमपी एमएलए कोर्ट ने खारिज करते हुए सजा बरकरार रखी। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। वहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान की ओर से सड़क जाम करने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट की ओर से सुनाई गई दो साल की सजा के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल रिवीजन पर ट्रायल कोर्ट से रिकॉर्ड समन किया है।

### आजम खान को मिली बड़ी राहत

इसी के साथ जहां एक तरफ सड़क जाम मामले में कोर्ट ने रिकॉर्ड समन किया है। वहीं, दूसरी तरफ आजम खान को बड़ी राहत भी मिली है। आजम खान की तरफ से चार मामलों में कोर्ट में बेल एप्लीकेशन लगाई गई थी। इसमें कोर्ट ने तीन मामलों में सपा नेता को रेगुलर बेल दे दी है तो वहीं एक मामले में कोर्ट ने बेल की अर्जी को खारिज कर दिया है। जिन मामलों में आजम खान को रेगुलर बेल मिली है, उनमें दो मामले हेट स्पीच और एक मामला शत्रु संपत्ति का है। आजम खान के वकील जुबेर अहमद खान ने बताया कि तीन बेल स्पेशल जज एमपी एमएलए ने अलग कर दी है। एक बेल रिजेक्ट कर दी है। अभी आजम खान की क्रिमिनल अपील हाई कोर्ट में पेंडिंग है और एक बेल आज रिजेक्ट हुई है।

# रामपुर में मूकबधिर किशोरी के साथ दरिंदगी और क्रूरता की हदें पार

रामपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के सैफनी में हैवानियत की हदें पार करने का मामला सामने आया है। सैफनी थाना इलाके के एक गांव से मंगलवार शाम लापता हुई मूकबधिर किशोरी बुधवार सुबह खेत में बेसुध पड़ी मिली। किशोरी के शरीर पर कम कपड़े थे और माथे पर गहरी चोट थी। उसके निजी अंगों से भी रक्तस्राव हो रहा था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे मुरादाबाद के अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों का गठन किया है। क्षेत्र के एक गांव में दरिंदगी का शिकार हुई मूक बधिर व मानसिक रूप से कमजोर बिटिया अब भी बेहोश है।

# आरजेडी को बड़ा झटका, पूर्व सांसद पीतांबर पासवान की बहू बीजेपी में शामिल



पटना, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों से जुड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी कड़ी में आरजेडी को बड़ा झटका लगा है। आरजेडी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पीतांबर पासवान की बहू प्रीति राज सोनी ने (18 अप्रैल) को बीजेपी का दामन थाम लिया। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। पटना स्थित बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रीति राज का स्वागत किया। दिलीप जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद स्व। पीतांबर पासवान जी की पुत्रवधू श्रीमती प्रीति राज सोनी जी को आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई और उनका भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी सदैव जनता के कल्याण और राष्ट्र के विकास को समर्पित रही है। भाजपा परिवार से जुड़कर आप भी राष्ट्र एवं बिहार के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगी, यही आशा है। जिस तरह से कुछ महीने में बिहार में विधानसभा का चुनाव है तो आने वाले वक्त में प्रीति राज को बीजेपी की ओर से कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है या नहीं यह भी देखने वाली बात होगी। 2025 में विधानसभा चुनाव है तो प्रीति राज के पास भी पार्टी के हित में कुछ बेहतर करने का मौका है।

### विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का भी खेल शुरू

बता दें कि इसी साल (2025) बिहार में विधानसभा का चुनाव है। ऐसे में ना सिर्फ नए लोग पार्टियों से जुड़ रहे हैं बल्कि दल-बदल का भी खेल शुरू है। अभी हाल ही में आरजेडी में रह चुके वृषिण पटेल जन सुराज पार्टी से जुड़े हैं। लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने इस्तीफा दिया था। वे नीतीश कुमार और मांझी की पार्टी में भी रह चुके हैं।

# यूपी में कांग्रेस की उम्मीदों को झटका

## दो गुटों में बंटी नजर आई कांग्रेस पार्टी

मुरादाबाद, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। केन्द्रीय एजेंसी ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड केस में पार्टी नेता सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद देश भर में कांग्रेस नेता ईडी और भाजपा सरकार के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन मुरादाबाद में कांग्रेस दो गुटों में बंटी हुई नज़र आ रही है। पार्टी हाईकमान ने पिछले महीने 20 मार्च को मुरादाबाद के जिला और महानगर अध्यक्षों की घोषणा की थी लेकिन दोनों के बीच गुटबाजी खुलकर सामने उस वक़्त आई जब महानगर अध्यक्ष जुनैद कुरैशी और जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने अपने अपने समर्थकों के साथ अलग अलग ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर ने अपने समर्थकों के साथ मुख्य डाकघर के सामने प्रदर्शन किया तो महानगर अध्यक्ष जुनैद कुरैशी ने कलेक्ट्रेट पर अपने समर्थकों के साथ ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# 'मुसलमान अकबर-औरंगजेब को आदर्श नहीं मानता', सपा विधायक कमाल अख्तर का बड़ा बयान

अमरोहा, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक कमाल अख्तर ने औरंगजेब और अकबर को लेकर बड़ा बयान दिया है। कांठ सपा विधायक कमाल अख्तर ने एक कार्यक्रम में कहा कि इस देश का मुसलमान अल्लाह और हुजूर के बताए रास्ते पर चलने वाला है। वो किसी अकबर या औरंगजेब को आदर्श नहीं मानता, वो राजा महाराज थे। रहे होंगे अपने जमाने में। तीन सौ चार सौ साल पहले क्या किया। कमाल अख्तर ने कहा कि इस देश का एक भी मुसलमान जो इतिहास में पढ़ता है वो बोलता है। उनको आदर्श कोई नहीं मानता। इसके अलावा कमाल अख्तर ने मंच से भाजपा को लेकर कहा कि जब नौकरी की बात आती हैं तो ये लोग हुमायूं और बाबर को याद करने लगते हैं। मैं बताना चाहता हूं ये देश हुजूर के बताए रास्ते पर चलता है। हुमायूं, बाबर, अकबर औरंगजेब ये राजा थे।

# अस्पताल को हाईकोर्ट की फटकार.. टेंडर में गड़बड़ी का मामला, जज बोले- नहीं रद्द होगा मुकदमा

वाराणसी, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदरलाल अस्पताल के एक टेंडर मामले में दर्ज मुकदमे को रद्द करने से इन्कार कर दिया है।

कोर्ट ने मुकदमे को रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग संबंधी याचिका खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने मनोज कुमार शाह की याचिका पर दिया।

# बेटी की शादी का कार्ड बांट प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

बेतिया, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बेतिया में बदमाशों ने सुबह-सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर को गोली मार दी। आज (शुक्रवार) सुबह करीब 9 बजे के आसपास की घटना है। गोली लगने के बाद गंभीर हालत में प्रॉपर्टी डीलर सुरेश यादव का इलाज चल रहा है। यह घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। प्रॉपर्टी डीलर सुरेश यादव बरवत पसुराइन गांव के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि सुरेश यादव अपनी पुत्री की शादी का कार्ड बांटने के लिए निकले थे। सुरेश यादव के मोबाइल पर किसी का फोन आया और उन्हें बुलाया गया कि जमीन बेचना है। आकर देख लीजिए। जैसे ही प्रॉपर्टी डीलर सुरेश यादव पहुंचे तभी वृद्धा आश्रम रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाते हुए तीन गोली मार दी। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत जीएमसीएच लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से पुलिस ने खोखे भी बरामद किए हैं।

# अनुज चौधरी के विवादित बयानों के खिलाफ शिकायत पर डीजीपी ने दी क्लीन चिट



संभल, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने संभल में तैनात सीओ अनुज चौधरी के विवादित बयानों के खिलाफ शिकायत पर फैसला दे दिया है। सीओ सँभल अनुज चौधरी को क्लीन चिट मिल गई है। सीओ अनुज चौधरी के होली और अलविदा जुमा और ईद की सींवाईयो वाले बयान को पुलिस ने गलत नहीं माना। पूर्व आईपीएस और आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी के डीजीपी से की सीओ अनुज की शिकायत की थी। उन पर सेवा नियमावलियों और वर्दी नियमावालियों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। अमिताभ ठाकुर ने जो आरोप लगाए थे उसमें बिना अधिकारिकता के बयानबाजी करने, पुलिसिंग तथा अपने कार्यों को जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देने, सेवा नियमावलियों से इतर कार्य कर माहौल को तनावग्रस्त करने तथा वर्ग विशेष में असुरक्षा की भावना उत्पन्न करने जैसे आरोप शामिल हैं।

### अनुज चौधरी ने क्या बयान दिया था?

अपने बयान में अनुज चौधरी ने कहा कि उनकी बातों से किसी भी धर्म विशेष की भावनाएं आहत नहीं हुई थी, मात्र कुछ व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से उसे गलत तरीके से तोड़ मरोड़ कर प्रसारित किया गया। उनकी इन बातों को दो स्थानीय लोगों ने भी सत्यापित किया है। जांच रिपोर्ट में संभल सीओ अनुज चौधरी, जितेंद्र वर्मा, मो। यासीन के भी बयान दर्ज किए गए हैं। जिसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि संभल सीओ अनुज चौधरी के बयान गलत नहीं है। जांच के दौरान पुलिस को संभल सीओ के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि आवेदक द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में कोई पुष्टिकारक साक्ष्य प्रकाश में नहीं आए हैं। इस संबंध में आईजी कानून व्यवस्था एलआर कुमार ने गृह विभाग को पत्र लिखकर बताया है कि इस मामले में एसपी लॉ ऑर्डर मनोज कुमार अवस्थी ने जांच की।

जांच में अनुज चौधरी ने कहा कि उन्होंने केवल होली और जुमा की नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पीस कमेटी की बैठक में दोनों समुदाय के लोगों से अपील की थी। उन्होंने होली व जुमा की नमाज के संबंध में कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की थी।

# यूपी में बारिश-बिजली से 13 की मौत

## योगी बोले- चिंता मत करिए, हम आपके साथ



लखनऊ, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी में बेमौसम बारिश कहर बनकर टूटी है। 24 घंटे में 13 लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 6 मौतें अयोध्या में हुई हैं। यहां गुरुवार शाम को तेज आंधी चलने से एक ट्रैक्टर- ट्रॉली पलट गई। इसके नीचे दबकर 3 महिलाओं की मौत हो गई। इसके अलावा, बारिश से दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 3 महिलाओं की जान चली गई। बाराबंकी में टिन शेड और पेड़ गिरने से 6 साल के बच्चे समेत 5 लोगों की मौत हो गई। 6 लोग घायल हुए हैं। अमेठी और बस्ती में बिजली गिरने से 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। गोरखपुर में देर रात बारिश हुई। बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए सीएम योगी ने अफसरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। कहा- चिंता की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ है। अधिकारी फील्ड में उतरें, राहत कार्यों पर नजर रखें। जलभराव की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था कराएं। फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजी जाए, ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके। आज 37 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी यूपी के जिलों में देर रात तक आंधी और बारिश की संभावना है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। ओले भी गिरने की आशंका है। गुरुवार की बात करें तो अयोध्या, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, अमेठी और लखीमपुर समेत 13 शहरों में बारिश हुई। अयोध्या और गोंडा में ओले भी गिरे।

# वाराणसी सामूहिक दुष्कर्म मामले में नया मोड़

वाराणसी, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। सामूहिक दुष्कर्म का चर्चित मामला अब अलग ही मोड़ लेता दिख रहा है। जिस सात दिनों की अवधि में युवती 23 युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगा रही है उस दौरान उसने लगातार अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर पोस्ट डाले हैं, जिसमें वो काफी खुश लग रही है। इस दौरान वो कई सार्वजनिक स्थानों पर रही, लेकिन उसने स्वजन या पुलिस से संपर्क करने की कोशिश नहीं की। जिस कैफे में उसने दुष्कर्म का आरोप लगाया है वहां जाने के बारे में उसने खुद एक आरोपित को मैसेज किया है।

# अतरौली से गुजरी पदयात्रा, हर्षा बोलीं- राममंदिर के लिए कुर्सी छोड़ने वाले नेता को नमन



अलीगढ़, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हर्षा रिछारिया की सनातनी युवा हिंदू जोड़ो पदयात्रा अलीगढ़ के अतरौली से होकर गुजरी। पदयात्रा का स्वागत किया गया। 18 अप्रैल सुबह पदयात्रा अतरौली से नरौरा जाने के लिए रामघाट की ओर रवाना हो गई। हर्षा रिछारिया ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा और हिंदू जगाने का संकल्प लेकर पदयात्रा वृंदावन से 14 अप्रैल को शुरू की थी, जो संभल तक जानी है। पुलिस-प्रशासन जगह-जगह उनकी यात्रा को रोककर बाधा उत्पन्न कर रहा है, जो गलत है। प्रशासन दबाव बना रहा है कि यात्रा नरौरा पर समाप्त हो लेकिन हम संभल तक जाना चाहते हैं। प्रशासन संभल जाने से क्यों मना कर रहा है यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि हिंदूओं को जातियों में नहीं बंटना है। यदि आज बंट गए तो आने वाली पीढ़ी कभी माफ नहीं करेगी। । मैं ईश्वर के बताए मार्ग पर चल रही हूं। हर्षा रिछारिया ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन के प्रणेता रहे कल्याण सिंह की भूमि पर आकर बेहद ही सुखद अनुभूति हुई है। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि राम मंदिर निर्माण के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी त्यागने वाले कल्याण सिंह ने जिस जमीन पर जन्म लिया वहां हमें आने का मौका मिला। जो शिक्षा उन्होंने सिखाई है उसी को लेकर हम आगे लेकर चलें। बाल कवियित्री आरोही तिवारी, सतेंद्र कसेरे, कुलदीप तिवारी, राधेश्याम बंसल, विमल वार्ष्णेय, दुर्गेश वार्ष्णेय, विक्की राजपूत, कृष्णमोहन वार्ष्णेय, रिषभ वार्ष्णेय, गौरव शर्मा, उमेश वार्ष्णेय आदि ने पदयात्रा का स्वागत किया।

सुविचार

अंधे बन कर मत जीयो अपने आस पास की वस्तुओं पर ध्यान दो उससे सीखने का प्रयास करो ।

# पोंगुलेटी ने पार्ट–बी में सूचीबद्ध 7 लाख एकड़ भूमि के समाधान का आश्वासन दिया

## भू-भारती अधिनियम के लिए पायलट प्रॉजेक्ट का शुभारंभ



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व एवं आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि पिछली बीआरएस सरकार द्वारा विवादित पार्ट–बी सूची में अवैध रूप से शामिल की गई 18 लाख एकड़ भूमि में से लगभग छह से सात लाख एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन भूमि विवादों को नए लागू किए गए भू–भारती अधिनियम के माध्यम से हल किया जाएगा। मंत्री ने अपने कैबिनेट सहयोगियों कोंडा सुरेखा और सीतक्का के साथ शुक्रवार को मुलुगु जिले के वेंकटपुर मंडल मुख्यालय में भू–भारती अधिनियम के लिए पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। इसके बाद, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने आदिलाबाद जिले के भोरज मंडल में स्थित पुसाई गांव में भू–भारती अधिनियम के बारे में जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि भू–भारती अधिनियम का उद्देश्य गरीबों के संघर्ष को कम करना है, उन्होंने इंदिराम्मा सरकार के तहत तेलंगाना को भूमि संबंधी मुद्दों से मुक्त राज्य बनाने के सरकार के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इससे पहले, बीआरएस प्रशासन के दौरान, किसानों को अपनी भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व कार्यालयों की यात्रा करनी पड़ती थी। हालांकि, कांग्रेस प्रशासन के तहत, अधिकारी इन समस्याओं को हल करने में उनकी सहायता करने के लिए किसानों से मिलेंगे। मंत्री ने उल्लेख किया कि राज्य सरकार जल्द ही एक टोल–फ्री नंबर के बारे में विवरण प्रदान करेगी जो भूमि संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए व्यक्तियों को राजस्व विभाग और सीसीएलए कार्यालय से जोड़ेगी। पोंगुलेटी ने यह भी घोषणा की कि आदिवासी और गैर–आदिवासी दोनों समुदायों को प्रभावित करने वाले भूमि मुद्दों का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार एक समिति की स्थापना की जाएगी।

## 6.1 लाख रुपये की गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**12.3 किलोग्राम गांजा जब्त**

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने तेलंगाना एंटी–नारकोटिक्स ब्यूरो (टीजीएएनबी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के साथ मिलकर एक अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया और गुरुवार को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर ओडिशा से महाराष्ट्र में गांजा की तस्करी करने के आरोप में एक ड्रग तस्कर को पकड़ लिया। अधिकारियों ने 6.1 लाख रुपये मूल्य का 12.3 किलोग्राम गांजा जब्त किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान समीर बिशोई और फरार व्यक्ति मुन्ना नायक के रूप में हुई है, दोनों ओडिशा के मूल निवासी हैं।

पुलिस ने कहा कि संदिग्ध ने आसानी से पैसा कमाने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी और ओडिशा के मादक पदार्थ विक्रेताओं से गांजा खरीदना शुरू कर दिया तथा उसे महाराष्ट्र ले जाकर उपभोक्ताओं को ऊंचे दामों पर बेच दिया।

महाराष्ट्र में जांच से बचने के लिए वे बरहामपुर रेलवे स्टेशन से दादर की बजाय सिकंदराबाद की ओर जाने वाली कोणार्क एक्सप्रेस में सवार हो गए। उन्होंने ड्रग्स को अपने बैग में छिपा लिया और अपनी सीट के नीचे रख लिया।

सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर समीर को ड्रग्स के साथ पकड़ लिया गया और मुन्ना नायक मौके से फरार हो गया। उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# एमएलसी कविता ने की ग्रुप–1 परीक्षा दोबारा कराने की मांग



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी के कविता ने भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी के बीच ग्रुप–1 परीक्षा को तत्काल रद्द करने और फिर से आयोजित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजित करने में सरकार की लापरवाही ने नौकरी चाहने वालों के बीच व्यापक अशांति पैदा कर दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को लिखे खुले पत्र में कविता ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी लापरवाही के कारण हजारों बेरोजगार युवा निराशा में फंस गए हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित करने में विफल होकर बेरोजगार युवाओं के जीवन से खेल रही है। उन्होंने लिखा कि ग्रुप–1 के नतीजों ने उम्मीदवारों के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया है।

बीआरएस एमएलसी ने कई मुद्दे उठाए– प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के लिए अलग–अलग हॉल–टिकट जारी करने से लेकर, बायोमेट्रिक सत्यापन के बावजूद उपस्थिति के आंकड़ों में विसंगतियां, मुख्य परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की संख्या में अचानक वृद्धि, 21,075 से 21,085 तक। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कैसे सिर्फ दो कोचिंग सेंटरों से 71 उम्मीदवार, दो केंद्रों में उपस्थित होकर ग्रुप–1 पद हासिल कर लेते हैं।

तेलंगाना उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय तक नियुक्तियों पर रोक लगाने के अंतरिम आदेश का हवाला देते हुए कविता ने कहा कि न्यायपालिका का हस्तक्षेप उठाई गई चिंताओं की गंभीरता को प्रत्यक्ष रूप से दर्शाता है। उन्होंने उर्दू माध्यम के उम्मीदवारों के आंकड़ों में विसंगतियों और कथित गैर–पारदर्शी मूल्यांकन प्रथाओं पर चिंता व्यक्त की। परीक्षा केंद्रों की संख्या में बदलाव– 45 से 46 तक, और उम्मीदवारों की बदली हुई संख्या ने भी आयोग की ईमानदारी पर संदेह पैदा किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना का निर्माण 'पानी, धन और नौकरियों' के वादे पर हुआ था। मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि वह मौजूदा ग्रुप–1 अधिसूचना को रद्द करके और एक नई, पूर्णतया सुरक्षित प्रक्रिया शुरू करके उस भावना को बनाए रखे।

## पुलिस ने नलगोंडा में लापता भाई-बहनों को ढूंढ निकाला

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। 14 अप्रैल को कारखाना के मुदफोर्ट में अपने माता–पिता द्वारा डांटे जाने से कथित रूप से परेशान होकर घर से निकले दो नाबालिग भाई–बहनों को पुलिस ने नलगोंडा में सुरक्षित रूप से खोज निकाला। जानकारी के अनुसार, 17 वर्षीय लड़की और 11 वर्षीय बेटा सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करने पर डांट खाने से नाराज थे। वे बिना किसी को बताए घर से चले गए। चिंतित माता–पिता ने कारखाना पुलिस से संपर्क किया, जिन्होंने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। व्यापक सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्य के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के माध्यम से, पुलिस ने 24 घंटे के भीतर लापता बच्चों को नलगोंडा से खोज निकाला। बच्चों को सुरक्षित रूप से पुलिस स्टेशन वापस लाया गया और गुरुवार को उनके माता–पिता को सौंप दिया गया।

## हैदराबाद में मनाया गया गुड फ्राइडे

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में ईसाईयों ने ईसा मसीह के क्रूस पर चढ़ने की याद में गुड फ्राइडे का त्यौहार धूमधाम से मनाया। शहर के कई चर्चों में विशेष सेवाएं आयोजित की गईं, जिसमें चिंतन सत्र, प्रार्थना और सामुदायिक सभाएं शामिल थीं। सेंट मैरी बेसिलिका में सुबह 7 बजे पैशन प्ले के साथ दिन की शुरूआत हुई, उसके बाद शाम 6 बजे ईसा मसीह के पैशन की याद में सामूहिक प्रार्थना की गई। क्लॉक टॉवर स्थित सीएसआई वेस्ले चर्च, गनफाउंड्री स्थित सेंट जोसेफ कैथेड्रल, एबिड्स रोड स्थित सेंट जॉर्ज चर्च समेत अन्य चर्चों ने दिन भर प्रार्थना सत्र और चिंतन का आयोजन किया।

सभी सेवाएं अंग्रेजी, तेलुगु, तमिल और मलयालम सहित कई भाषाओं में आयोजित की गईं, जो विविध मण्डली की जरूरतों को पूरा करती हैं। विभिन्न चर्चों में, स्वयंसेवकों ने भक्तों के लिए ठंडा पानी, छाछ और जूस की पेशकश करने वाले स्टॉल लगाए, जिन्होंने पूरे दिन उपवास रखा।


## जेईई मेन 2025 सत्र-II का परिणाम आज

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2025 सत्र–II के परिणाम 19 अप्रैल तक घोषित करेगी। परिणाम घोषित करने से पहले 18 अप्रैल को अंतिम कुंजी जारी हो गई। जेईई (मेन) 2025 सत्र– II की अंतिम उत्तर कुंजी शुक्रवार को दोपहर 2 बजे तक जेईई (मेन) वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हो गई। एनटीए ने शुक्रवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया कि जेईई (मेन) 2025 का परिणाम 19 अप्रैल को घोषित किया जाएगा। यह सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए है। इससे पहले अभ्यर्थियों और विशेषज्ञों ने 2, 3, 4, 7 और 8 अप्रैल को आयोजित जेईई मेन द्वितीय सत्र की प्रारंभिक उत्तर कुंजी में नौ त्रुटियों को चिह्नित किया था।

कोटा के छात्रों के अनुसार, 11 अप्रैल को जारी की गई उत्तर कुंजियों में भौतिकी में चार, रसायन विज्ञान में तीन और गणित में दो त्रुटियां थीं। उन्होंने इन त्रुटियों को 'पूर्णतः तथ्यात्मक त्रुटियां' बताया और इन प्रश्नों को प्रवेश परीक्षा से हटाने का सुझाव दिया।

## रेस्टोरेंट में सॉफ्ट ड्रिंक की बोतल में मिली छिपकली की पूंछ

### दो लोग अस्पताल में भर्ती



संगारेड्डी, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। सदाशिवपेट मंडल के पेद्दापुर स्थित पटनम हाईवे रेस्तरां में गुरुवार रात एक ग्राहक को शीतल पेय की बोतल में छिपकली की पूंछ मिली।

पास के गांव के दो युवक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे और उन्होंने कोल्ड ड्रिंक भी मंगाई थी। बोतल का आधा हिस्सा पीने के बाद जब उन्हें अंदर कुछ मिला तो उन्होंने बचा हुआ कोल्ड ड्रिंक एक कंटेनर में डाला और उसमें छिपकली की पूंछ मिली।

एहतियात के तौर पर इन युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में जब शुक्रवार सुबह यह खबर सामने आई तो उन्होंने खाद्य निरीक्षक से शिकायत की। वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

# कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ किया असंसदीय भाषा का प्रयोग

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना कांग्रेस इकाई का केंद्र सरकार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय में किया गया विरोध प्रदर्शन नेताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों के खिलाफ गंदी भाषा का प्रयोग करने का मंच बन गया।

असंसदीय भाषा की सामान्य परिभाषा से परे जाकर कुछ नेताओं को अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए सुना गया, जब पूर्व सांसदों, एमएलसी और अन्य नेताओं ने नेशनल हेराल्ड मामले के सिलसिले में कांग्रेस सांसदों सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया। कांग्रेस एमएलसी अद्दांकी दयाकर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक रूप से लड़ने में विफल रहने के बाद, केंद्र सरकार मनगढ़ंत मामले दर्ज कर रही है।

दयाकर ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चोर हैं। गांधी परिवार ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन इन दोनों ने ऐसे परिवार के खिलाफ नफरत पैदा कर ली। पूर्व सांसद अंजन कुमार यादव ने केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के खिलाफ अपशब्दों और गाली–गलौज का प्रयोग करते हुए टिप्पणी की, जिससे विरोध प्रदर्शन में भाग ले रही महिला नेता हैरान रह गईं। कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को अपशब्द कहने के वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं।

## सीपी ने वनस्थलीपुरम पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आयुक्त सुधीर बाबू आईपीएस ने आज राचकोंडा आयुक्तालय में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के तहत विभिन्न पुलिस स्टेशनों पर अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रदर्शन और आम लोगों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की समीक्षा के लिए वनस्थलीपुरम पुलिस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्टेशन के आसपास का निरीक्षण किया गया। स्टेशन के रिकॉर्ड की जांच के अलावा, उन्होंने रिसेप्शन और गश्ती स्टाफ जैसे विभिन्न विभागों के प्रदर्शन और सीसीटीवी के रखरखाव की समीक्षा की। अधिकारियों को समस्याग्रस्त क्षेत्रों में हर समय सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी ली। यह सुझाव दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जाए।

# सीडब्ल्यूसी तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के साथ महत्वपूर्ण बैठक में गोदावरी जल आवंटन पर करेगी चर्चा



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने गोदावरी नदी के आवंटन से जुड़ी जल प्राप्ति संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए 21 अप्रैल को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक का एजेंडा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना द्वारा संबंधित राज्यों द्वारा शुरू की गई और प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए जल आवंटन के संबंध में उठाई गई आपत्तियों को हल करने पर केंद्रित है। यह चर्चा मई 2023 में प्रस्तुत गोदावरी नदी के जल उपलब्धता मूल्यांकन अध्ययन पर आधारित है। प्रस्तुतीकरण के बाद, गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड (जीआरएमबी) को जवाब देने के लिए कहा गया था, जबकि आंध्र प्रदेश ने निष्कर्षों पर कुछ आपत्तियां व्यक्त की हैं।

सीडब्ल्यूसी के अनुमानों के अनुसार, तत्कालीन अविभाजित आंध्र प्रदेश के लिए जल आवंटन 1,435 टीएमसी निर्धारित किया गया था, जो राज्य के 1,486 टीएमसी के दावे से थोड़ा कम है। पुनर्जनन स्रोतों से प्राप्त उपज को ध्यान में रखते हुए, उपलब्धता लगभग 1,500 टीएमसी तक बढ़ जाएगी। आंध्र प्रदेश में पोलावरम परियोजना के लिए अध्ययन में 498 टीएमसी की शुद्ध उपलब्धता का अनुमान लगाया गया है, जो परियोजना की 484 टीएमसी की आवश्यकता से थोड़ा अधिक है। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, जो हाल ही तक गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे, ने जल बंटवारे में आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए बैठक आयोजित करने की पहल की है, जिसने संघर्ष की स्थिति को और बढ़ा दिया है।

**PUBLIC NOTICE**

Take Notice that **Ms. JYOTI KULHARI** has filed a Transfer Petition with (Transfer Petition (Civil) No. 1797 of 2021) to transfer the (Divorce Petition FCOP No. 215 of 2021) titled as **GAUTAM CHAUDHARY VS JYOTI KULHARI @ JYOTI** from Family Court Secundrabad, Telangana to the Family Courts, Jhunjhunu, Rajasthan. The aforesaid Transfer Petition is pending before Hon'ble Supreme Court of India. Vide order dated 19-07-2024 and further on 05-09-2024, **Mr. GAUTAM CHOUDHARY** has been summoned to appear before the aforementioned Hon'ble court on next date of hearing i.e. 00.00.2025. This advertisement is published in compliance with the order of the Hon'ble Court dated 05-09-2024.

Sd/- GRACY L. BAWITLUNG
Registrar

# क्यूआर कोड के साथ स्मार्ट हो गए हैं हॉल टिकट

### परीक्षा केंद्रों तक आसान नेविगेशन

### एक मिनट की देरी होने पर भी नहीं दिया जाएगा किसी भी छात्र को प्रवेश

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना इंजीनियरिंग, कृषि और फार्मेसी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीजी ईएपीसीईटी) 2025 परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना आसान बना दिया गया है क्योंकि हॉल टिकट में अब क्यूआर कोड होंगे जो उम्मीदवारों को अपने संबंधित केंद्रों तक पहुंचने में मदद करेंगे। छात्रों को बस इतना करना है कि हॉल टिकट पर छपे क्विक रिस्पॉन्स (क्यूआर) कोड को स्मार्टफोन से स्कैन करें। स्कैन करने के बाद, गुगुल मैप्स एप्लिकेशन में एक लिंक खुलता है जो छात्रों को उनके परीक्षा केंद्रों के लिए अपना रूट मैप देखने में सक्षम बनाता है। इसके अलावा, वे यह भी पता लगा सकते हैं कि उनका केंद्र कितनी दूर है और ट्रैफ़िक को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में कितना समय लगेगा।

एएम और इंजीनियरिंग स्ट्रीम टेस्ट के लिए हॉल टिकट क्रमशः 19 और 22 अप्रैल से वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे। एएम स्ट्रीम के लिए प्रवेश परीक्षा 29 और 30 अप्रैल को निर्धारित है, जबकि इंजीनियरिंग परीक्षा 2 से 4 मई तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं दो सत्रों में आयोजित की जाएंगी– सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक। सुबह के सत्र की परीक्षा के लिए केंद्र के गेट सुबह 7.30 बजे और दोपहर के सत्र की परीक्षा के लिए दोपहर 1.30 बजे खोले जाएंगे। एक मिनट की देरी होने पर भी किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# रेल संग्रहालय काचीगुडा में विश्व धरोहर दिवस मनाया गया







हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। स्कूली बच्चों, रेल उपयोगकर्ताओं और रेल उत्साही लोगों के लिए आज निःशुल्क प्रवेश विश्व धरोहर दिवस शुक्रवार को मनाया गया, जो हमारी सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदाओं को संरक्षित करने के महत्व का जश्न मनाता है। आज "विश्व धरोहर दिवस" के अवसर पर काचीगुडा स्थित रेल संग्रहालय ने स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों, रेल यात्रियों और रेल उत्साही लोगों को निःशुल्क प्रवेश प्रदान किया। रेल संग्रहालय में पहले काम करने वाले रेलवे उपकरणों के पुराने मॉडल, मॉडल, लीवर की कार्य प्रणाली, सिग्नल सिस्टम आदि प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी में 1960 से लेकर अब तक इस्तेमाल किए गए पंखों को दशकवार प्रदर्शित किया गया, जिससे आगंतुकों में और अधिक रुचि पैदा हुई। वर्ष 1916 में निज़ाम द्वारा काचीगुडा स्टेशन के उद्घाटन की प्रदर्शित तस्वीर ने विरासत प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। काचीगुडा रेलवे स्टेशन की इमारत वर्ष 1916 में बनाई गई थी और इसे भारतीय हरित भवन परिषद (आईजीबीसी) प्रमाणपत्रों द्वारा प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। रेल संग्रहालय में निज़ाम के समय से रेल नेटवर्क से संबंधित पुरानी तस्वीरों और प्रदर्शनों की झलक मिलती है। संग्रहालय में स्वतंत्रता–पूर्व युग के विभिन्न रेलवे के लोगो प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनियों में सिग्नलिंग उपकरण, विभिन्न लोकोमोटिव और कोच के प्रोटोटाइप, टिकट, कार्यशील मॉडल आदि शामिल हैं। रेलवे के इतिहास और विकास से संबंधित ऑडियो–विजुअल और रेलवे से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अन्य लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग की सुविधा के लिए एक विशेष बैठने की जगह उपलब्ध कराई गई है।

**CLASSIFIEDS**

**HOUSE FOR SALE**

A.S.Rao Nagar-ECIL, 294 Sq.Yds, E/F, Ind.House GHMC & SURARAM 72 Sq.Yds, West& South, 2 Sides Road Corner Commercial Plot & KUKATPALLY, Allwyn Colony, 82 Sq.Yds, G+3 Getting Rent 62000/- W/F, 9 Months Building Ph. 9044697989.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**पूर्व तट रेलवे**

**खानपान स्टालों के लिए ई–नीलामी**

नीलामी सूची सं.: CAT-MPS-25-02

**1) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–नौपाडा जं.–GMU-52-25-1 (खानपान–सामान्य लघु इकाई (GMU))

**विवरण:** खुली श्रेणी के लिए निर्धारित 5 वर्ष की अवधि के लिए नौपाडा रेलवे स्टेशन पर वाल्टियर मंडल पर प्लेटफॉर्म नं. 2 और 3 पर सामान्य लघु इकाई–खानपान स्टाल (GMU-59) में खानपान सेवाओं का प्रावधान।

**2) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–किरंडुल–GMU-25-22-2 (खानपान–सामान्य लघु इकाई (GMU))

**विवरण:** खुली श्रेणी के लिए निर्धारित 5 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफॉर्म सं. 5 किरंडुल रेलवे स्टेशन पर सामान्य लघु इकाई खानपान स्टाल सेवाओं का प्रावधान।

**3) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–पार्वतीपुरम–GMU-49-24-1 (खानपान–सामान्य लघु इकाई (GMU))

**विवरण:** प्लेटफॉर्म सं. 4 और 5 पर खानपान स्टाल (GMU) का प्रावधान, ओएचई मस्तूल सं. के बगल में। 388/38 पार्वतीपुरम स्टेशन पर 5 वर्ष की अवधि के लिए प्लेटफार्म शेल्टर के अंतर्गत।

**4) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–पेन्दुर्ति–GMU-21-22-2 (खानपान–सामान्य लघु इकाई (GMU))

**विवरण:** 5 वर्ष की अवधि के लिए वाल्टियर मंडल पर प्लेटफॉर्म नं. 1 पेन्दुर्ति रेलवे स्टेशन पर सामान्य लघु इकाई खानपान स्टॉल सेवाओं का प्रावधान, जिसे खुली श्रेणी के लिए निर्धारित किया गया है।

**5) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–रायगडा–पेन्दुर्ति–SMU-51-24-1 (खानपान–विशेष लघु इकाई (SMU))

**विवरण:** रायगडा स्टेशन पर आरएमएस ऑफिस के पास, प्लेटफार्म 2 और 3 पर पांच (05) वर्ष की अवधि के लिए कैटरिंग स्टॉल का प्रावधान। स्टॉल का आकार 10x6 वर्ग फीट होना चाहिए।

**6) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–श्रीकाकुलम–SMU-41-23-1 (खानपान–विशेष लघु इकाई (SMU))

**विवरण:** वाल्टियर मंडल के प्लेटफार्म नं. 3/4 श्रीकाकुलम रेलवे स्टेशन पर 5 वर्ष की अवधि के लिए स्पेशल माइनर यूनिट खानपान स्टॉल सेवाओं का प्रावधान, जो लघु श्रेणी के लिए निर्धारित है।

**7) लॉट सं./श्रेणी:** श्रेणी–वाल्टियर–विजयनगरम–SMU-53-25-1 (खानपान–विशेष लघु इकाई (SMU))

**विवरण:** खुली श्रेणी के लिए निर्धारित 5 वर्ष की अवधि के लिए वाल्टियर मंडल के विजयनगरम रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नं. 2 और 3 पर खानपान स्टॉल–विशेष लघु इकाई (SMU-7) में खानपान सेवाओं का प्रावधान।

लॉट प्रारंभ तिथि और समय: 28.04.2025, 1100 बजे। (सभी लॉट के लिए)

**लॉट समाप्ति तिथि और समय:** 28.04.2025, 1130 बजे। (लॉट नं. 1 के लिए), 1140 बजे। (लॉट नं. 2 के लिए), 1150 बजे। (लॉट सं. 3 के लिए), 1200 बजे (लॉट सं. 4 के लिए), 1210 बजे (लॉट सं. 5 के लिए), 1220 बजे (लॉट सं. 6 के लिए) और 1230 बजे (लॉट सं. 7 के लिए)

दर इकाई: वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क, यात्राएं/दिन: 1826, न्यूनतम वृद्धि (%): 0.2%, लॉट स्थिति: ड्राफ्ट कैटलॉग से नया।

उपर्युक्त ई–नीलामी नोटिस की पूर्ण विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक-II
वाल्टियर

PR-44/O/25-26

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 19 अप्रैल - 2025

# क्या बंगाल में लग सकता है राष्ट्रपति शासन ?


अशोक भाटिया

जब लोकतंत्र के चौराहे पर धुएं की लकीरें उठने लगें और सन्नाटा बाजारों में पसरे, तो समझिए, कि कहीं कुछ बहुत गलत घट रहा है। पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद जिला इन दिनों ऐसी ही बेचैनी से गुजर रहा है। सुती, समसेरगंज, धुलियान और जंगीपुर की गलियों में खामोशी है, लेकिन ये खामोशी सिर्फ सन्नाटा नहीं, एक गहरे तनाव की आहट है। शुक्रवार (11 अप्रैल) से शुरू हुई हिंसा में अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है, और कई घायल हैं। इंटरनेट ठप है, दुकानें बंद हैं, और सुरक्षाबल हर मोड़ पर तैनात हैं। इलाके में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है – पर क्या सिर्फ बंदूकों और बैरिकेड्स से भरोसे की बहाली हो सकती है? यह सिर्फ एक हिंसक घटना नहीं, बल्कि बंगाल की राजनीति, कानून-व्यवस्था और संवैधानिक मर्यादाओं के बीच जारी रस्साकशी की एक और कड़ी बनती जा रही है। बंगाल में हिंसा नई बात नहीं। कभी महिलाओं को सरे आम सड़क पर पीटा जाता है। तो कहीं पंचायत के कुछ लोग 'कंगारू कचहरी' लगातार इंसाफ करते है। लॉ एंड ऑर्डर पर लगातार उठ रहे सवालों के बीच राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने की अटकलें लग रही हैं। बीजेपी बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रही है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस दिल्ली आकर रिपोर्ट दे चुके हैं। बोस ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अलावा देश के गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की है इसके बाद चर्चा तेज हो गई कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लग सकता है। कांग्रेस, TMC या अन्य किसी विपक्षी दल शासित राज्य में बलात्कार की वारदात हो तो बीजेपी के नेता सुबह शाम उस प्रदेश को मुख्यमंत्री को कोसते हुए इस्तीफा मांगने लगते हैं। ठीक उसी तरह जब बीजेपी शासित राज्य में बलात्कार की कोई घटना होती हो तो उसी तर्ज पर विपक्ष उस मामले को इश्यू बनाकर एकजुट हो जाता है। ऐसे में इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि सभी दलों के नेता अपने अपने राज्यों में हुई हैवानियत पर सियासी नफे नुकसान के हिसाब से चुप्पी साध लेते हैं। मानवीय दृष्टी से देखा जाय तो बलात्कार किसी महिला के सीने पर लगा वो जख्म होता है, जो कभी नहीं भरता। जिस कोख से बच्चा जन्म लेता है जब उससे हैवानियत होती है तो सिर्फ मानवता ही शर्मसार नहीं होती, पुरुषों की कथित समाज की ठेकेदारी पर भी सवाल उठते हैं। धरने-प्रदर्शन होते हैं। कैंडल मार्च निकलता है। आरोप लगते हैं। इस्तीफा मांगा जाता है। प्रशासन सतर्क, पुलिस मुस्तैद और जनता भी जागरूक दिखती है पर वो चुल्लूभर पानी कहीं नहीं दिखता जिसमें ऐसा महापाप करने वाले डूब मरते। कोलकाता की डॉक्टर से हुई हैवानियत का मामला इतना तूल पकड़ लेगा और उसके परिवार को इंसाफ दिलाने की लड़ाई दावानल का रूप ले लेगी। ये तो किसी ने सोचा भी न होगा। वरना 2012 के निर्भया कांड से लेकर 2024 के कोलकाता की डॉक्टर बेटी 'अभया' के साथ हुई दरिंदगी के बाद देश की संवेदनाएं जागने में 12 साल नहीं लगते।'निर्भया' और 'अभया' के मामलों के बीच के 12 सालों में देश में हजारों बलात्कार हुए। लेकिन उन लड़कियों और महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए ऐसा आंदोलन क्यों नहीं हुआ, इसका जवाब भी समाज और सरकार दोनों को देना होगा। बीजेपी कह रही है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की टिप्पणी इस मुद्दे की गंभीरता को दर्शाती है। अब समय आ गया है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर ऐसे मामलों में न्याय सुनिश्चित किया जाए। बीजेपी का ये रिएक्शन राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा न्यूज एजेंसी 'पीटीआई' के लिए लिखे गए एक विशेष हस्ताक्षरित लेख के बाद आई। जिसमें उन्होंने कोलकाता में डॉक्टर के बलात्कार और हत्या पर बात की और महिलाओं के खिलाफ जारी अपराधों पर अपनी पीड़ा व्यक्त की। बीजेपी नेताओं का कहना है कि ममता बनर्जी इस मुद्दे को लेकर भयभीत दिख रही हैं। इसलिए, लगातार बीजेपी शासित राज्यों के खिलाफ 'आग' उगलते हुए बहुत कुछ जल जाने की धमकी दे रही हैं। वहीं राष्ट्रपति की राय पब्लिक डोमेन में आने के बाद अटकलें लग रही है कि क्या ममता दीदी की कुर्सी छीन ली जाएगी और उनकी सत्ता जाने वाली है? यह सबसे बड़ा सवाल दिल्ली से लेकर बंगाल तक हर किसी के दिमाग में तेजी से घूम रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर आक्रोश जाहिर करने के साथ ही इस पर अंकुश लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि ''बस! बहुत हो चुका। अब वो समय आ गया है कि भारत ऐसी 'विकृतियों' के प्रति जागरूक हो और उस मानसिकता का मुकाबला करे जो महिलाओं को 'कम शक्तिशाली', 'कम सक्षम' और 'कम बुद्धिमान' के रूप में देखती है।' राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक हैं। भारत की सेना की सर्वोच्च कमांडर हैं। वो एक महिला हैं। देश की हर बेटी उनमें अपनी मां की छवि देखती है। ऐसे में कोलकाता कांड पर राष्ट्रपति के बयान से मामले की गंभीरता और गहराई को समझा जा सकता है। एक दशक से अधिक समय से विपक्ष में बैठी कांग्रेस के नेता बीते 10 सालों से ये कहते नहीं थक रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ भी नया नहीं किया। देश में जो कुछ हुआ कांग्रेस पार्टी ने किया। नेहरू-गांधी परिवार ने किया। उनकी नीतियों ने किया। मोदी जो कर रहे हैं वो कांग्रेस का विजन था। उसका सपना कांग्रेस नेताओं ने देखा था। इसके बाद बीजेपी नेता अपनी सरकार के कामकाज गिनाते हुए कांग्रेस के आरोपों का काउंटर करते हैं। अब समझने की बात ये है कि कांग्रेस ने भारत में अपने लंबे शासन काल में कई राज्य सरकारों को राष्ट्रपति शासन लगाकर बर्खास्त किया था। अब कांग्रेस नेताओं की उस बात पर गौर करें जिसमें वो कहते हैं कि बीजेपी और मोदी, कांग्रेस के कामों को कॉपी-पेस्ट कर रहे हैं। तो क्या बीजेपी, अब बंगाल का किला ढहाने के लिए उसी अस्त्र का इस्तेमाल तो नहीं करने जा रही, जिससे कांग्रेस पार्टी की पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने कई राज्यों में विपक्ष की सरकारों को वहां की कानून व्यवस्था संभालने के नाम पर गिरा दिया था। शायद यही डर 'दीदी' यानी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लगने लगा होगा कि जिस तरह बीजेपी नेता, टीएमसी की सरकार को गिराने की बात कर रहे हैं उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, ऐसे में महिला राष्ट्रपति की राय को आधार बनाकर कहीं केंद्र की सरकार आर्टिकल 356 का इस्तेमाल करके उनकी सरकार तो नहीं गिरा देगी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 355 और अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। अनुच्छेद 355 केंद्र सरकार को राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाने की ताकत देता है। अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को ये शक्ति प्राप्त है कि वो राज्य में संवैधानिक तंत्र के असफल या कमजोर पड़ जाने पर राज्य सरकार की शक्तियों को अपने अधीन ले सकता है। संविधान एक्सपर्ट्स का कहना है कि जिस भी सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है उसके पास कोर्ट जाने का विकल्प हमेशा मौजूद है। पहले भी कोर्ट ने राष्ट्रपति शासन लगाने के केंद्र के फैसलों को कोर्ट पलट चुका है। आखिरी बार 2017 में उत्तराखंड में भी ऐसा हो चुका है। तब कोर्ट ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के फैसले को पलटकर हरीश रावत सरकार को बहाल कर दिया था। ममता की बंगाल में जिस तरह की छवि है उससे वो कोर्ट के साथ जमीन पर भी लड़ाई शुरू कर सकती हैं। राज्य में पद यात्रा या धरने और रैलियां करके ये संदेश जनता तक पहुंचाने की कोशिश कर सकती हैं कि उनके साथ अन्याय हुआ। गौरतलब है कि बंगाल में आखिरी बार 29 जून 1971 को राष्ट्रपति शासन लगा था। नई विधानसभा के गठन के बाद 20 मार्च 1972 को राष्ट्रपति शासन हटा था। कुल मिलाकर बंगाल में अब तक चार बार राष्ट्रपति शासन लग चुका है। पहली बार 1 जुलाई 1962 को नौ दिन के लिए, दूसरी बार 20 फरवरी 1968 में करीब एक साल के लिए और तीसरी बार 19 मार्च 1970 में करीब एक साल के लिए राष्ट्रपति शासन लगा था। सत्ता, सेवा का साधन है या कुछ और? इस सवाल पर नेताओं की अपनी अलग-अलग राय और दृष्टि हो सकती है। राहुल गांधी ने एक सियासी किस्सा सुनाते हुए कभी कहा था - 'सत्ता जहर होती है'।

## भारत के लिए अवसर

ट्रम्प ने जिस तरह का व्यापार-युद्ध छेड़ा है, उससे चीन को छोड़ बाकी तमाम देश अमेरिका की छतरी के नीचे आने को मजबूर दिख रहे हैं। ट्रंप ने जब चीन पर 145 फीसदी टैरिफ ठोके, तो चीन ने भी 125 फीसदी टैरिफ ठोक दिया। देखा जाए, तो यह दो महाबली हाथियों की टक्कर है। जब दो हाथी भिड़ते हैं तब छोटे-मोटे जीव पिस जाते हैं। ऐसे में सवाल स्वाभाविक है कि इस दंगल में भारत पिसने की बजाय लाभ कैसे उठा सकता है? दोनों के बीच चल रहे व्यापार-युद्ध ने सभी प्रभावित देशों के लिए संभावनाओं के दरवाजे भी खोल दिए हैं। ऐसे देशों में भारत सबसे बड़ा और निर्णायक है। इन टैरिफों के मद्देनजर भारत कम-से-कम इतना तो कर ही सकता है कि अमेरिका के बाजारों के लिए ऐसी चीजें बनाए, जिनमें चीन उसकी बराबरी नहीं कर सके। ऐसी सबसे पहली चीज एपल फोन हो सकती है। लेकिन चीन अमेरिका को जो चीजें निर्यात करता है उनकी सूची पर नजर डालें और उन पर 30-40 फीसदी की ड्यूटी जोड़ दें तो अरबों डॉलर मूल्य के निर्यात की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसी तरह, अमेरिका से चीन को निर्यात की जाने वाली कुछ चीजें भारत भी निर्यात कर सकता है। किसी दोस्त या सहयोगी की दुविधा का लाभ उठाना अच्छी बात तो नहीं मानी जाती। लेकिन जब ट्रम्प अपने साथियों के प्रति आक्रामक और अपमानजनक रवैया अपना रहे हैं तो इसे बुरा भी नहीं माना जा सकता। ट्रम्प कह रहे हैं कि हम कुछ भी करने को तैयार हैं। ट्रम्प यह सब चीन के लिए नहीं बल्कि उन 75 देशों के लिए कह रहे हैं जो उनके सहयोगी हैं, जिनमें यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और भारत भी शामिल है। अपने यहां तो आपदा में अवसर की धारणा ही रही है। प्रधानमंत्री ने 2021 में साफ-साफ कहा था कि सरकार रणनीतिक मामलों को छोड़ व्यवसाय के सभी क्षेत्र निजी क्षेत्र के हवाले कर देगी। लेकिन एयर इंडिया की बिक्री के सिवा निजीकरण की अब कोई बात नहीं की जाती। आईडीबीआई बैंक का निजीकरण अभी भी अधर में लटका है। सरकार ने 'आत्मनिर्भरता' और 'मेक इन इंडिया' पर आधारित नया आर्थिक एजेंडा पेश किया है। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहनों (पीएलआइ) और व्यवसाय करने की सुविधाओं (ईओडीबी) के नाम पर बड़ी राशियां आवंटित करने का वादा किया गया। पीएलआई के मोर्चे पर आधी-अधूरी प्रगति हुई है। मैन्युफैक्चरिंग गतिरोध में फंस गया है। कुछ पीएलआई आगे बढ़ी है, मुख्यतः आई-फोन के मामले में। अमेरिका को हमारे कुल निर्यात में 40 फीसदी हिस्सा सर्विस सेक्टर का है लेकिन यह गिनती में नहीं है। इन पर कोई टैरिफ नहीं लगता क्योंकि कोई सामान सीमा पार नहीं जाता। चीन से जो पलायन हो रहा है उसका लाभ उठाने के लिए भारत नई मैन्युफैक्चरिंग कितनी जल्दी शुरू कर सकता है? ऐसे में सब्सिडी देना आलसी, प्रतिगामी, महंगा कदम होगा, और ट्रम्प इसे अनुचित बताकर खारिज कर देंगे। अमेरिका कुल मिलाकर टैरिफ मुक्त अर्थव्यवस्था है। यह भारत को 45 अरब डॉलर का व्यापार सरप्लस उपलब्ध कराता है। शुल्क खत्म भी कर दिए गए तो अमेरिका भारत को निर्यात करने के लिए इतना कम मैन्युफैक्चर करता है कि उससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। खनिज तेल और कीमती 'स्टोन', दो ऐसी चीजें हैं जो वह सबसे ज्यादा निर्यात करता है। इस पर कड़े कदम उठाने का सुनहरा मौका है।

## एआई और रोबोट की उपयोगिता


संजीव ठाकुर

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो चुके हैं पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर सिमटे न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान वैंकस ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नब्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं। खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें। यूं एई पहला देश है जिसने 2017 में इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है। यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं। दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं।

## तमिलनाडु की स्वायत्तता की मांग : संघीय ढांचे की परीक्षा

डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र

लोकतन्त्र वर्तमान शासन प्रणाली का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं लोकप्रिय स्वरूप है। इसकी आत्मा संविधान में निहित है। संविधान किसी भी देश की राजनीति का मार्गदर्शक है। राजनीति के उद्देश्यों का साधन राजनीतिक दल हैं। राजनीतिक दल सत्ता लोलुप होते हैं और इसकी प्राप्ति के लिए निरन्तर उपक्रम करते रहते हैं। इसके निमित्त कई बार ये संविधान के प्रतिःजाकर कार्य करते हैं। यह परम्परा भारत जैसे देश में भी यदा-कदा देखने को मिलती है। हाल ही में तमिलनाडु में कुछ ऐसा घटित हुआ है जिससे भारतीय राजनीति में भूचाल आ सकता है। तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री एम.के. स्टालिन द्वारा 15 अप्रैल को अपने राज्य को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। वस्तुतः इस घटना से एक बार पुनः केंद्र और राज्य के मध्य टकराहट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 1 यह कहता है कि 'भारत राज्यों का संघ (यूनियन) होगा'। अर्थात भारत नश्वर राज्यों का अनश्वर संघ है, जिसमें राज्य तो विभाज्य हो सकते हैं परन्तु संघ का विभाजन नहीं हो सकता है। अब प्रश्न उठता है कि क्या तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री का यह निर्णय संवैधानिक है ? क्या कोई इकाई भारतीय संघ से अलग हो सकती है ? इन प्रश्नों की पड़ताल करना संविधान और राजनीति में रुचि रखने वालों के लिए स्वाभाविक है। इन प्रश्नों का विश्लेषण करने के पूर्व यह जानना जरूरी है कि इस विवाद के पीछे असल वजह क्या है ?

विगत 15 अप्रैल को एम.के. स्टालिन ने विधानसभा में एक तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की है जो यह बताएगी कि कैसे तमिलनाडु को एक स्वायत्त राज्य बनाया जा सकता है। ऐसा उन्होंने विधानसभा के नियम संख्या 110 के अंतर्गत स्वप्रेरणा से की। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ करेंगे। इसके अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी के. अशोक वर्धन शेट्टी और राज्य योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष एम. नागनाथन होंगे। इन तीनों का सम्बन्ध स्टालिन के राजनीतिक दल से है। यह समिति एक वर्ष में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और उसके बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। तमिलनाडु में अगले वर्ष चुनाव है और ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्णय पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। बहरहाल इस समिति का उद्देश्य संविधान, कानूनों और नीतियों में निहित केंद्र-राज्य संबंधों के प्रावधानों की समीक्षा करना, राज्यों की स्वायत्तता को बढ़ावा देना तथा राज्य सूची से समवर्ती सूची में डाले गए विषयों को पुनः राज्यों को सौंपने हेतु सुझाव देना है। समिति उन प्रशासनिक चुनौतियों पर भी विचार करेगी, जिनका सामना राज्य सरकारें कर रही हैं। इसका अर्थ यह है कि स्टालिन केवल तमिलनाडु तक स्वयं को सीमित नहीं कर रहे हैं बल्कि वे तमिलनाडु को अन्य राज्यों के मॉडल के रूप में पेश करने की जुगत में हैं। स्टालिन ने अपने पक्ष में कई तरह के तर्क प्रस्तुत किए, मसलन वित्तीय स्वायत्तता, राज्यों के अधिकारों में अनवरत कटौती, परिसीमन, त्रिभाषा और शिक्षा नीति इत्यादि।

हाल ही में ए.आई.डी.एम.के. और भा.ज.पा. के मध्य गठजोड़ (एन.डी.ए ) होने के बाद तमिलनाडु में राजनीति गरम हो गई है। डी.एम.के. का उत्तर भारत से सदैव से छत्तीस का आकड़ा रहा है। अब भा.ज.पा. वहाँ मुख्य विपक्ष के तौर पर है तो तमिलनाडु सरकार को भा.ज.पा. का प्रतिकार करने का स्वर्णिम अवसर मिल गया है। भाषा इसमें बड़ा मुद्दा है। वहाँ की जनता को यह कहकर आसानी से गुमराह किया जा सकता है कि भा.ज.पा. जबरन हम पर हिन्दी थोप रही है, जब अंग्रेज इसे लागू नहीं कर सके तो ये कैसे करेंगे। वस्तुतः 2024 के चुनाव के लोकसभा चुनाव में भा.ज.पा. का मतदान प्रतिशत तमिलनाडु बढ़ा है जो लगभग 18 प्रतिशत हो गया है। स्टालिन को डर सकता है कि यह डर सता रहा हो कि अगले चुनाव में एन.डी.ए कहीं उनसे सत्ता न छीन ले। कदाचित यही कारण है कि वे तमिल जनता की सहानुभूति प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं। इसी वजह से डी.एम.के. प्रमुख कभी हिन्दी को लेकर तो कभी भारतीय मुद्रा के चिह्न को लेकर केंद्र सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए हैं। परिसीमन को लेकर भी डी.एम.के.मुखर है। नई लोकसभा के उद्घाटन के बाद से ही अनवरत यह मुद्दा उठता रहा है कि नए परिसीमन के बाद दक्षिण की सीटें कम ना हो जाएं क्योंकि परिसीमन का आधार आबादी है और 1971 के बाद दक्षिण ने तो अपनी जनसंख्या को जहां नियंत्रित रखा है वहीं उत्तर भारत की जनसंख्या में इजाफा हुआ है। इस नजरिए से दक्षिण की तुलना में उत्तर को अधिक सीटें मिलेगी। हालांकि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार ने अपनी सफाई दी है कि फिलहाल परिसीमन करना का कोई इरादा नहीं है। भले ही केंद्र ने स्पष्टीकरण दिया हो लेकिन डी.एम.के. द्वारा उठाए जा रहे इस मुद्दे में दम है।

स्टालिन ने वित्तीय आधार पर भी केंद्र का प्रतिकार किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद तमिलनाडु को राजस्व में भारी नुकसान हुआ है। उसे उसके योगदान के बदले केवल 29 पैसे प्रति रुपये मिलते हैं, जो अन्यायपूर्ण है जबकि भारत में तमिलनाडु सकल घरेलू उत्पाद में दूसरे स्थान का राज्य है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर का हवाला देते हुए केंद्र और राज्य के बीच समन्वयपूर्ण कार्य की आवश्यकता पर बल दिया। स्टालिन ने मेडिकल प्रवेश हेतु एनईईटी परीक्षा को राज्य की शिक्षा नीति के विरुद्ध बताया है। उनकी यह धारणा है कि यह परीक्षा ग्रामीण तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के हितों के विरुद्ध है और कोचिंग संस्थानों को बढ़ावा देती है। अतः तमिलनाडु के छात्रों को मेडिकल में प्रवेश उनके ही राज्य में 12 वीं के अंक के आधार पर मिले। वे अब यह भी लड़ाई लड़ रहे हैं कि शिक्षा को पुनः राज्य सूची का विषय बना दिया जाए। ऐसा प्रतीत होता है कि स्टालिन केंद्र से अन्तिम लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं और सौभाग्य से यह अवसर उन्हें विगत 8 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तमिलनाडु के राज्यपाल के विरुद्ध दिए गए फैसले से मिल गया है। हो सकता है इससे स्टालिन का मनोबल बढ़ा हो और कदाचित इसी कारण उन्होंने इस विशेष कमेटी का गठन किया है।

इस प्रकार उक्त टकराव के पीछे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने जो भी तर्क दिए हैं उनमें से अधिकांश तर्क राजनीति से प्रेरित प्रतीत होते हैं। परिसीमन और राज्यपाल के द्वारा अनुच्छेद 200 के दुरुपयोग को छोड़ दिया जाय तो उनके किसी भी तर्क में दम नहीं दिखता है। जहां तक राज्यपाल का प्रश्न है तो यह एक ऐसा संवैधानिक पद है जिसको लेकर 1950 के दशक के आखिरी वर्षों से लेकर अब तक केंद्र और राज्य के बीच विवाद बना हुआ है। अब इस मूल विषय पर आते हैं कि क्या स्टालिन तमिलनाडु को भारतीय संघ से अलग कर पाएंगे, जवाब है नहीं क्योंकि केंद्र के पास रक्षा, संचार और विदेशी संबंध का असीमित अधिकार है और इसके होते हुए तमिलनाडु कुछ नहीं कर सकता। भविष्य में इस प्रकार की स्थिति ना बने इस हेतु सर्वोच्च न्यायालय को तत्काल न्यायिक -सक्रियता का परिचय देना चाहिए। साथ ही भारत में सहकारी संघवाद की स्थति को मजबूत किए जाने की आवश्यकता है।

## लीवरः न दिखे, न बोले फिर भी हर पल तुम्हारे लिए लड़े


प्रो. आरके जैन

क्या आपने कभी सोचा है कि आपके शरीर में एक ऐसा नायक है, जो बिना शोर मचाए, बिना थके, हर पल आपके लिए काम करता है? वह नायक, जो न केवल आपके खाने को ऊर्जा में बदलता है, बल्कि आपके खून को शुद्ध करता है, विषैले तत्वों को बाहर निकालता है, और आपके इम्यून सिस्टम को मजबूती देता है। यह कोई काल्पनिक चरित्र नहीं, बल्कि आपका लीवर है – शरीर का वह गुमनाम योद्धा, जो 500 से अधिक कार्यों को चुपचाप संभालता है। फिर भी, हमारी भागदौड़ भरी जिंदगी में यह अंग अक्सर अनदेखा रह जाता है। हर साल 19 अप्रैल को विश्व लीवर दिवस हमें इस अनमोल अंग की ओर ध्यान खींचता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक आंदोलन है – एक स्वस्थ, जागरूक, और सशक्त जीवन की ओर बढ़ने का आह्वान। आज की दुनिया में, जहां हम हर दिन नई तकनीकों और सुख-सुविधाओं की दौड़ में शामिल हैं, हमारा स्वास्थ्य कहीं पीछे छूटता जा रहा है। जंक फूड की चमक, तनाव की मार, शराब और धूम्रपान की लत, और शारीरिक निष्क्रियता ने हमारे लीवर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर साल लाखों लोग हेपेटाइटिस, गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज, सिरोसिस, और लिवर कैंसर जैसी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। भारत जैसे देशों में यह स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां खराब जीवनशैली और सीमित स्वास्थ्य जागरूकता के कारण लीवर की बीमारियां मूक महामारी का रूप ले रही हैं। डरावनी बात यह है कि इनमें से कई बीमारियां शुरुआती दौर में कोई लक्षण नहीं दिखातीं। जब तक हमें पता चलता है, तब तक हालात इतने गंभीर हो चुके होते हैं कि इलाज मुश्किल और खर्चीला हो जाता है। विश्व लीवर दिवस 2025 की थीम 'भोजन ही औषधि है' हमें एक सशक्त संदेश देती है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हमारा आहार ही वह पहला कदम है, जो लीवर को स्वस्थ रख सकता है। हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, साबुत अनाज, नट्स, और प्रोटीन से भरपूर भोजन न केवल लीवर को पोषण देते हैं, बल्कि उसे विषैले तत्वों से लड़ने की ताकत भी प्रदान करते हैं। लेकिन आज की तेज रफ्तार जिंदगी में हम कितनी बार तले-भुने खाने, चीनी से भरे पेय, या प्रोसेस्ड फूड का सहारा लेते हैं? ये आदतें धीरे-धीरे हमारे लीवर को कमजोर करती हैं, और हम अनजाने में अपने शरीर के इस नायक को खतरे में डाल देते हैं। लीवर की खासियत यह है कि यह एक मल्टीटास्कर है। यह भोजन को पचाने में मदद करता है, ग्लूकोज को स्टोर करता है, प्रोटीन बनाता है, और शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है। इतना ही नहीं, यह हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है, जिससे हम बीमारियों से लड़ सकें। लेकिन जब हम इसे लगातार गलत खान-पान, अत्यधिक शराब, या तनाव से चुनौती देते हैं, तो यह धीरे-धीरे थकने लगता है। भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, और यह बीमारी अब केवल शराब पीने वालों तक सीमित नहीं है। मोटापा, डायबिटीज, और शारीरिक निष्क्रियता ने इसे एक आम समस्या बना दिया है। इसी तरह, हेपेटाइटिस बी और सी के कारण हर साल हजारों लोग सिरोसिस और लिवर कैंसर का शिकार हो रहे हैं। ये आंकड़े हमें एक सख्त चेतावनी देते हैं – अगर हमने अभी नहीं संभाला, तो हमारा लीवर हमें जवाब दे सकता है। विश्व लीवर दिवस का महत्व केवल बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं है। यह एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले सकता है, जिसमें हर व्यक्ति, संस्था, और सरकार की भागीदारी जरूरी है। स्कूलों में बच्चों को स्वस्थ खान-पान की शिक्षा दी जाए, कॉलेजों में जागरूकता शिविर आयोजित हों, कार्यस्थलों पर तनाव प्रबंधन और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिले। सोशल मीडिया, जो आज हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है, वह इस संदेश को लाखों लोगों तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकता है। एक छोटा-सा बदलाव – जैसे रोजाना 30 मिनट की सैर, तले हुए खाने से परहेज, या शराब और धूम्रपान से दूरी – लीवर को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकता है। भारत में लीवर की बीमारियों से निपटने के लिए नीतिगत स्तर पर भी बदलाव की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों में हेपेटाइटिस बी के टीकाकरण को अनिवार्य करना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त स्क्रीनिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना, और लीवर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल प्रक्रियाओं को सस्ता और सुलभ बनाना जरूरी है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए निःशुल्क उपचार योजनाएं लागू की जानी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रहे।

## सच्चाई और कल्पना


डॉ टी महादेव राव

गर्मी की अलस सुबह की सैर के बाद समुद्र के किनारे में और छोटू रेत में बैठे थे। उठती गिरती आती-जाती लहरें सुबह-सुबह के सूरज की किरणें पड़कर कहीं चांदी सी तो कहीं सोने सी मनोहारी लग रही थीं। मैंने छोटू से पूछा इन आती-जाती लहरों को देखकर तुम्हें क्या लगता है छोटू? भैया! छोड़िए। कहूंगा तो कहोगे हमेशा एक ही बात बोलता है। तो अच्छा है न? बोलो! बोलता हूं। पहले आप बताइए आपको क्या लग रहा है? छोटू! मुझे लगता है समुद्र के पानी पर दूर-दूर तक चांदी और सोने की वर्क लगी हुए है, जो कि लहरों के साथ उठती गिरती और एक अनोखी सुंदरता को सहेज रही है। भैया! आपको पता है दस ग्राम सोने की कीमत लगभग एक लाख रुपए हो गई है और चांदी भी महंगा हो रहा है और ऐसे में आपको समुद्र की लहरों पर गिरती पड़ती किरणें सोने और चांदी का एहसास करा रही है? कल्पना करने में क्या जाता है छोटू? अगर चांदी और सोना आसमान छू रहे हैं तो हमारी कल्पना आसमान से भी ऊंची हुआ करती है। स्वाभाविक है हम ऐसा ही सोचेंगे। खैर! तुम बताओ! तुम्हें क्या लगता है इन लहरों को देखकर? भैया मुझे आती हुई लहरों को देखकर ऐसा लगता है महंगाई पूरी रफ्तार से हमारी ओर आ रही है और जब लहरें लौटती हैं तब लगता है आई हुई महंगाई हमारी सारी कमाई समेटकर वापस ले जा रही है। समुद्र पर जो आप सोना और चांदी देख रहे हैं मुझे लगता है कि मध्यम वर्ग की पहुंच से चांदी और सोना दूर जा रहे हैं। देखो छोटू! कभी-कभी कल्पनाओं में खो जाना इसलिए भी जरूरी है कि दुख दर्द से कुछ निजात मिले। जैसे कहते हैं न कि दिल बहलाने के लिए ग़ालिब यह ख्याल अच्छा है। भले ही तुम इसे पलायनवाद कहो या कोई और नाम दो। दुख, दर्द, पीड़ा, समस्या से हम कल्पनाओं में थोड़ी देर के लिए अलग दुनियां में ले जाती है और आराम देती हैं। इस दुनिया से दूर कहीं और ले जाती हैं। आपका कहना सही है भैया! लेकिन हम कहां तक भागेंगे? यह महंगाई और समस्याओं का कबंध राक्षस पता नहीं कब अपनी बाहों में हमें कस ले और हम वहीं दम तोड़ दें। नए-नए कर , नए-नए जीएसटी । अब देखिए न वेतन से आयकर पहले ही काट लिया जाता है। वेतन जब घर आता है तो हर एक बिल पर, हर खरीदी, हर एक व्यय पर जीएसटी अलग से दुकान वाले तो देते ही हैं, ग्राहक को भी देना पड़ता है। अब देखा जाए तो वेतन से सामान खरीदने के बाद जो बच जाता है उसकी अगर तुलना हम करें तो ऐसा लगता है कि हमें बर्फ की सिल्ली हाथ में वेतन के रूप में दिया गया है जो कि अंत में जाकर एक छोटे से घन के आकार का रह जाता है। ऐसे में मध्यवर्गीय नंगा क्या नहाए और क्या निचोड़े? हमेशा हमें अपनी समस्याओं की चिंता इतनी अधिक रहती है कि बाकी चीजों में कल्पना करने का न मन होता है न ऊर्जा होती है।

# कैसे बना बद्रीनाथ धाम? इसके लिए शिव-पार्वती को क्यों छोड़ना पड़ा स्थान



चार धाम में प्रमुख धाम बद्रीनाथ मंदिर यानी बद्रीनाथ धाम जो उत्तराखंड में अलकनंदा नदी के किनारे हिमालय की गोद में स्थित है। शास्त्रों के अनुसार यहां स्वयं भगवान विष्णु ने ध्यान लगाया था। ज्ञान के लिए विष्णु जी हिमालय की ओर चलने लगे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर स्थान दिखाई दिया जिसे उन्होंने अपने ध्यान के लिए चुना। वहां जाकर जब विष्णु जी ने देखा तो एक कुटिया में भोलेनाथ और माता पार्वती पहले से विराजमान थे। भगवान विष्णु इस स्थान पर तपस्या करना चाहते थे। उन्हें डर था यह घर मांगने पर शिव जी क्रोधित हो सकते हैं। शिव जी के क्रोध की वजह से वह इस स्थान को मांगना नहीं चाहते थे। इस स्थान को महादेव से मांगने के लिए भगवान विष्णु ने एक उपाय सोचा।भगवान विष्णु ने बच्चे का लिया अवतार : भगवान विष्णु ने उसे कुटिया के सामने एक बच्चे का स्वरूप धारण किया और रोने लगे। बालक के रोने की आवाज से मां पार्वती दयाभाव से दौड़कर उस बच्चे को उठाने लगी। शिवजी के मना करने के बाद भी पार्वती जी नहीं मानी और शिवजी को निर्दयी बोलते हुए उस बालक को गोद में उठा लिया और घर के अंदर आ गई। बच्चे को दूध पिलाकर उन्होंने सुला दिया।

इसके पश्चात शिवजी और पार्वती जी पास में मौजूद तप्त कुंड में स्थान के लिए चले गए।भगवान विष्णु ने बंद किया दरवाजा : स्नान के पश्चात वापस आने पर महादेव ने देखा कि घर का दरवाजा भीतर से बंद हो गया था। माता पार्वती ने उसे बच्चों को उठाने का प्रयास किया लेकिन महादेव मना कर रहे थे। भगवान विष्णु की इस लीला के पश्चात महादेव वहां से प्रस्थान करने लगे। प्रस्थान के बाद वह केदारनाथ पहुंच गये। तब से केदारनाथ भगवान भोलेनाथ का और बद्रीनाथ श्री हरि विष्णु का धाम बन गया है।

विष्णु ने छल से लिया महादेव का घर : समय-समय पर अपनी लीलाओं को दिखाने वाले श्री विष्णु ने एक बच्चे के स्वरूप में छल करके मां पार्वती और भोलेनाथ से उनका यह घर हासिल कर लिया। उसके पश्चात भगवान विष्णु ने इस स्थान पर ही ध्यान लगाया था। इस स्थान को बद्रीनाथ धाम कहा गया।

# मछली मारने गंगा में गए 'हनुमान' तभी मिली बजरंगबली की मूर्ति

कौशांबी में हनुमान जी का बड़ा ही मशहूर मंदिर स्थित है। इस मंदिर की मान्यता काफी है। इस मंदिर की स्थापना को लेकर काफी रोचक कहानी है। कौशांबी जिले के हब्बूनगर निवासी हनुमान नाम के एक व्यक्ति जो गंगा तालाब में मछली मारने का बड़ा शौक था। हनुमान गंगा घाट के किनारे निवासी हैं। प्रतिदिन की तरह मछली मारने जा रहे थे। तभी मछली मारने के दौरान गंगा जी में हनुमान जी की मूर्ति मिली और वह हनुमान जी की मूर्ति को उठाकर अपने घर की ओर चल दिए। रास्ते में खाई मिली और वहीं पर मूर्ति को रख दिया और हनुमान निषाद के मन में यह विचार आया कि एक चबूतरा बनवाकर हनुमान जी की मूर्ति को यहां पर विराजमान किया जाए। हनुमान निषाद ने चबूतरा बनवाकर तैयार किया तो हनुमान जी की मूर्ति को गांव के लोग देखने पहुंचे और मूर्ति को उठाने का प्रयास किया गया। तभी हनुमान जी की मूर्ति न उठने के बजाय उसी जगह पर समा गई।

मंदिर के पुजारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि हनुमान निषाद नाम के व्यक्ति जो गंगा जी में मछली मारने गए थे, तो वही गंगा जी में उन्हें एक हनुमान जी की मूर्ति मिली। उस मूर्ति को लेकर आए और एक जगह पर रख दिया। उसने सोचा कि एक चबूतरा बनवाकर हनुमान जी की मूर्ति को विराजमान किया जाए। जब वह मूर्ति को दूसरे दिन उठाने के लिए पहुंचा तो वहीं पर हनुमान जी की



मूर्ति जमीन में समा गई और वहीं पर उनका मंदिर तैयार किया गया। चैत्र माह के चौदस के दिन ही हनुमान जी की मूर्ति को विराजमान किया गया, जिससे चैत्र के चौदस को हर साल हनुमान जी के इस मंदिर में मेला लगता है। इस मूर्ति को लगभग 148 वर्ष पहले स्थापित किया गया था। तभी से यहां पर मेला लगना प्रारंभ हो गया है। ग्रामीण लोग पहुंचकर हनुमान जी के मंदिर में श्रद्धा से पूजा पाठ भी करते हैं।

# पुष्पक विमान किसका था, इंद्र देव या असुरों के राजा रावण का?



पुष्पक विमान का नाम आपने सुना होगा। जिन लोगों ने पुष्पक विमान का नाम नहीं सुना है, तो आपको बता दें कि त्रेतायुग में जब रावण ने माता सीता का हरण किया था, तो पुष्पक विमान से ही उनको लेकर लंका गया था। आज के समय में जिस प्रकार से हवाई जहाज होते हैं, वैसे ही उस समय में पुष्पक विमान था। जो हवा में तेज गति से उड़ता था।

जिस पर बैठकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते थे। रामायण में पुष्पक विमान का जिक्र मिलता है, तो सीता हरण और लंका विजय के बाद प्रभु राम का माता सीता, लक्ष्मण, सुग्रीव, विभीषण सहित अन्य लोगों के साथ अयोध्या जाने की घटना मन में उभरती है। रावण वध के बाद राम जी पुष्पक विमान से ही अयोध्या लौटे थे। सवाल यह है कि पुष्पक विमान किसका था? पुष्पक विमान रावण का था या देवताओं के राजा इंद्र का?

**रावण या इंद्र का नहीं था पुष्पक विमान**

रावण संहिता में पुष्पक विमान के बारे में वर्णन मिलता है। सबसे पहले ब्रह्म देव ने पुष्पक विमान के बारे में बताया था। उन्होंने इसे अपने भक्त वैश्रवण के लिए प्रकट किया था। रावण संहिता के अनुसार, पुष्पक विमान सूर्य के समान तेज वाला था। इसे प्राप्त करके व्यक्ति देवताओं के समान हो सकता था। पुष्पक विमान न तो रावण का था और न ही देवताओं के राजा इंद्र का।

**ब्रह्मा जी ने वैश्रवण को दिया था पुष्पक विमान**

वैश्रवण रावण के कुल का था। उसने ब्रह्मा जी को अपने कठोर तप से प्रसन्न किया था, तब ब्रह्म ने देव ने उसे दो वरदान दिए थे। ब्रह्मा जी ने उसे पहले चौथा लोकपाल बनाया। फिर उसे पुष्पक विमान दिया ताकि वह भी देवताओं के समान हो जाए। ब्रह्म देव ने उसे पुष्पक विमान को सवारी के रूप में स्वीकार करने को कहा। इस प्रकार से पुष्पक विमान वैश्रवण को मिला था। वैश्रवण कुबेर के नाम से प्रसिद्ध हुए।

**रावण के सौतेल भाई थे कुबेर**

पुष्पक विमान के मालिक कुबेर यानि वैश्रवण के पिता विश्रवा थे। महामुनि भारद्वाज ने अपनी पुत्री का विवाह विश्रवा से किया था। उनसे ही कुबेर का जन्म हुआ था। विश्रवा की दूसरी पत्नी कैकसी से रावण, कुंभकर्ण और विभीषण का जन्म हुआ था। इस तरह से कुबेर रावण के सौतेले भाई थे।

**रावण ने कुबेर से छिन लिया था पुष्पक विमान**

कुबेर के पास लंका नगरी थी, जहां पर पुष्पक विमान के साथ सभी प्रकार की सुख-सुविधाएं, ऐश्वर्य, धन, संपदा थी। रावण जब बलशाली हुआ तो उसने कुबरे से लंका और पुष्पक विमान दोनों ही छीन लिया। रावण को पुष्पक विमान की विशेषताओं के बारे में पता चला तो वह आश्चर्यचकित रह गया था।

# घर बैठकर 5 मिनट यह कर लो, नींद न आने की समस्या

## डिप्रेशन और गुस्सा सब हो जाएगा छूमंतर



सदियों से चली आ रही योग क्रियाओं की वजह से ऋषि मुनि तपस्वियों ने लंबी आयु और स्वस्थ जीवन व्यतीत किया। पूर्व में इलाज की अधिकता ना होने के समय पर इन योग क्रियाओं के माध्यम से ही लोगों का इलाज किया जाता था। शिव सर्वोदय ग्रंथ में भोलेनाथ ने माता पार्वती को योग और योग क्रियाओं से होने वाले ज्योतिषीय लाभ के बारे में बताया था।

अक्सर लोगों में ऑफिस और व्यापार में कार्य की अधिकता से तनाव की स्थिति आ जाती है। ऐसे लोग शराब, सिगरेट या किसी अन्य निकोटीनयुक्त पदार्थ का सेवन करने लगते हैं। उनका स्वाभाव भी धीरे धीरे चिढ़चिढ़ा और गुस्सैल हो जाता है। परिवार में लोगों के साथ उनके संबंध धीरे धीरे खराब होने लगते हैं। नींद और डिप्रेशन की समस्या से बचने के लिये मोबाइल और लैपटॉप आदि गेजेट्स का सहारा लेने लगते हैं। इन सभी समायाओं का सामना हम अपनी जीवनशैली में सुधार करके भी कर सकते हैं। इसके लिये हमें शांभवी योग मुद्रा का सहारा लेना चाहिये। यह मुद्रा 5-10 मिनट का निरंतर अभ्यास से हमें इससे मुक्त कर सकती है।

**शांभवी मुद्रा के लाभ :** शांभवी मुद्रा हमारे नर्वस सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करती है। इससे हमारी नींद में आ रही दिक्कत दूर हो जाती है।

जिन लोगों को अनित्र और टेंशन की समस्या होती है वे लोग इस मुद्रा को कर सकते हैं इससे उन्हें अति शीघ्र लाभ महसूस होगा। इस योग मुद्रा को करने से हमारा मन संतुलित रहेगा।

इस मुद्रा को करने से दैनिक क्रियाओं से थकान नहीं होती है। शांभवी मुद्रा से हमारे शरीर में डिप्रेशन और नींद को कंट्रोल करने वाले हारमोंस की संख्या बढ़ जाती है। किसी व्यक्ति को डिप्रेशन या अनित्र की समस्या रहती है तो उन्हें इस मुद्रा का नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। छात्रों को भी इस मुद्रा के करने से पढ़ाई में मन लगने लगता है।

**कैसे करें अभ्यास :** शांभवी मुद्रा का अभ्यास करने के लिए पीठ को सीधा करके पैरों को क्रॉस करके योग मुद्रा में बैठे। अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें एवं जीभ को तालुका से लगाएं। दोनों आंखों से अपनी आईब्रो पर देखें और इसे लगातार 5 से 10 मिनट तक निरंतर अभ्यास करके देखते रहें। इसके बाद अपनी जीभ और आंखों को नॉर्मल अवस्था में लेकर आए।

**किस वक्त करें यह मुद्रा :** शांभवी मुद्रा को करने के लिए सबसे बेहतर समय रात्रि में सोने से पहले एवं सुबह उठकर दैनिक क्रियाओं से निवृत होकर करने का है। इससे आपको बेहतर परिणाम हासिल होंगे।

# क्यों व्यक्ति को जीवन में देनी पड़ती है परीक्षा? मत्स्य अवतार की कथा में छिपा है यह रहस्य


पृथ्वी पर मानव सभ्यता की सुखद स्थापना के कई युगों के पश्चात एक समय ऐसा आया जब एक महान परिवर्तन की आहट सुनाई दी। उस समय पृथ्वी पर राजा सत्यव्रत का शासन था। वे एक प्रतापी, धर्मनिष्ठ और दयालु शासक थे। एक दिन प्रातःकाल, जब राजा सत्यव्रत सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नदी में स्नान कर रहे थे, उन्होंने अपनी अंजलि में जल लिया। उसी क्षण उन्होंने देखा कि उनके हाथों में एक छोटी सी मछली भी आ गई है। जैसे ही वे उसे वापस नदी में छोड़ने लगे, वह मछली बोली, "हे राजन, नदी में रहने वाली बड़ी मछलियाँ और जलचर मुझे निगल सकती हैं। कृपया मेरी रक्षा करें।" इस कथा के बारे में और केतु ग्रह से जुड़े इसके कनेक्शन के बारे में बता रहे हैं भोपाल स्थित ज्योतिषाचार्य रवि पाराशर।

राजा सत्यव्रत को उस मछली पर दया आ गई। उन्होंने उसे नदी में वापस छोड़ने के बजाय अपने कमंडल में रख लिया और राजमहल ले आए। अगले दिन जब उन्होंने मछली को देखा, तो पाया कि उसका आकार अप्रत्याशित रूप से बढ़ चुका था और वह कमंडल में समा नहीं पा रही थी। उन्होंने उसे एक जलपात्र में स्थान दिया, किंतु अगले ही दिन वह पात्र भी छोटा पड़ गया।

राजा ने उसे एक और बड़े पात्र में रखा, फिर एक तालाब खुदवाया, परंतु मछली का आकार निरंतर बढ़ता गया। अंततः राजा ने मछली से आज्ञा लेकर उसे समुद्र में छोड़ दिया। वहां भी मछली का आकार इतना विशाल हो गया कि समुद्र भी उसके लिए छोटा प्रतीत होने लगा।

तब राजा सत्यव्रत को बोध हुआ कि यह कोई साधारण मछली नहीं है। उन्होंने हाथ जोड़कर प्रार्थना की, तब वह मछली भगवान विष्णु के मत्स्य रूप में प्रकट हुई। भगवान ने राजा से कहा, "हे राजन, मैं तुम्हारी करुणा और सूक्ष्म





प्राणियों के प्रति संवेदनशीलता की परीक्षा लेने आया था। मैं तुमसे अत्यंत प्रसन्न हूं।"

भगवान ने बताया कि सात दिनों पश्चात सम्पूर्ण पृथ्वी जलप्रलय से ग्रस्त होगी। उस समय एक विशाल नौका, जिसमें ऋषिगण, बीज, औषधियां होंगे, तुम्हारे महल के निकट से गुज़रेगी। तुम उसमें सवार हो जाना।

इसके पश्चात भगवान मत्स्य समुद्र में विलीन हो गए और उन्होंने पाताल जाकर हैयग्रीव नामक असुर से चुराए गए वेदों को पुनः प्राप्त किया।

सातवें दिन जब जलप्रलय हुआ, तब वही मत्स्य अवतार प्रकट हुए और उन्होंने राजा सत्यव्रत तथा अन्य ऋषियों को सुरक्षित नौका में बैठाकर अपने सींग से बांध लिया और उन्हें पर्वत की ऊंचाई पर ले गए। प्रलय समाप्त होने के बाद भगवान ने राजा को आत्मज्ञान प्रदान किया और उन्हें पुनः पृथ्वी पर जीवन की पुनः स्थापना का दायित्व सौंपा।

ज्योतिषीय दृष्टिकोण से मत्स्य अवतार का रहस्य

भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार को यदि ज्योतिषीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो यह अवतार केतु ग्रह की ऊर्जा से जुड़ा हुआ है। यह कथा विशेष रूप से कुछ ज्योतिषीय संकेतों को उजागर करती है,

केतु का परीक्षा भावः केतु का संबंध जीवन में आने वाली आंतरिक परीक्षा और अप्रत्याशित परिस्थितियों से होता है। जैसे राजा सत्यव्रत की करुणा की परीक्षा ली गई, वैसे ही जन्मकुंडली में जहां-जहां केतु स्थित होता है, वहां व्यक्ति को जीवन में परीक्षण से गुजरना पड़ता है। लेकिन अगर वह वहां उचित निर्णय लेता है, तो केतु वहीं से उसे सबसे कठिन समय में अद्भुत सहायता भी देता है।

केतु और ज्ञान का संरक्षणः केतु केवल ज्ञान से नहीं, बल्कि उसके संरक्षण और आगे की पीढ़ियों में विस्तार से भी जुड़ा है। मत्स्य अवतार ने वेदों की रक्षा की। यह दर्शाता है कि कुंडली में जहां केतु स्थित हो, वहां से संबंधित ज्ञान, गुण, या कौशल को व्यक्ति केवल आत्मसात ही नहीं करता, बल्कि उसे समाज और पीढ़ियों में आगे बढ़ाने की चेष्टा करता है।

# मूलांक 3 और 4 वालों के हाथ लगेगा गोल्डन चांस!


अंक शास्त्र के अनुसार जन्म तिथि की पूर्ण गुणांक की इकाई संख्या से जीवन के भविष्य को जाना जा सकता है। जिसे मूलांक कहा जाता है। इसे अंग्रेजी के शब्दों में न्यूमेरोलॉजी कहते हैं। जन्म तारीख के आधार पर 1 से लेकर 9 तक सभी मूलांक वालों के लिए कैसा रहेगा आज का दिन।

**मूलांक- 1** परिवार में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बनेगी। जिससे सभी लोग खुश होंगे।

**मूलांक- 2** आपके कामों में जो भी रूकावटे आ रही है। वो रूकावटे आज दूर होंगी।

**मूलांक- 3** आज का दिन उत्तम रहेगा। कारोबार मे फायदा होने के योग बन रहे हैं।

**मूलांक- 4** अपनी काबीलियत को रचनात्मक तरीके से प्रदर्शित करेंगे। साथ ही आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**मूलांक- 5** आपको आज किसी जरूरी काम में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

**मूलांक- 6** दोस्तों से आपकी मुलाकात होगी। कोई दोस्त आपकी मदद भी मांग सकता है।

**मूलांक- 7** आपका उदार भाव लोगों को काफी प्रभावित करेगा। जिससे लोग आपसे खुश बने रहेंगे।

**मूलांक- 8** आज आप किसी की मदद करेंगे। जिससे आपका मन खुख होगा।

**मूलांक- 9** विवाहित लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। जीवनसाथी के साथ खूब सारी बाते करेंगे।

**इस तरह आप अपना मूलांक जान सकते हैं**

उदाहरण के तौर पर यदि आपकी जन्म तारीख 22, 4 और 13 है तो इस तरह आपका मूलांक 4 बनेगा। मूलांक निकालने का तरीका यदि जन्म की डेट 22 तारीख है तो इसे 2+2 करने पर 4 आएगा।

# व्यापार में मिलेगी खूब तरक्की, अगर इस दिशा में होगा कैश काउंटर

**यह दिशा है होगी शुभ**

वास्तु शास्त्र के अनुसार धन की देवी लक्ष्मी का उत्तर-पूर्व दिशा में वास माना गया है। इसलिए अगर आपके व्यावसायिक स्थल पर उत्तर-पूर्व दिशा में ढलान है या यह स्थान खुला है तो धन की आवक में वृद्धि होती है। यह उपाय व्यापार में आ रही बाधाओं विवादों और कर्ज जैसी समस्याओं को भी दूर कर सकता है।

**निर्माण की दिशा का रखें ध्यान**

जब भी आप नया प्लॉट खरीदें तो ध्यान रखें कि



उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की दिशा में निर्माण कार्य न करें। इससे व्यापार में रुकावटें, आर्थिक तंगी और कामकाज में अड़चनें आ सकती हैं। इन दिशाओं को ज्यादा से ज्यादा खाली रखें, वहीं दक्षिण-पश्चिम दिशा की जमीन ऊंची होनी चाहिए और वहां की चारदीवारी मजबूत होनी चाहिए। इससे व्यापारिक स्थल पर शांति और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

**इस स्थान पर बनाएं मालिक की सीट**

दुकान या फैक्ट्री में मालिक को दक्षिण-पश्चिम दिशा में बैठना चाहिए। बतादें अगर दुकान पूर्व दिशा में खुलती है तो चेहरा उत्तर की ओर करें। अगर पश्चिम दिशा में खुलती है तो चेहरा दक्षिण की ओर रखें।अगर दक्षिण दिशा में है तो दक्षिण-पश्चिम में बैठें और पूर्व की ओर मुंह करें।

**कैश काउंटर कहां बनाएं**

धन के देवता कुबेर का स्थान उत्तर दिशा में माना जाता है। इसलिए कैश काउंटर को उत्तर दिशा या ईशान कोण में बनाना चाहिए। ध्यान रखें कि जब इसे खोलें या बंद करें तो तीखी आवाज नहीं आनी चाहिए। वहीं यदि कैश काउंटर पर बैठने वाला व्यक्ति उत्तर या ईशान दिशा की ओर मुख कर के बैठेगा तो बहुत शुभ होगा।

# शूजित सरकार ने बताया क्यों नहीं चल रहीं बॉलीवुड की फिल्में



2025 की पहली तिमाही निकल चुकी है। लेकिन अभी तक बॉलीवुड के खाते में एक 'छावा' को छोड़कर कोई और बड़ी फिल्म नहीं आई। ये इंडस्ट्री के लिए एक बड़ी चिंता की बात है। अब निर्देशक शूजित सरकार ने भी इस मामले पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने ये समझाने का प्रयास किया है कि बॉलीवुड में आखिर क्या गलत हो रहा है, जिसके चलते दर्शक फिल्मों की ओर नहीं आ रहे हैं।

**जोखिम उठाना होगा**

एएनआई के साथ बातचीत में निर्दशक शूजित सरकार ने फिल्मों के न चल पाने और दर्शकों के थिएटर में न आने पर अपने विचार साझा किए हैं। निर्देशक ने कहा, "इसके दो बहुत महत्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, मैं कहूंगा कि फिल्म निर्देशक और निर्माता, रचनात्मक लोगों के रूप में जोखिम नहीं उठा रहे हैं। जब कहानी कहने की बात आती है, तो आप पुरानी कहानियों को दोहरा नहीं सकते। आपको कहीं न कहीं कुछ जोखिम उठाना ही पड़ता है। आपको नए, व्यावहारिक विषय लाने की जरूरत है, चाहे वह किसी भी शैली का हो।"


**स्टार्स को कम करनी होगी अपनी फीस**

शूजित सरकार ने बॉलीवुड स्टार्स की फीस को लेकर भी चिंता जताई और इस पर अपने सुझाव दिए। उन्होंने कहा, "कुछ लोकप्रिय अभिनेताओं को अपनी फीस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, या अवसर खोने का जोखिम उठाना होगा। मैं लोगों के द्वारा ली जाने वाली फीस के बारे में ज्यादा नहीं कहूंगा, लेकिन मुझे एक बात का यकीन है कि लोकप्रिय अभिनेताओं को अपनी फीस कम करनी होगी। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो निर्देशक उनसे संपर्क करना बंद कर देंगे।"

**हमारी फिल्मों की लागत ज्यादा नहीं होती**

आगे अपने प्रोडक्शन हाउस राइजिंग सन फिल्म्स के बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा, "हमारे साथ ऐसा नहीं हुआ है। हमने जितनी भी फिल्में बनाई हैं, हमने कभी भी लागत को बहुत ज्यादा नहीं होने दिया। इसलिए हमें कम शिकायतें हैं। हमने ऐसे अभिनेताओं के साथ काम किया है जो समझते हैं कि वे शूजित सरकार के साथ राइजिंग सन फिल्म पर काम कर रहे हैं और लागत बहुत ज्यादा नहीं होगी।"

# '23 साल बाद फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का डायरेक्शन करेंगे अनुपम खेर






अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी अदाकारी से हिंदी सिनेमा में एक अलग स्थान बनाया है। उन्होंने अलग-अलग शैलियों की फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखाया है। इसके अलावा उन्होंने निर्देशन में भी हाथ आजमाया है। उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'ओम जय जगदीश' (2002) थी। अब एक बार फिर वे 'तन्वी द ग्रेट' के जरिए निर्देशन की दुनिया में लौटे हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी इस फिल्म पर बात की।

अनुपम खेर ने आज शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे एक टीशर्ट पहने दिख रहे हैं, जिस पर लिखा है, 'डायरेक्टर, 'तन्वी द ग्रेट'। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'मुझे 23 साल लग गए दोबारा निर्देशक की टीशर्ट पहनने में। पहली फिल्म 'ओम जय जगदीश' डायरेक्ट करना मुझे अच्छा लगा था। मेरा जो सामर्थ्य था, मैंने उस हिसाब से फिल्म बनाई। पर उस फिल्म की कहानी मेरी नहीं थी'।

**दिल के करीब है फिल्म की कहानी**

अनुपम खेर ने आगे लिखा है, ' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की कहानी मेरे दिल और आत्मा से निकली है। फिर पिछले 23 साल में जिंदगी ने बहुत कुछ सिखाया भी है और अब फिल्म के रिलीज होने तक आपको तन्वी से जुड़ी बातें, कहानियां और किस्से बताता रहूंगा! परेशान ना होना! ये मार्केटिंग भी है और प्यार भी! जय हो'!

**यूजर्स ने दी बधाई**

एक्टर के इस पोस्ट पर यूजर्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनकी आगामी फिल्म को लेकर बधाई दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपको बहुत बधाई, आपके निर्देशन में बनी यह फिल्म देखने के लिए उत्साहित हैं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप ऐसे ही आगे बढ़िए'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप कमाल का काम करते हैं, आपको बहुत बधाई'।

# कमल हासन, मणिरत्नम और एआर रहमान बना रहे गैंगस्टर पर फिल्म



कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' रिलीज होने वाली है। आज चेन्नई में इस फिल्म की पहली प्रेस मीट हुई। प्रेस मीट में अभिनेता कमल हासन, निर्देशक मणिरत्नम और म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान पहुंचे। शुक्रवार को फिल्म का पहला गाना 'जिंगुचा' लॉन्च किया गया। 'ठग लाइफ' पांच जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है।

**फिल्म में शामिल हैं बेहतरीन कलाकार**

कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर महेंद्रन और शिवा अनंत निर्मित 'ठग लाइफ' में कई बेहतरीन कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म में कमल हासन के अलावा सिलाम्बरासन, त्रिषा कृष्णन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी हैं। इसके म्यूजिक कंपोजर ए आर रहमान हैं।

**कमल हासन की 234वीं फिल्म**

आपको बता दें कि इस फिल्म का एलान नवंबर 2022 में किया गया था। यह कमल हासन की बतौर लीड एक्टर 234वीं फिल्म है। पिछले महीने कमल हासन, ए आर रहमान और मणिरत्नम को एक साथ देखा गया था। तभी से चर्चाएं थीं कि तीनों फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए ही काफी दिनों बाद ए आर रहमान, कमल हासन और मणिरत्नम एक साथ आए हैं।

**कई सालों बाद साथ आए बड़े कलाकार**

इस फिल्म से हासन और रत्नम की जोड़ी पिछली फिल्म नायकन (1987) के बाद वापसी कर रही है। इसे राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मद्रास टॉकीज और रेड जायंट मूवीज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

मणिरत्नम इस फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं। एआर रहमान ने फिल्म में बेहतरीन संगीत दिया है। कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली 'ठग लाइफ' 5 जून 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 'हिम्मत, ईमानदारी और संवेदनशीलता से कही गई कहानी' विक्की कौशल ने की केसरी चैप्टर 2 की तारीफ



अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की मच अवेटेड फिल्म 'केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। रिलीज के बाद से ही फिल्म को लोगों की प्रशंसा मिल रही है। इंडस्ट्री में भी फिल्म को पसंद किया जा रहा है और स्टार्स भी अक्षय कुमार की फिल्म की तारीफ कर रहे हैं।

रिलीज से पहले फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। जहां सितारों की महफिल सजी। स्क्रीनिंग के बाद विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की समीक्षा की और इसकी खूब तारीफ की। विक्की कौशल ने फिल्म को देखने के बाद इसकी तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। इस स्टोरी में विक्की कौशल ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, "बहुत ही हिम्मत, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई एक अनकही कहानी।

यह एक बेहतरीन निर्देशन वाली फिल्म है। हमारे इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय को पर्दे पर उतारने के लिए करण जौहर, अमृतपाल सिंह बिंद्रा, आनंद तिवारी, अपूर्व मेहता, अदार पूनावाला को बधाई।" विक्की कौशल ने अपनी स्टोरी में फिल्म के निर्देशक करण त्यागी को भी बधाई दी। सितारों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, अक्षय कुमार, आर. माधवन, अनन्या पांडे, अमित सियाल, बेहतरीन क्लास। बेहतरीन जादू। मिस न करें।

**करण सिंह त्यागी ने किया है फिल्म का निर्देशन**

'केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म की कहानी 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है, जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के कम चर्चित अध्याय को उजागर करता है।

# बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा मेरा करियर : शरवरी वाघ



संजय लीला भंसाली ने पूछा कि क्या वह उनकी सहायता कर सकती है। तब 'बाजीराव मस्तानी' का निर्माण चल रहा था और शरवरी ने इसमें इंटर्नशिप करने की इच्छा व्यक्त की तो उसे सहायक निर्देशक के रूप में काम मिल गया।

शरवरी वाघ अभिनय के क्षेत्र में पांच साल का समय बिता चुकी है। इस दौरान उसने कई शानदार फिल्में दीं। उसने बताया कि उसका सफर उतार- चढ़ाव से भरा रहा है।

शरवरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत वैब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी आजादी के लिए' से की थी, जिसमें उसके साथ सनी कौशल मुख्य भूमिका में था। इसके बाद वह 'बंटी और बबली 2' में नजर आई। धीमी शुरुआत के बाद उसने 'मुंज्या', 'महाराज' और 'वेदा' जैसी हिट फिल्मों में काम किया जिन्हें काफी पसंद किया गया।

शरवरी ने बताया, "मैं अपने सफर के लिए आभारी हूं, जो उतार- चढ़ाव से भरा रहा है। मैंने हर दिन कुछ नया सीखा है। मुझे लगता है। कि यह शुरुआत है। मुझे लंबा सफर तय करना है ।

**अगली फिल्म**

शिव रवैल के निर्देशन में तैयार फिल्म 'अल्फा' में शरवरी वाघ आलिया भट्ट के साथ नजर आएगी । शरवरी ने आलिया के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "आलिया शानदार अभिनेत्री के साथ ही शानदार इंसान भी हैं और फिल्म में काम कर मुझे जो सबसे बड़ा फायदा मिला, वह यह था कि मुझे उनसे सीखने को मिला ।

उसने कहा, ₹मुझे हर दिन सैट पर उनके साथ रहना एक मास्टर क्लास की तरह लगता था। मैंने उनसे जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपने अगले हर प्रोजैक्ट में लागू करूंगी। मैं आलिया के साथ काम करने का यह अवसर पाकर आभारी हूं । ₹ शरवरी की अगली फिल्म 'अल्फा' यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इसकी शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म 'टाइगर' फ्रैंचाइजी से हुई।

पहले 'एक था टाइगर' और उसके बाद 'टाइगर जिंदा है' आई। इसके बाद 'वॉर', 'पठान' और 'टाइगर 3' के साथ एक्शन और रोमांच का सफर जारी है। फ्रैंचाइजी की आने वाली फिल्मों में अयान मुखर्जी के निर्देशन में तैयार 'वॉर 2', 'पठान 2' और 'टाइगर बनाम पठान' शामिल हैं। 'अल्फा' क्रिसमस के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**इस निर्देशक के साथ पहली फिल्म करना चाहती थी**

शरवरी ने कबीर खान की वैब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी आजादी के लिए' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उससे पहले, उसने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया था। उसने खुलासा किया कि वह अपनी पहली फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ करना चाहती थी लेकिन फिल्म में सिलैक्ट होने के बावजूद भी ऐसा कुछ हुआ कि अपनी पहली फिल्म वह उनके साथ नहीं कर पाई ।

शरवरी ने बताया कि वह रणवीर सिंह, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में सहायक निर्देशक कैसे बनी। दरअसल, वह संजय द्वारा बनाई जा रही एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थी।

शरवरी ने कहा, "मुझे संजय सर के प्रोडक्शन हाऊस के साथ एक फिल्म करनी थी। मैंने इसके लिए ऑडिशन दिया और शॉर्टलिस्ट भी हो गई लेकिन चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं और फिल्म नहीं बनाई गई । कुछ तकनीकी कारणों से उस फिल्म पर थोड़ा विराम लग गया। उन्हें कुछ सोचना पड़ा और स्क्रिप्ट पर फिर से काम करना पड़ा।

शरवरी के अनुसार उस दौरान संजय लीला भंसाली ने उससे पूछा कि क्या वह उनकी सहायता कर सकती है । तब 'बाजीराव मस्तानी' का निर्माण चल रहा था और शरवरी ने इसमें इंटर्नशिप करने की इच्छा व्यक्त की। संजय इस पर सहमत हो गए और उसे अपनी फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में सहायक निर्देशक के रूप में काम दे दिया ।

**शरवरी के हाथ लगा एक और बड़ा प्रोजैक्ट**

सूरज बड़जात्या को फैमली ड्रामा फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस वक्त डायरैक्टर अपने नए प्रोजैक्ट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कुछ दिन पहले सूरज अपनी नई फिल्म के लिए एक नई हीरोइन की तलाश कर रहे थे । लगता है उनकी तलाश पूरी हो गई है। सूत्रों की मानें तो उन्होंने शरवरी को इस फिल्म के लिए साइन कर लिया है। फिल्म में आयुष्मान खुराना उसके अपोजिट नजर आने वाला है। हालांकि अभी तक फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है।

एक रिपोर्ट की मानें तो निर्देशक एक ऐसी एक्ट्रैस की तलाश में थे, जो अपने किरदार में मासूमियत और इमोशन दोनों ला सके। इसके लिए उन्होंने कई ऑडिशन लिए और शरवरी को इस किरदार के लिए बिल्कुल फिट माना गया। सूरज बड़जात्या बॉलीवुड की कई मशहूर अभिनेत्रियों के साथ काम किया है, जिनमें माधुरी दीक्षित, करीना कपूर और भाग्यश्री शामिल हैं। अब, शरवरी के भी इस लिस्ट में शामिल होने की उम्मीद है।

अगर यह सत्य है और ऐसा होता है तो आयुष्मान और शरवरी को पहली बार स्क्रीन पर एक साथ देखना बहुत रोमांचक साबित होने वाला है। दोनों सितारे पहली बार दि ग ग ज फिल्ममेकर के साथ काम करने वाले हैं। उम्मीद की जा रही है कि उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया जाएगा। यह भी बताया गया है कि इस रोल के लिए कई एक्ट्रैसेज के नाम पर विचार किया गया था, लेकिन सूरज बड़जात्या ने अपने चयन में बहुत सावधानी बरती है।

**राजनीतिक परिवार से संबंध**

मुंबई में मराठी परिवार में जन्मी शरवरी वाघ राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखती है। दरअसल, उनके नाना मनोहर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। शरवरी के पिता शैलेश वाघ मुंबई के जाने-माने बिल्डर हैं, जबकि मां नम्रता वाघ आर्किटैक्ट हैं। इनके अलावा उनकी बहन कस्तूरी भी आर्किटैक्ट है।

# आईपीएल मैच के दौरान एक साथ दिखे इब्राहिम अली खान और राशा थडानी

हाल ही में क्रिकेट प्रेमियों के बीच आईपीएल सीजन चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें बॉलीवुड के कई कलाकार भी मैच का लुफ्त उठाने पहुंच रहे हैं। बीते दिन वानखेड़े स्टेडियम में हुए मैच ने लोगों का ध्यान तब खींचा, जब इब्राहिम अली खान और राशा थडानी को वहां स्पॉट किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**क्या है वायरल वीडियो?**

बीते दिन गुरुवार को आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेला गया। ये मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम हुआ। मैच के दौरान





बॉलीवुड एक्टर इब्राहिम अली खान और राशा थडानी को भी मैच का आनंद लेते देखा गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों ने मैदान में खिलाड़ियों द्वारा खेले गए एक-एक शॉट्स का खूब लुफ्त उठाया। इन दोनों का स्टेडियम से बाहर निकलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने उनके फैंस के मन में कई सवाल पैदा कर दिए हैं। इस वीडियो में राशा हाथ हिलाकर अपने फैंस का अभिवादन भी स्वीकर कर रही हैं और कार में बैठती दिख रही हैं। वहीं, वायरल वीडियो में दोनों के साथ वीर पहाड़िया भी नजरा आ रहे हैं।

**किस लिए इस वीडियो ने बढ़ाई चर्चा?**

हाल ही में अभिनेता इब्राहिम अली खान ने पलक तिवारी के साथ डेटिंग की अफवाहों को निराधार बताया था। हालांकि, दोनों को एक साथ छुट्टियों का आनंद लेते देखा गया था। इस कारण से उनके फैंस के बीच इन दोनों के रिश्ते के बारे में चर्चा थी, लेकिन अभिनेता ने सभी को झूठा करार दिया। अब राशा के साथ उनके इस वीडियो ने फिर से अफवाहों को तूल दे दिया है।

**इब्राहिम अली खान वर्कफ्रंट**

अगर इब्राहिम अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता अभी 'नादानियां' फिल्म में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ खुशी कपूर मुख्य भूमिका में थीं। फिल्म का निर्देशन शौना गौतम ने किया था।

# हाथ में झाड़ू और कमर में बंधी साड़ी, राधिका आप्टे ने शेयर किया अपनी फिल्म का पोस्टर





राधिका आप्टे ने अपने सोशल मिडिया पर अपनी फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके अंदाज ने लोगों को चौंका दिया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री हाथ में झाड़ू और कमर साड़ी बांधे हुईं नजर आ रही हैं।

**राधिका आप्टे ने शेयर किया नया लुक**

अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपने इंस्ट्ग्राम पर एक स्टोरी लगाई है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' का एक पोस्टर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्टर को शेयर किया है, उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'सिस्टर मिडनाइट के यूएस टैक्सी ड्राइवर से प्रेरित आधिकारिक पोस्टर की पहली झलक।' इसके अलावा लिखा कि फिल्म का निर्देशन और लेखन का काम करण कंधारी द्वारा किया गया है।

साथ ही कैप्शन में लिखा कि यह फिल्म 16 मई को पहले न्यूयॉर्क में फिर 23 मई को लॉस एंजिलस में और उसके बाद बाकी शहरों में रिलीज की जाएगी। वहीं आपको बताते चलें कि इस पोस्टर को जेम्स पैटरसन द्वारा डिजाइन किया गया है।

**नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं**

राधिका आप्टे के इस लुक पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसमें एक यूजर ने कमेंट किया कि राधिका एक शानदार कलाकार हैं।

दूसरे यूजर ने कमेंट किया कि इस फिल्म का पोस्टर 1976 की 'टैक्सी ड्राइवर' फिल्म के पोस्टर की याद दिलाती है। इसके अलावा अन्य यूजर ने लिखा शानदार फिल्म।

**एक नजर राधिका आप्टे के काम पर**

अगर राधिका आप्टे के काम के बारे में बात करें तो अभिनेत्री ने 'रात अकेली है', 'ओ माय डॉर्लिंग' जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा अभिनेत्री ने कई वेब सीरीज में भी काम किया है और अपनी शानदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है।

# लेडी डान के आर्डर पर नाबालिक का मर्डर

## सीलमपुर में नाबालिग की हत्या के बाद लगे हिंदू पलायन के पोस्टर, लोगों में दहशत

### 'ये मकान बिकाऊ है'

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। सीलमपुर इलाके में चाकूबाजी की घटना में 17 साल के लड़के की मौत हो गई। उसकी पहचान जे ब्लॉक न्यू सीलमपुर निवासी कुणाल के तौर पर हुई है। शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। सीलमपुर पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। कुणाल की हत्या से आक्रोशित लोगों ने सीलमपुर में रोड जाम कर दिया है। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोग आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, मृतक के परिजनों का कहना है कि आरोपियों को फांसी होनी चाहिए।

सीलमपुर मर्डर में एक लेडी डॉन जिकरा और उसके भाई का नाम सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। इसके अलावा लोगों ने 'हिदू पलायन करने को मजबूर', 'घर बिकाऊ है' जैसे पोस्टर लगाकर प्रदर्शन किया।



**पुलिस ने कई टीम बनाकर शुरू की जांच**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 7:38 बजे सीलमपुर पुलिस को जे-ब्लॉक में चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को घायल लड़का मिला। उसे तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया।

हालांकि इलाज के दौरान कुणाल की मौत हो गई। घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए क्राइम टीम को बुलाया गया। फिलहाल पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई है। पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

**मृतक की मां ने लिया 'लेडी डॉन' का नाम**

मृतक की मां ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस इलाके में पहले भी कई हत्याएं हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि लेडी डॉन लोगों को परेशान करती है। ग्रुप में जाकर लोगों के घरों पर हमला करती है।

**'हम इंसाफ चाहते हैं'**

वहीं, मृतक की बहन ने बताया कि पुलिस ने अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। लेडी डॉन लगभग तीन महीने पहले जेल से बाहर आई थी। क्षेत्र में बिना बात पर लोगों को मारकर चली जाती है। मृतक की बहन करीना ने बताया कि कुणाल मेरा छोटा भाई है। लेडी डॉन के सवाल पर करीना ने कहा कि मैं उसे नहीं जानती। कुणाल भूखा था और वह दूध लेने के लिए गया था। उसे कोई बुलाकर ले गया था, जहां उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। हम इंसाफ चाहते हैं।

**कौन है लेडी डॉन?**

इस पूरे घटनाक्रम में लेडी डॉन का नाम सामने आया है। कुणाल के परिजनों का आरोप है कि इस हत्या के पीछे लेडी डॉन जिकरा और उसका भाई शामिल है। जिकरा ने ही कुणाल को धमकी भी दी थी। जिस लेडी डॉन का मर्डर केस में नाम आया है, वह पहले भी अपनी हरकतों के कारण चर्चा में रह चुकी है। दरअसल इसने कुछ समय पहले अपने इंस्टाग्राम पर पिस्टल के साथ फोटो पोस्ट किए थे, जिसके बाद मामले में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। इंस्टाग्राम पर उसने अपना नाम लेडी डॉन डाला हुआ है। इंट्रो में खुद को बदमाश गर्ल लिखती है। घटना के बाद, गहन जांच के लिए क्राइम टीम को मौके पर भेजा गया। सीलमपुर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने हमलावरों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमें तैनात की हैं। सीनियर अधिकारी जांच की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जांच प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। हत्या के पीछे का मकसद अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भोपाल के नामी स्कूल की मान्यता रद्द, लगेगा ताला, डीएम ने बच्ची से रेप मामले में की कार्रवाई

भोपाल, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक नामी निजी स्कूल की मान्यता रद्द कर दी है। डीएम कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश पर ये कार्रवाई हुई है। स्कूल में पिछले साल सितंबर में तीन साल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न हुआ था। भोपाल के कमला नगर थाना क्षेत्र में संचालित होने वाले रेडक्लिफ स्कूल के टीचर कासिम रेहान पर बच्ची के साथ रेप करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। इस वारदात के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद डीएम कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने रेडक्लिफ स्कूल की मान्यता करने का फैसला किया।

**अब नहीं हो सकेगा स्कूल का संचालन**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गुरुवार रात स्कूल के संचालन को रोकने के आदेश जारी किए। यह भोपाल का पहला मामला है, जहां अधिकारियों ने किसी निजी संस्थान का प्रभार संभाला है। प्रशासन के लिए एक क्लस्टर प्रिंसिपल को नामित किया गया है। स्कूल ने कक्षा 1-8 के लिए मान्यता खो दी है। निर्देश में कहा गया है कि स्कूल का संचालन सत्र 2025-26 से समाप्त हो जाएगा। मौजूदा छात्रों को कहीं और प्रवेश लेना होगा। डीएम ने कहा है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य खराब ना हो इसलिए वह निजी या शासकीय विद्यालय में दाखिला ले सकते हैं।

**सरकारी या किसी दूसरे निजी स्कूल में ले सकते हैं दाखिला**

आरटीई के तहत एडमिशन लेने वाले छात्र सरकारी संस्थानों में जा सकते हैं, जबकि अन्य को अन्य स्कूलों में प्रवेश लेना होगा। स्कूल में वर्तमान में 324 छात्र हैं। पिछले साल सार्वजनिक विरोध के बाद अधिकारियों ने परिसर को सील कर दिया था। अधिकारियों ने दो जांच दल बनाए। पहली जांच में छात्राओं के लिए संस्थान के सुरक्षा उपायों में महत्वपूर्ण कमियों का पता चला। बाद में एक दूसरी समिति ने कलेक्टर को अपना परिचालन मूल्यांकन प्रस्तुत किया।

# महाराष्ट्र में हिंदी अनिवार्य करने पर भड़के संजय राउत

## राज ठाकरे को भी सुनाई खरी-खोटी, बोले- 'सीएम फडणवीस भाषा की राजनीति करना चाहते हैं '



मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत कक्षा पहली से पांचवीं तक मराठी और इंग्लिश मीडियम स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य कर दिया है। लेकिन, इस फैसले ने भाषा के सम्मान से जुड़ी बहस को फिर से गरमा दिया है। शिवसेना-यूबीटी के सांसद संजय राउत ने इस फैसले का विरोध किया है। उनका कहना है कि मराठी राजभाषा है और यहां हिंदी भाषा सिखाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, फडणवीस भाषा की राजनीति करना चाहते हैं। यहां की राजभाषा मराठी है, पहले मराठी को पूरी तरह अनिवार्य करो। नौकरी, उद्योग और व्यापार में मराठी भाषा को सम्मान मिलना चाहिए।

राउत ने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री मुंबई में है, हम सभी हिंदी गाने गाते हैं, फिर भी आप हमें हिंदी सिखाने चले हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि हिंदी की जरूरत जहां है- जैसे तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश या नॉर्थ-ईस्ट में, वहां कीजिए, लेकिन महाराष्ट्र में पहले मराठी की बात की जानी चाहिए। उन्होंने बीजेपी नेताओं पर मराठी भाषा की अनदेखी का आरोप लगाया और पूछा, घाटकोपर की भाषा गुजराती बताने वाले बीजेपी नेता पर क्या कार्रवाई हुई? महाराष्ट्र की हर स्कूल में पहले मराठी को अनिवार्य करना चाहिए, सिर्फ कागजों पर नहीं, जमीन पर लागू करके दिखाओ। हिंदी को लेकर उन्होंने कहा कि देश में हिंदी के प्रति प्रेम है, लेकिन उसे पाठ्यक्रम में जबरदस्ती न थोपा जाए। पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह को अंग्रेजी नहीं आती, इसका मतलब ये नहीं कि सबको हिंदी पढ़ाई जाए।

**राज ठाकरे पर क्या बोले संजय राउत?**

राज ठाकरे पर हमला बोलते हुए संजय राउत ने कहा, आप बाला साहेब की भाषा की नकल कर रहे हो। देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे आपको नंगा कर रहे हैं और आप कपड़े बदलते जा रहे हैं। ये किसी भी पार्टी के लिए ठीक नहीं है।

# क्लीनिकल शुल्क जमा होने पर ही परीक्षा की अनुमति, नर्सिंग कॉलेजों को लेकर हाईकोर्ट का फैसला

जबलपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने अपने अहम आदेश में कहा है कि निर्धारित क्लीनिकल शुल्क जमा होने पर नर्सिंग कॉलेजों के छात्रों को परीक्षा में भाग लेने तथा आगे पढ़ाई करने की अनुमति प्रदान की जाए। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस एके पालीवाल की युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेश में कहा कि संबंधित कॉलेज निर्धारित दर के अनुसार आवश्यक क्लीनिकल शुल्क जमा करें। खंडवा निवासी हर्ष भान तिवारी की तरफ से दायर की गई याचिका में कहा गया था कि निजी नर्सिंग कॉलेजों द्वारा क्लीनिकल प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए शुल्क निर्धारित किया है। खरगोन और बड़वानी जिले में संचालित आठ कॉलेजों की निर्धारित शुल्क की राशि जमा नहीं है। कॉलेज संचालन के लिए निर्धारित शुल्क जमा करना आवश्यक है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से आग्रह किया गया कि संबंधित कॉलेज ने निर्धारित शुल्क जमा किया है या नहीं, इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने समय प्रदान किया जाए। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि कॉलेजों द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया है या नहीं, इस तर्क पर न्यायालय हस्ताक्षेप करने का इच्छुक नहीं है। युगलपीठ ने प्रमुख सचिव तथा आयुक्त लोक स्वास्थ और परिवार कल्याण विभाग, मध्य प्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल सहित अन्य प्रतिवादियों को आदेशित किया है कि कॉलेजों से सुनिश्चित रूप से आवश्यक क्लीनिकल शुल्क जमा करवाया जाए। युगलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए कहा है कि निर्धारित शुल्क जमा होने पर ही इन कॉलेजों के छात्रों को परीक्षा में भाग लेने तथा आगे पढ़ाई करने की अनुमति प्रदान की जाए।

# विधायक के बाद नप उपाध्यक्ष के बेटे की दादागीरी प्रतिबंध के बावजूद की हर्ष फायरिंग, मामला दर्ज




देवास, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। देवास जिले के नेमावर में कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी हर्ष फायरिंग खुलेआम की जा रही है। कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि नेमावर नगर परिषद उपाध्यक्ष के पुत्र ही हर्ष फायरिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। उनका एक वीडियो सामने आने के बाद नेमावर पुलिस ने नगर परिषद उपाध्यक्ष के पुत्र पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। किस तरह कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं इस वीडियो देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बन गया है। बता दें कि बीते दिन माता टेकरी इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के बेटे के समर्थकों का माता टेकरी पर विवाद का वीडियो सामने आया था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और विधायक पुत्र ने पंडित से माफी मांगी थी। इस घटना के बाद अब नगर पंचायत उपाध्यक्ष के बेटे का वीडियो वायरल हो रहा है, जो सत्ता नेताओं के रसूख को साफ दर्शाता है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मार्च में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर था, जिसमें कोई भी व्यक्ति समूह, संस्था, सार्वजनिक स्थान पर स्थान किसी भी प्रकार का हथियार अग्नि शास्त्र लेकर नहीं जा सकता है। यदि वह इसका उपयोग करता है तो उसके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर ने आदेश जारी करने के बाद में यह आदेश दो माह के लिए पूरे जिले में लागू रहने की बात भी कही थी। नेमावर नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजपाल सिंह के बेटे भानु प्रताप एक कार्यक्रम के दौरान 12 बोर बंदूक से हर्ष फायर किया था। इसके बाद में इसका एक वीडियो रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था वीडियो के वायरल होने के बाद में और कलेक्टर के आदेश की अवहेलना को लेकर नेमावर थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दा ने भानु प्रताप पर 125, 223 के बी एन एस की धारा के तहत मामला मामला दर्ज किया था। सूत्रों के अनुसार यह लाइसेंसी बंदूक राजपाल सिंह तोमर के नाम पर है। नगर परिषद के उपाध्यक्ष के यहां शादी समारोह में यह हर्ष फायरिंग की गई थी और नगर परिषद उपाध्यक्ष के पुत्र भानु तोमर ने अपने शोसल मीडिया अकाउंट पर वीडियो रील बनाकर पोस्ट किया है। अब वीडियो शोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# पेड़ से टकराते ही आग का गोला बन गई बाइक धू-धू कर जली, तीन लड़कों की मौत

गढ़चिरौली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक सड़क हादसे में तीन लड़कों की मौत हो गई। जान गंवाने वाले दो लड़के सगे भाई थे और तीसरा उनका दोस्त था। तीनों की उम्र 20 साल से कम थी। यह हादसा बाइक की तेज रफ्तार के कारण हुआ। बाइक में तीन लोग सवार थे और गाड़ी काफी तेज गति में थी। ऐसे में गाड़ी चला रहे युवक ने नियंत्रण खो दिया और उसकी बाइक पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक से उछलकर गिरे तीनों युवकों की मौत हो गई। इसमें दो सगे भाई शामिल हैं। इनमें से दो भाई वसंतपुर के हैं और तीसरा युवक तेलंगाना का निवासी है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ से टकराते ही बाइक में आग लग गई। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें सड़क के किनारे जंगल में बाइक को जलते हुए देखा जा सकता है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही घोट पुलिस सहायता केंद्र के सहायक पुलिस निरीक्षक नितेश गोहाने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने पंचनामा तैयार किया और घायल व्यक्ति को तुरंत चामोर्शी के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन विशाल की मौत हो गई। तीनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए चामोशी ग्रामीण अस्पताल भेज दिया गया।

# जौनपुर के पांच और भदोही के दो लोग पाकिस्तान की जेल में बंद, परिजनों ने की सरकार से वापस लाने की मांग



जौनपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कराची जेल में बंद जौनपुर के घूरहू बिंद को वहां की पुलिस ने ऐसी याचना दी कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यही नहीं अब भी उसके सात साथी कराची जेल में बंद हैं और सब डरे हुए हैं। अब सभी सात बंदियों को पाक जेल से छुड़ाकर वापस भारत लाने के लिए ग्रामीणों ने भारत सरकार से अपील किया है। घुरहू बिंदव का शव जौनपुर 19 अप्रैल की सुबह पहुंचने वाला है। जानकारी के अनुसार, जौनपुर जिले के मछलीशहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बसिरहा गांव के निवासी घुरहू बिन्द के घर की माली हालत ठीक न होने के कारण कमाने के लिए 2021 में गुजरात गये हुए थे। वे वहां पर ओखा बंदरगाह के पास समुद्र से मछली पकड़ने का काम करते थे। 8 फरवरी 2022 को पाकिस्तानी रेंजरो ने घुरहू समेत सात लोगों को पकड़कर कराची जेल में बंद कर दिया। पाकिस्तानी जेल बंदी रक्षकों द्वारा दी जाने वाली यातनाएं के चलते उसने फांसी लगाकर जान दे दिया।

शासन-प्रशासन व परिवार वालों को इसकी जानकारी घुरहू के साथ कराची जेल में बंद धर्मेंद्र बिन्द के द्वारा भेजे गये चिट्ठी से हुई। दो पेज में लिखे गये पत्र में उसने पहले श्री गणेशाय नमः लिखा है उसके बाद ठेठ भाषा में पूरी बात लिखी है। बसिरहा गांव निवासी घुरहू का परिवार कच्चे दलाननुमा घर के सामने टिन शेड में रहता है। घुरहू की पत्नी पार्वती देवी ने बताया कि उनकी चार पुत्रियों में सुनीता, सीता, अवतारी विवाहित है और संतोषी अविवाहित है। वह इंटर में पढ़ती है। पिता की गिरफ्तारी के बाद पुत्र धीरज और नीरज मुंबई में नौकरी कर रहे हैं। गुजरात के पास जल सीमा का उल्लंघन करने पर पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार जिन्हें जेल भेजा है। जिसमें 5 मछलीशहर जौनपुर के हैं और 2 भदोही सुरियावा के हैं। जो लोग कराची जेल में बंद हैं उनके नाम धर्मेन्द्र बिंद, विनोद बिंद, मुलायम बिंद, लालमन, नीरज बिंद और सुरेश है। पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे ग्राम प्रधान मृत्यंजय बिंद ने पत्रकारों से कहा कि उनकी सरकार से तीन मांग है। पहले घुरहू के शव का स्थानीय डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाय। दूसरी बात यह है कि पीड़ित गरीब परिवार को सरकारी स्तर से आर्थिक मदद दिलाई जाए और जेल में बंद अन्य लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हुए अपने देश वापस लाया जाय। जिससे न्याय हो सके।

### फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए 12 नाबालिगों की हरकत

रुड़की, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। ट्यूशन पढ़ने जा रहे नाबालिग छात्र का स्कूटी सवार करीब 12 लड़कों ने अपहरण कर लिया और एक सुनसान जगह ले गए। जहां पर लड़कों ने छात्र को बेल्टों और डंडों से पीटा। आरोप है कि लड़कों ने पिटाई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस ने 12 लड़कों की तलाश शुरू कर दी है। आरोप है कि रामनगर में रास्ते में अलग-अलग स्कूटी पर आए करीब 12 लड़कों ने उसे रोक लिया और जबरन स्कूटी पर बैठाकर रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में एक सुनसान जगह ले गए और यहां बेल्टों और डंडों से उसे बुरी तरह पीटा। रितेन का मोबाइल भी जमीन पर पटककर तोड़ दिया और फिर फरार हो गए।

# चलती बीईएसटी बस में महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी को पुलिस ने कैसे पकड़ा?

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भीड़भाड़, शोरगुल, और हर रोज की भागदौड़, मुंबई की सड़कों पर दौड़ती बीईएसटी बसें आमजन की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी हैं। लेकिन, इन्हीं बसों में कभी-कभी ऐसे वाकये भी हो जाते हैं जो शहर की आत्मा को झकझोर कर रख देते हैं। मुंबई की एक सरकारी बस में सफर कर रही 26 वर्षीय महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। यह घटना 10 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे हुई, जब महिला बीईएसटी बस रूट संख्या 167 में प्रभादेवी से वर्ली के कुरने चौक की ओर जा रही थी। इसी दौरान, पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला को गलत तरीके से छूना शुरू किया और हद पार करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को भी हाथ लगाया। घटना के वक्त महिला निजी कारणों से तुरंत शिकायत नहीं कर पाई, लेकिन 16 अप्रैल को उसने वर्ली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। शिकायत मिलते ही मुंबई पुलिस सक्रिय हो गई। डीसीपी जोन 3 दत्तात्रय काम्बले ने बताया, शिकायत मिलते ही हमने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने बीएनएस की धारा 74 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। साथ ही, क्राइम ब्रांच यूनिट 3 ने भी जांच में तेजी दिखाई और एक विशेष टीम बनाई गई। कहा जाता है कि कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं। इस कहावत को वर्ली पुलिस ने सच कर दिखाया है। इस टीम ने करीब 25 जगहों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसमें वह लोकेशन भी शामिल थीं, जहां से आरोपी बस में चढ़ा, उतरा और फिर कहां-कहां गया। सबसे अहम सुराग मिला बस के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे से, जिसमें देखा गया कि आरोपी महिला के ठीक पीछे खड़ा था। महिला ने आरोपी की पहचान की और इसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ग्रेट शिप कंपनी, वर्ली में काम करता है।

# हिमाचल पुलिस ने नशा तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़, 3 करोड़ नकदी के साथ सोना-चिट्टा बरामद

नूरपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश पुलिस को नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला कांगड़ा के नूरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक संगठित अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह के तार दुबई तक जुड़े हैं। अब तक गिरोह के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से जहां पुलिस को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ मिले है, तो वहीं करोड़ों की अवैध संपत्ति का भी पता चला है।



पुलिस के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2024 को थाना डमटाल के अंतर्गत इंदौरा मोड़ (एनएच-44) से कुलदीप सिंह को 262 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने गहन जांच की तो इस गिरोह की परतें खुली। 8 अप्रैल 2025 को राजेश कुमार और 13 अप्रैल 2025 को राज कुमार उर्फ सेठ को भी गिरफ्तार किया गया, जिसमें राज कुमार को पहले से अपराधी माना गया है।

**छापेमारी में मिला यह सामान**

15 अप्रैल को बलविंदर कोहल की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पठानकोट में मोहित सिंह उर्फ टोनी के घर छापा मारा गया, जहां से 4.90 लाख रुपये नकद, 67.93 ग्राम सोना, 95.45 ग्राम चांदी, दो मोबाइल फोन तथा दो जीवन बीमा पॉलिसियां (कुल प्रीमियम 4.5 लाख रुपये) बरामद की गईं। अगले ही दिन 16 अप्रैल को गगन सरना के घर पठानकोट से 1.15 करोड़ रुपये नकद, 125 ग्राम सोना और 4 ग्राम चांदी बरामद की गई। इसके बाद 17 अप्रैल को मोहित सिंह उर्फ टोनी को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

**बैंक दस्तावेज़ किए गए हैं बरामद**

अब तक की कार्रवाई में कुल 262 ग्राम हेरोइन, 1.19 करोड़ रुपये नकद, 92.93 ग्राम सोना, 99.45 ग्राम चांदी, दो मोबाइल फोन, दो बीमा पॉलिसियां, 52.52 लाख रुपये बैंक खातों में जमा राशि, दो कार (वर्ना) और विभिन्न संपत्ति व बैंक दस्तावेज़ बरामद किए गए हैं।

**जमानत पर छूटने के बाद से है फरार**

जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी नशे से अर्जित धन को बीमा, सोना, गाड़ियां और संपत्ति में निवेश कर रहे थे। हैरानी की बात यह रही कि बलविंदर कोहल का पुत्र विशाल कोहल वर्ष 2023 के एनडीपीएस मामले में आरोपी था, जिसमें 131.14 ग्राम हेरोइन और 1.04 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए थे। वह फिलहाल माननीय हाईकोर्ट से जमानत पर छूटने के बाद फरार है। पुलिस अब तक लगभग 3 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति और नकदी की जानकारी जुटा चुकी है और आगे की जांच में संपत्ति कुर्की और वित्तीय लेनदेन की परतें खंगाली जा रही हैं।

# अमरपाटन में जनपद अध्यक्ष और सीईओ के बीच विवाद

## गोली मारने की दी धमकी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

मैहर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मैहर जिले के अमरपाटन में जनपद अध्यक्ष और जनपद सीईओ के बीच एक बार फिर विवाद का मामला सामने आया है। दोनों के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें जनपद सीईओ गोली चलाने की बात कर रहे हैं। हालांकि इस पूरे मामले की शिकायत अब पुलिस तक जा पहुंची है। पुलिस पूरे मामले को जांच कर रही है। दरअसल पूरा मामला अमरपाटन जनपद पंचायत का है, जहां बीते दिनों सामान्य बैठक का आयोजन चल रहा था। इस दौरान जनपद सीईओ ओपी अस्थाना जनपद अध्यक्ष माया पांडेय से अभद्रता करते हुए बैठक से उठकर चले गए, जिसके बाद से सीईओ के खिलाफ लगातार शिकायतें की जा रही हैं। जनपद अध्यक्ष माया विनीत पांडेय ने बताया कि बीते रात जनपद पंचायत सीईओ ओपी अस्थाना का फोन आया, जिसमें वो गोली चलाने की बात करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की मैहर एसपी से की है। अब एसडीओपी अमरपाटन द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। एक जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी का शराब के नशे में धुत होकर धमकीभरा ऑडियो वायरल होने के बाद प्रशासन पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। देर रात आया था सीईओ का फोन इस पूरे मामले पर अमरपाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष माया पांडेय ने बातचीत कर बताया कि बीते बुधवार की रात तकरीबन 10 बजे सीईओ ओपी अस्थाना का फोन आया और वो शिकायत को लेकर गली गलौज करने लगे। इसके साथ मुझे और मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। आज हम सब लोगों ने जिला कलेक्टर और थाना अमरपाटन में शिकायती पत्र दिया है



# मुकेश अंबानी की इस कंपनी में पैसा लगाने वाले शेयरहोल्डर्स होंगे मालामाल, मोटे डिविडेंड का हुआ ऐलान



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज ग्रुप की कंपनी जियो फाइनेंशियल ने गुरुवार को मार्च तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है. साथ ही कंपनी ने अपने शेयरहोल्डर्स के लिए तगड़े डिविडेंड की भी घोषणा की है. यह जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से शेयरधारकों को दिया जाने वाला पहला कैश रिवॉर्ड होगा. जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 0.50 रुपये प्रति शेयर के डिविडेंड की सिफारिश की है. कंपनी ने अपनी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 10 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 0.50 रुपये का डिविडेंड देने की सिफारिश की गई है. हालांकि, कंपनी ने नतीजे के ऐलान के साथ डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट और पेमेंट डेट की जानकारी नहीं दी है. कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा है कि इसकी जानकारी सही समय पर दे दी जाएगी.

**इतना रहा क्यू4 में कंपनी का नेट प्रॉफिट**

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने गुरुवार को बताया कि कंपनी ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट में 1.8 परसेंट की बढ़त के साथ 316.11 करोड़ रुपये की ग्रोथ दर्ज की. जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 310.63 करोड़ रुपये था. तीसरी तिमाही में यह 295 करोड़ था. कंपनी का रेवेन्यू 518 करोड़ रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 418 करोड़ थी. यह एक साल में 24 परसेंट की वृद्धि को दर्शाती है.

**डिविडेंड क्या होता है?**

जब कंपनी अपने मुनाफे का कुछ हिस्सा अपने शेयरहोल्डर्स को देती है, तो उसे डिविडेंड कहते हैं. यह कंपनी में निवेश के लिए शेयरधारकों को दिया जाने वाला एक तरह का पुरस्कार है.

**कंपनी के शेयर का प्रदर्शन**

गुरुवार को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर बीएसई पर 246.45 रुपये पर बंद हुए, जो पिछले बंद भाव 242.25 रुपये से 1.73 परसेंट ज्यादा है. गुरुवार को शेयर 242.75 रुपये पर खुला और दिन के कारोबार में यह 248 रुपये के इंट्राडे हाई को छू लिया. वहीं, स्टॉक का न्यूनतम स्तर 238.25 रुपये रहा।

# तेल के खेल में नेपाल की एंट्री, कराह रही हैं भारतीय कंपनियां, सरकार से लगाई गुहार

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। खाद्य तेलों की कीमतों में जो तेजी है, उसे आप तो महसूस कर ही रहे होंगे। दरअसल, पिछले साल सितंबर में सरकार ने कुकिंग ऑयल के इंपोर्ट पर भारी टैक्स लगा दिया था। इस वजह से घरेलू बाजार मे इसके दाम चढ़ गए। लेकिन अभी तो इस बाजार में गजब ही हो रहा है। भारत जैसे बड़े देश की खाद्य तेल की बड़ी कंपनियां नेपाल जैसे छोटे देशों की छोटी-छोटी कंपनियों से खौफ खा रही हैं। दरअसल, नेपाल की वजह से इनका धंधा मारा जा रहा है। नेपाली खाद्य तेल से परेशान भारतीय खाद्य तेल बेचने वाली कंपनियों के संगठन इंडियन वेजीटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने सरकार का दरवाजा खटखटाया है।

**नेपाल से क्या है परेशानी**

नेपाल से भारत का एसएएफटीए (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र) समझौता है। इसके तहत नेपाल से यहां जीरो ड्यूटी पर खाद्य तेल का आयात हो रहा है। वहीं भारतीय कंपनियां यदि इन्हीं तेलों का आयात मलेशिया, इंडोनेशिया या अन्य देशों से करती हैं तो उन्हें 27 से 35 फीसदी तक का टैक्स चुकाना होता है। इस वजह से नेपाल से आयात तेल यहां सस्ता पड़ रहा है जो कि भारतीय कंपनियों का बाजार खा रहा है।

**कहां है दिक्कत**

आईवीपीए के प्रेसिडेंट और इमामी एग्रोटेक लिमिटेड के सीईओ सुधाकर राव देसाई का कहना है कि नेपाल से लगते हुए बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के साथ साथ पश्चिम बंगाल और समूचे पूर्वोत्तर में पहले से ही नेपाली तेल की घुसपैठ रही है। अब तो ये दक्षिणी और मध्य भारत में भी दिक्कतें बढ़ा रही है।

**सरकार को भी नुकसान**

सुधाकर राव देसाई का कहना है कि नेपाल में तो खाद्य तेलों पर इंपोर्ट ड्यूटी जीरो है।



जबकि भारतीय कंपनियों को वही तेल मंगाने के लिए 27 से 35 फीसदी का टैक्स चुकाना पड़ता है। इस वजह से नेपाली तेल भारतीय बाजार में सस्ता पड़ता है। उनका कहना है कि ग्राहकों को नेपाल तेल उतना सस्ता नहीं पड़ता है, लेकिन इसे बेचने वाले मतलब कि होलसेलर और रिटेलर को नेपाली तेल में भारी मार्जिन है। इसलिए वह ग्राहकों को नेपाली तेल लेने के लिए ही प्रेरित करते हैं। बदले में उन्हें नेपाली तेल का दाम भारतीय तेलों से दो से पांच रुपये तक सस्ता बता देते हैं। सरकार को इसमें भारी नुकसान है क्योंकि यदि भारतीय कंपनियां इस तेल को मंगाती तो सरकार को भारी रेवेन्यू मिलता। नेपाली तेल पर तो रेवेन्यू जीरो है। देसाई का हना है कि नेपाल से आए तेल में 'उत्पत्ति के नियमों' का उल्लंघन हो रहा है। क्योंकि नेपाल में सोयाबीन तेल और पाम तेल का असल में प्रोडक्शन हो नहीं रहा है। इसलिए सरकार इस मामले में सख्ती से उत्पत्ति के नियमो की जांच करे। संगठन ने नेपाल और अन्य सार्क देशों से खाद्य तेलों के आयात को रेगुलेट करने के लिए हस्तक्षेप करने और जरूरी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पिछले साल सितंबर से पहले तक भारत में भी जीरो ड्यूटी पर क्रूड एडिबल ऑयल का इंपोर्ट होता था। लेकिन, सितंबर 2024 में भारत सरकार ने क्रूड और रिफाइंड एडिबल ऑयल पर बेसिक इंपोर्ट टैक्स में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की थी।

# कितना सस्ता या फिर महंगा हुआ सोना

## 18 अप्रैल को आपके शहर के नए रेट्स

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते ट्रेड टेंशन के चलते वैश्विक बाजार में उथल पुथल वाली स्थिति है. इसकी वजह से निवेशक अपने आपको सुरक्षित करना चाहते हैं. इसका परिणाम ये हुआ है कि डोनाल्ड ट्रंप के इस अप्रत्याशित रुख की वजह से मंदी का खतरा बढ़ रहा है. डॉलर कमजोर हो रहा है और सोने की कीमत सातवें आसमान पर पहुंच गई है. इंडियन बुलियन्स के मुताबिक, 18 अप्रैल (शुक्रवार) की सुबह 10 बजे सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 95410 रुपये के भाव से बिक रहा था, जो हफ्ताभर पहले यानी 11 अप्रैल को 94,010 रुपये था. आइये जान लेते हैं बेंगलुरू, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और दिल्ली में क्या है सोना के नए रेट्स- मुंबई में 10 ग्राम सोना 95,240 रुपये की दर से बिक रहा है. जबकि चांदी 95,240 रुपये प्रति किलो है. इसी तरह से चेन्नई में सोना का भाव 95,520 है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोना 95,080 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. अगर कोलकाता की बात करें तो यहां पर प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 95,110 रुपये है. हैदराबाद में 95,390 रुपये, बेंगलुरू में 95,310 रुपये बिक रहा है. इससे पहले, मजबूत वैश्विक मांग के



बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 70 रुपये बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई थी. जबकि बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी. 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 70 रुपये बढ़कर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि बुधवार को इसका बंद स्तर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम था. अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''कमजोर डॉलर, बढ़ते व्यापार युद्ध तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणाओं के बाद वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं।''

# पीएम मोदी ने एलन मस्क से की फोन पर बातचीत प्रौद्योगिकी और नवाचार पर की गई चर्चा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे। उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।इसके साथ ही पीएम ने अपने एक पोस्ट में एक और जानकारी दी है। पीएम ने बताया कि यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया गया है। पीएम ने कहा, यह दुनिया भर में फैले हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है! यह हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति को मिली वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।

# अमेरिका-चीन ट्रेड टेंशन: टैरिफ पर आईएमएफ का बड़ा बयान, भारत के रुख का किया जोरदार समर्थन

'नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। ट्रंप टैरिफ के चलते इंटरनेशनल मार्केट में हलचल और बढ़ते ट्रेड टेंशन के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने बड़ा बयान दिया है. आईएमएफ की डायरेक्टर क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और चीन दोनों ही देशों की व्यापारिक चिंताएं हैं. लेकिन दुनिया की दो आर्थिक महाशक्ति को इन अनिश्चितताओं को दूर करना चाहिए. साथ ही, नियम आधारित और निष्पक्ष व्यापार पर आपस में सहमत होना चाहिए. अगले हफ्ते आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक की बैठक से ठीक पहले वाशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए जॉर्जीवा ने टैरिफ की बाधाओं को दूर करने के लिए भारत के कदमों का स्वागत किया. टैरिफ पर ट्रंप के साथ बातचीत पर उन्होंने कहा कि कहीं भी टैरिफ लगा हो, उसकी दरों में कमी आनी चाहिए. हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप की




तरफ से अपने व्यापारिक साझीदार देशों पर लगाए गए टैरिफ के उनके इस कदमों के खिलाफ आचोलना करने से जॉर्जीवा लगातार बचती रहीं और कहा कि इससे नकारात्मक असर पड़ता है. जॉर्जीवा ने कहा, कुछ जगहों पर अन्याय की ये भावना इस कथन से मेल खाती है कि 'हम नियमों के अनुसार खेलते हैं जबकि अन्य बिना किसी दंड के सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि ये व्यापार असंतुलन व्यापार तनाव को बढ़ाता है. आईएमएफ डायरेक्टर ने कहा कि अमेरिका को चीन की बौद्धिक संपदा से जुड़ी चीजों और गैर-टैरिफ बाधाओं के बारे में शिकायतें हैं. दूसरी तरफ चीन, अमेरिका के साथ ऐसा सहयोग चाहता है जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाएं मजबूत स्थिति में आ सकें. जॉर्जीवा ने आगे कहा कि हम अनिश्चितता को खत्म देखना चाहते हैं. लेकिन जब तक विश्व की दो आर्थिक धुरियों के बीच तनाव रहेगा तब तक ये मुश्किलर है. वास्तवव में ये महत्वपूर्ण और इन सबसे ऊपर है कि निष्पक्ष और नियम आधारित व्यवस्था हो. आईएमएफ चीफ ने कहा कि टैरिफ को कम करना और व्यापार बाधाओं को हटाना भारत के लिए आसान नहीं था, लेकिन वह ऐसा कर रहा है. उन्होंने आगे कहा कि ये कदम देश के आर्थिक रफ्तार को लेकर काफी मददगार साबित होगा. जॉर्जीवा ने कहा कि यूरोपीय संघ में भी टैरिफ और अन्य व्यापारिक बाधाओं को कम किया जाना संभव था और इससे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापास समझौते को बढ़ावा मिलता।

# सिगरेट बनाने वाली कंपनी ने दी 472 करोड़ वाली खुशखबरी, कमाई पर होगा असर

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। सिगरेट बनाने वाली कंपनी आईटीसी ने हाल ही में 24 मंत्रा ऑर्गेनिक ब्रांड के तहत आर्गेनिक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों के निर्माण और बिक्री में लगी श्रेष्ठा नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स का लगभग 472.50 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी. आईटीसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने श्रेष्ठा नेचुरल बायोप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (एसएनबीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.

**100 से ज्यादा आर्गेनिक प्रोडक्ट्स**

कंपनी ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के भविष्य के लिए तैयार पोर्टफोलियो को बढ़ाने की




रणनीति के अनुरूप है, यह लेनदेन भारतीय और विदेशी दोनों बाजारों में उच्च विकास वाले जैविक उत्पाद खंड में आईटीसी की उपस्थिति और बाजार की स्थिति को मजबूत करेगा. एसएनबीपीएल के पोर्टफोलियो में 100 से अधिक जैविक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला शामिल है. आईटीसी ने कहा, शेयर अधिग्रहण वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में या पार्टियों द्वारा आपसी सहमति से तय की गई किसी बाद की तारीख में पूरा होने की उम्मीद है.

आईटीसी के शेयर 17 अप्रैल को 427 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे. रिटर्न के लिहाज से कंपनी के शेयरों ने पिछले एक साल में निराश किया है. क्योंकि, शेयरों ने महज 2 फीसदी का रिटर्न दिया है, और इस साल अब तक यह रिटर्न नेगेटिव रहा है.

**कंपनी का क्या है कहना?**

अधिग्रहण की लागत को लेकर आईटीसी ने कहा कि यह नकद-मुक्त ऋण-मुक्त आधार पर 472.50 करोड़ रुपये तक है. शेयर खरीद समझौतों में समापन पर अग्रिम भुगतान योग्य 400 करोड़ रुपये और समापन के बाद अगले 24 महीनों में देय 72.50 करोड़ रुपये शामिल हैं, कंपनी ने आगे कहा कि यह निवेश चेयरमैन संजीव पुरी द्वारा व्यक्त की गई 'आईटीसी नेक्स्ट' रणनीति के मुताबिक है जो उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों के भविष्य के लिए तैयार पोर्टफोलियो बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करती है. हम आईटीसी के खाद्य व्यवसाय के पोषण-आधारित स्वस्थ खाद्य उत्पादों के पोर्टफोलियो के हिस्से के रूप में 24 मंत्र ऑर्गेनिक को पाकर उत्साहित हैं।

# यह अगला गोल्ड है, सबका भला कर देगा: किसकी बात कर रहे हैं वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। कॉपर की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। हाल में इसकी कीमत 10,000 डॉलर प्रति टन के ऊपर पहुंच गई थी। इसकी वजह यह है कि नए जमाने की हर तकनीक में इसका यूज हो रहा है और इसे सुपर मेटल कहा जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर रिन्यूएबल एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डिफेंस से जुड़े साजोसामान में तांबे का यूज हो रहा है। इसकी बढ़ती डिमांड को देखते हुए अडानी और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने भी एंट्री मारी है। फिलहाल, भारत में सिर्फ हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और सरकारी कंपनी हिंदुस्तान कॉपर ही तांबा बनाती हैं। इस बीच वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने तांबे को अगला सोना करार दिया है। उनका कहना है कि देश के निवेशकों और उद्यमियों को कॉपर पर मिशन मोड में काम करने की जरूरत है। अग्रवाल ने एक्स पर एक फोटो शेयर की जिसमें लिखा है कि कॉपर अगला सोना है। इसमें उन्होंने लिखा, 'बैरिक गोल्ड दुनिया में सोने का उत्पादन करने वाली दूसरी बड़ी कंपनी है। अब यह कंपनी सिर्फ बैरिक के नाम से जानी जाएगी। इसकी वजह यह है कि कंपनी तांबे की माइनिंग पर ध्यान दे रही है। तांबा एक नया सुपर मेटल है। इसका इस्तेमाल हर नई तकनीक में हो रहा है। चाहे वो ईवीएस हों, रिन्यूएबल एनर्जी का ढांचा हो, एआई हो या फिर डिफेंस के उपकरण, सब में तांबा काम आ रहा है।' उन्होंने कहा कि दुनिया भर में तांबे की खदानों को फिर से शुरू किया जा रहा है। तांबा गलाने वाली नई भट्टियां भी बन रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि तांबे की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। भारत में भी क्रिटिकल और ट्रांजिशन मेटल्स के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। युवा उद्यमियों और निवेशकों के लिए यह एक बड़ा मौका है। इसे एक मिशन बना लेना चाहिए।' विशेषज्ञों का मानना है कि तांबे की कीमतें आने वाले समय में और भी बढ़ सकती हैं। इसलिए तांबे में निवेश करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। तांबा उतना ही जरूरी है जितने लिथियम और कोबाल्ट। इनका इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरी में होता है। तांबे का यूज सेलफोन, एलईडी लाइट और फ्लैट-स्क्रीन टीवी में होता है। साथ ही तांबे का इस्तेमाल तारों और ट्रांसमिशन लाइनों में होता है। भारत अपनी जरूरत का ज्यादातर तांबा आयात करता है। 2023 में भारत ने तांबे को 30 महत्वपूर्ण खनिजों में शामिल किया था।

# भारत करेगा बड़ा उलटफेर

## बनेगा दूसरी महाशक्ति, हलचल के बीच दिग्गजों का दावा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जाने-माने निवेशक मार्क मोबियस का मानना है कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ताकत है। अगर भारत अपनी मजबूत नीतियों पर टिका रहता है तो वह यह लक्ष्य हासिल कर सकता है। मोबियस ने ट्रेड वॉर पर कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं। लेकिन, अगले कुछ महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई देशों के साथ व्यापार समझौते करेंगे। इससे बाजार शांत हो जाएगा और बड़ी मंदी का खतरा टल जाएगा। उन्होंने भारत से क्वालिटी कंट्रोल जैसी बाधाओं को हटाने और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की सलाह दी है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने भी कहा है कि भारत अगले तीन सालों में जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा। 2047 तक भारत दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। ये दावे ऐसे समय किए गए हैं जब ट्रंप की टैरिफ नीतियों से पूरी दुनिया में हलचल है।मार्क मोबियस के अनुसार, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ सालों में भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अभी अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान ही भारत से आगे हैं। आईएमएफ के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 4.3 ट्रिलियन डॉलर की है। यह जापान (4.4 ट्रिलियन डॉलर) और जर्मनी (4.9 ट्रिलियन डॉलर) से थोड़ी ही कम है। अनुमान है कि भारत इस साल जापान से और 2027 तक जर्मनी से आगे निकल जाएगा। मोबियस ईएम ऑपर्च्युनिटीज फंड चलाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत आयात पर लगी रोक हटा दे तो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आएगी। इससे अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। उन्होंने भारतीय शेयर बाजार के बारे में कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगने से पहले भी भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई थी। मोबियस ने कहा, 'बाजार में रिकवरी जरूर आएगी। ऐसे में अच्छे शेयरों को एवरेज करने का यह सही समय है। अगर किसी निवेशक के पास शेयर पहले से हैं तो उसे होल्ड करने का यह सबसे अच्छा समय है।' इसका मतलब है कि अगर आपके पास पहले से शेयर हैं तो उन्हें अभी बेचना नहीं चाहिए। हाल ही में भारतीय शेयर बाजार में तेजी आई है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- ग्रीष्म
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000 सूर्योदय - 06-01
भोग्य कलि वर्ष-426874 सूर्यास्त - 18-29
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मेष | मे | मेष--- | 05-44 बजे |
| चंद्र- | धनु | मे | वृष--- | 07-28 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | मिथुन.. | 09-29 बजे |
| बुध- | मीन | मे | कर्क--- | 11-41 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | सिंह--- | 13-53 बजे |
| शुक्र- | मीन | मे | कन्या-- | 16-00 बजे |
| शनि- | मीन | मे | तुला---- | 18-05 बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृश्चिक-- | 20-16 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | धनु...... | 22-30 बजे |
| | | | मकर... | 00-35 बजे |
| | | | कुंभ.... | 02-25 बजे |
| | | | मीन.... | 04-04 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- षष्ठी 18-22 तक उपरान्त सप्तमी
मास - वैशाख कृष्ण, शनिवार 19 April
नक्षत्र - मूल 10-20 तक उपरान्त पूर्वाषाढा
योग - शिव 00-52 तक उप सिद्ध
करण- वणिज 18-22 तक उप विष्टी
विशेष:- व्रत -त्योहार - मूल नक्षत्रीय शांति

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09:07 से 10:41 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| काल 06:01 - 07:33 अशुभ | लाभ 18:29 - 19:58 शुभ |
| शुभ. 07:33 - 09:07 शुभ | उत्पात 19:58 - 21:23 अशुभ |
| रोग. 09:07 - 10:41 अशुभ | शुभ 21:23 - 22:49 शुभ |
| उत्पात 10:41 - 12:15 अशुभ | अमृत 22:49 - 24:15* शुभ |
| चंचल 12:15 - 13:49 शुभ | चंचल 00:15 - 01:41 शुभ |
| लाभ 13:49 - 15:24 शुभ | रोग 01:41 - 03:06 अशुभ |
| अमृत 15:24 - 16:58 शुभ | काल 03:06 - 04:32 अशुभ |
| काल 16:58 - 18:29 अशुभ | लाभ. 04:32 - 06:01 शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
दिन शुरुआत में बहुत अच्छा,बाद में थोडा व्यस्त रह सकता है । घर पर कोई बीमार पड़ सकता है और आपको अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उनकी देखभाल के लिए समय निकालना होगा । आपको सहकर्मियों या दोस्तों से खुशी मिलेगी और आप आने वाले समय में उनके साथ समय बिताने की योजनायें बना सकते हैं ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,)
दैनिक राशिफल आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है । अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी । आपको बहुत दिनों से जिसका इन्तजार था वो आपके करीब है | आप बहुत दिन से जो कल्पनाएँ कर रहे थे ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,)
कार्यालय के लंबित काम आज आपको तनाव दे सकते हैं। आज आपको देर तक कार्यालय में काम करना पड़ सकता है । ये मुश्किल समय भी थोड़े समय के लिए है । पिछले सप्ताह की आपकी बोरियत और आलस्य आप पर आज नकारात्मक प्रभाव डालेगा । आप आज दूसरों के साथ सौम्य और विनम्र रहे अन्यथा आप विवाद में फँस सकते हैं। ऐसी स्थितियों से दूर रहे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
कुछ बड़ी चीजे आपके कार्य क्षेत्र में आपका इंतजार कर रही है । आपको कुछ समय से अपने कार्य के प्रति प्रशंसा नहीं मिल रही थी ,ये पूरी तरह से आज गायब हो जाएगा और आपको उच्च वेतन और अधिक भत्तों के साथ एक दूसरी जगह नौकरी मिल सकती है जो आपकी सोच से परे थी , हालांकि इस नौकरी के लिए आपका स्थानांतरण हो सकता है।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
आप कुछ मिलनसार नए लोगों या विदेशी प्रतिनिधियों से आज के दिन मिल सकते हैं ! स्वतंत्र रूप से उन लोगों के साथ संवाद करे और जितनी उपयोगी जानकारी इकट्ठा कर सके करे क्योकि यह आपकी परियोजना के पूरा होने में आप के लिए बहुत मददगार साबित होगा ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आप का निशाना तीर पर जाकर लगेगा और आपने जो चाहा था वो आपको मिलेगा । बस आप अपना धैर्य बनाए रखें क्यों की आपके बैठने की जगह में परिवर्तन आ सकता है या आपको एक नयी जगह पर कार्य करना पड़ सकता है । आपकी धारणा के विपरीत इस नए कार्यालय में आपके आत्मविश्वास और स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
ये समय अपनी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियों के बारे में चिंता न करने का है । यह आप के लिए जीत का युग है! आप अपनी रणनीति के साथ दृढ़ हैं और अपने शब्दों के साथ अत्यंत सटीक रहेंगे । आपको पैतृक संपत्ति से या अपने अतीत के निवेश से कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है परन्तु आपको अपने निवेश को लेकर सतर्क रहना होगा । आज के दिन अगर आप वाहन , दवाई या सौन्दर्य प्रसाधन उद्योग में निवेश करेंगे तो वो काफी फायदेमंद साबित होगा । ये बहुत जरुरी है की आप अपने निवेश को दोबारा परखे और जहा जरुरी हो उसमे बदलाव लाये जिससे की आपकी लाभ की सीमा बढे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
कुछ मामूली समस्याओं का आपको सामना करना पड़ सकता है , जिससे की अपने कार्यस्थल पर शांति से कार्य करने में बाधा आ सकती है । आज आपको धैर्य की एक बड़ी मात्रा की जरूरत है खासकर जब आप अपने सहकर्मी के साथ कार्य करे । क्रोध को दूर रखे बल्कि उसके साथ समझदारी से निपटे ताकि आपके पूरे समूह के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
ग्रहों की ऊर्जा के प्रभाव के तहत आज आप अपने भीतर की आवाज सुनने के लिए सक्षम हो पायेंगे । इन आवाजों के गहरे अर्थ को आप समझने की कोशिश करे । अगर आप उन्हें समझ लेते हैं, तो आप आसानी से काम कर पायेंगे । इसके अलावा, स्पष्ट रूप से अपने आप को व्यक्त करने में संकोच न करे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,)
आज आप अपनी नौकरी से संबंधित अच्छी खबर प्राप्त कर सकते है । यह एक पदोन्नति , वेतन वृद्धि , एक नई जिम्मेदारी , एक नया इच्छित स्थान , एक अलग कंपनी से नौकरी या प्रस्ताव का परिवर्तन हो सकता है। आप कम समय में अपने आप को तैयार रखे। । यह टेलीफोन पर या सन्देश के माध्यम से भी किया जा सकता है ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आपने पिछले कुछ दिनों में कुछ अधिक खर्च किया है जिसके आप आदी नहीं हैं । आज सतर्कता की अवस्था आप के अंदर रहेगी । आपके दृष्टिकोण में एक उल्लेखनीय बदलाव आएगा और आप अपने बजट को सख्त बनाने और धन संचय पर अधिक जोर देंगे , हालाँकि आपको अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाना होगा की आपका धन बर्बाद और खत्म हो जाएगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# पशुपतिनाथ से तिरुपति तक अंतिम सांसें गिन रहा 'लाल आतंक'

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एक्सक्लूसिव डेस्क)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि नक्सली जो कभी नेपाल के पशुपतिनाथ से लेकर आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक 'लाल आतंक फैलाना' चाहते थे, आज सिर्फ चार जिलों तक सिमट कर रह गए हैं। मध्य प्रदेश के नीमच में सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के स्थापना दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि देश के लिए सीआरपीएफ का सबसे बड़ा योगदान नक्सलवाद का खात्मा होगा। बता दें कि केंद्र सरकार ने देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए 31 मार्च, 2026 का लक्ष्य तय कर रखा है और आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए तेजी से इस दिशा में आगे बढ़ रही है।

**पल-पल दम तोड़ता 'लाल आतंक'**

दरअसल, वामपंथी उग्रवाद को लेकर केंद्र सरकार के हौसले यूं ही बुलंद नहीं हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले एक दशक में सुरक्षा बलों ने लाल आतंक के खिलाफ किस तरह से काम किया है, जिसकी वजह से इनकी कमर पूरी तरह से टूट चुकी है। नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए केंद्र सरकार ने 2015 में एक खास नीति बनाई और उसके अनुसार ऐक्शन प्लान बनाकर कार्रवाई करनी शुरू की। इसका परिणाम ये हुआ है कि 2018 से पहले देश के 126 जिले नक्सल प्रभावित थे तो उस साल अप्रैल में



इनकी संख्या घटकर 90 तक पहुंच गई। वहीं गुरुवार (17 अप्रैल, 2025) को गृहमंत्री अमित शाह ने बताया है कि आज मात्र 4 जिले ही वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रह गए हैं।

भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने के लिए पिछले एक दशक में लगातार काम किया है। सरकार ने इसके लिए एक खास रणनीति बना रखी है, जिसके चलते एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों में काफी सुधार हुआ है। सरकार का लक्ष्य है कि 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाए। क्योंकि, नक्सलवाद दूरदराज के इलाकों और खासकर के आदिवासी गांवों के विकास में बहुत बड़ी बाधा रहे हैं। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी, बैंकिंग और डाक सेवाओं को इन गांवों तक पहुंचने से रोकता है। सरकार ने वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए एक राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना (2015) बनाई है।

आज आंकड़ों को देखने से मालूम होता है कि यह रणनीति काफी कारगर हुई है, जिससे नक्सलवाद कमजोर हुआ है। नक्सली हिंसा कम हुई है और ज्यादातर एलडब्ल्यूई प्रभावित जिले मुख्यधारा में वापस आ गए हैं। सरकार ने एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से लड़ने के लिए दो दिशाओं में काम किया है। पहला, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में कानून का राज स्थापित करना और सभी अवैध हिंसक गतिविधियों को पूरी तरह से रोकना। दूसरा, उन इलाकों में हुए नुकसान की भरपाई करना जो लंबे समय से नक्सली आंदोलन के कारण विकास से दूर रह गए हैं।

सरकार बीते एक दशक से नक्सलवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। सरकार योजनाओं को पूरी तरह से लागू करके वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का विकास करना चाहती है। इसका मतलब है कि सरकार नक्सलवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने वाली और उसे खत्म करने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। इसका असर आंकड़ों को देखने से पता चलता है। मसलन, आज से डेढ़ दशक पहले अगर नक्सली वारदातों में सात सौ से ज्यादा नागरिकों की जानें जा रही थीं तो 2024 तक के आंकड़ों के मुताबिक यह संख्या घटकर मात्र 121 तक रह गई थी और मौजूदा वक्त में यह और कम हो चुकी है।

**नक्सली वारदातों में मौत की घटनाएं**

| राज्य | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 3 | 3 | 1 |
| बिहार | 11 | 4 | 2 |
| छत्तीसगढ़ | 246 | 305 | 267 |
| झारखंड | 96 | 129 | 69 |
| केरल | 0 | 4 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 16 | 7 | 11 |
| महाराष्ट्र | 16 | 19 | 10 |
| ओडिशा | 16 | 12 | 6 |
| तेलंगाना | 9 | 3 | 8 |
| पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 0 |
| कुल | 413 | 485 | 374 |

इसी तरह से 2010 में अगर बुनियादी ढांचों पर हुए नक्सली हमलों की संख्या 365 थी तो 2024 में यह घटकर सिर्फ 25 रह गई थी। बीते एक वर्ष में इसमें और अप्रत्याशित कमी आने की संभावना है और ताजे आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं।

बीते तीन वर्षों की बात करें (2022 से 2024) तो नक्सली हिंसा में हुई कुल मौतों के मामले भी काफी कम हुए हैं। बीते एक वर्ष में तो इसमें वामपंथी उग्रवादियों की संख्या ही ज्यादा रहने की संभावना है। अगर तीन वर्षों के आंकड़े देखें तो आज भी सबसे ज्यादा मौतें छत्तीसगढ़ में ही हो रही हैं, लेकिन अब वहां भी यह लगातार कम हो रही है।

बीते सात दशकों से वामपंथी उग्रवाद देश के लिए एक बड़ी समस्या रही है, जिसे आमतौर पर नक्सलवाद के नाम से जाना जाता है। ये देश की सुरक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसकी शुरुआत सामाजिक और आर्थिक असमानता से हुई। माओवादी विचारधारा ने इसे और भड़काया। नक्सलवाद का असर देश के पिछड़े और आदिवासी इलाकों में ज्यादा रहा है। नक्सलियों का मकसद रहा है कि वे सरकार के खिलाफ हथियार उठाकर उसे कमजोर करें। वे अपनी सरकार चलाना चाहते हैं। वे सुरक्षा बलों, सरकारी संपत्ति और लोकतांत्रिक संस्थाओं को निशाना बनाते हैं।

नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई थी। इसलिए इसे नक्सलवाद कहा गया। कानू सान्याल को भारत में नक्सलवाद का जनक कहा जाता है। ये आंदोलन धीरे-धीरे 'रेड कॉरिडोर' में फैल गया। इसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, केरल, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्य शामिल हैं। नक्सली कहते हैं कि वे गरीब और आदिवासी लोगों के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन वे इसके नाम पर हिंसा करते आए हैं, लोगों से जबरन उगाही करते हैं और स्कूल-अस्पताल को भी निशाना बनाने से नहीं चूकते हैं। यहां तक कि वे मासूम बच्चों को भी कैडर बनाने से परहेज नहीं करते।

# जर्मन-शेफर्ड खरीदने पर घर में विवाद, मां की हत्या

## 200 रुपए देने से मना किया तो हथौड़ी से सिर फोड़ा, पत्नी पर भी हमला



रायपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। रायपुर में जर्मन शेफर्ड कुत्ता खरीदने के लिए एक सनकी बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी है। बेटे ने अपनी मां से 200 रुपए मांगे। जब मां ने मना किया तो उसने हथौड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

इस हमले में मां की मौत हो गई। आरोपी की पत्नी ने बीच बचाव किया तो उस पर भी सनकी आरोपी ने हमला कर दिया। फिलहाल पत्नी का अस्पताल में इलाज जारी है। मामला उरला थाना क्षेत्र के नागेश्वर नगर का है।

उरला थाना प्रभारी बीएल चंद्राकर से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी प्रदीप देवांगन (45 साल) ई रिक्शा चलाता है। यह घटना शुक्रवार सुबह की है। कुत्ता खरीदने की बात को लेकर घर में विवाद हुआ। पैसे नहीं देने पर प्रदीप देवांगन ने 70 साल की बुजुर्ग मां गणेशी देवांगन पर हमला किया।

बुजुर्ग महिला पर जब हमला हुआ तो वह बिस्तर पर थी। बिस्तर के साथ ही फर्श पर भी खून फैल गया। हमले के बाद जब बुजुर्ग महिला चीखने लगी तो आरोपी की पत्नी रामेश्वरी देवांगन कमरे के अंदर आई। आरोपी ने गुस्से में अपनी पत्नी पर भी हमला कर दिया। आरोपी प्रदीप देवांगन के 3 बच्चे हैं। जिसमें एक 15 साल का लड़का, एक 13 साल की लड़की और एक 8 साल का लड़का है। वारदात के दौरान बड़े बेटे ने आस पड़ोस के लोगों को जाकर पूरी घटना बताई। जिसके बाद पड़ोसी घर के भीतर पहुंचे तो बुजुर्ग महिला की लाश और पत्नी जख्मी हालत में पड़ी हुई थी। इसके बाद पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी गई।

पुलिस को जांच पड़ताल में पता चला है कि आरोपी जर्मन शेफर्ड कुत्ते को पालने के लिए घर लाना चाहता था। कुत्ते की कीमत करीब 800 रुपए थी।

आरोपी ने 600 रुपए जमा कर लिए थे। उसे 200 रुपए की जरूरत थी। इसी पैसों को लेकर उसने मां का मर्डर कर दिया। इस मामले को लेकर एएसपी लखन पटले ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी मौके से फरार है। पुलिस टीम आरोपी की खोजबीन में जुटी है। आरोपी की पत्नी की हालत सामान्य है। उसका अस्पताल में इलाज जारी है।

# बिलासपुर मेयर, कलेक्टर, चुनाव ऑब्जर्वर को नोटिस

## कांग्रेस प्रत्याशी बोले– विधानी का जाति प्रमाणपत्र फर्जी, 1.5 करोड़ खर्च किए, कोर्ट ने मांगा जवाब

बिलासपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बिलासपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी ने मेयर एल. पद्मजा उर्फ पूजा विधानी को नोटिस जारी किया है। साथ ही कलेक्टर, चुनाव ऑब्जर्वर, एडिशनल कलेक्टर, निर्वाचन आयुक्त के साथ ही 6 अन्य मेयर प्रत्याशियों को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने मेयर की जाति प्रमाणपत्र और लिमिट से अधिक खर्च करने को चुनौती दी है। उनकी याचिका को स्वीकार करते हुए सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने बताया है कि भाजपा की टिकट पर मेयर निर्वाचित हुईं पूजा विधानी का जाति प्रमाण पत्र अवैध है। साथ उन्होंने चुनाव में तय लिमिट 25 लाख की जगह 1 करोड़ 5 लाख रुपए खर्च किए।

प्रमोद नायक का कहना है कि खर्च को लेकर आपत्ति भी की गई। लेकिन, आपत्ति को जिला



निर्वाचन अधिकारी ने खारिज कर दिया। उनका यह भी आरोप है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव में 25 लाख खर्च करने का लिमिट तय किया था। लेकिन, पूजा विधानी ने 1 करोड़ 5 लाख रुपए खर्च कर दिए। याचिका में इस संबंध में तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं। वहीं यह भी बताया गया कि चुनाव के दौरान अधिकारियों से कई शिकायतें की गईं, लेकिन उन्होंने निराकरण नहीं किया। शिकायतों का जवाब तक नहीं दिया गया।

याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान नियमों की गंभीर अवहेलना की गई है। इस संबंध में लगातार लिखित सूचना और शिकायत की जाती रही। लेकिन अधिकारियों ने इनका समुचित निराकरण नहीं किया। कुछ शिकायतें ऐसी थीं, जिनमें निर्वाचन के नियमों के अनुसार समयावधि में निराकरण करना था। लेकिन अधिकारियों ने निराकरण नहीं किया बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया जारी रख प्रतिवादी के निर्वाचित होने में भूमिका अदा की। याचिका में मेयर विधानी की निर्वाचन को शून्य घोषित करने, अधिकारियों पर कार्रवाई करने और याचिका से संबंधित खर्च प्रदान किए जाने की मांग की गई है। बिलासपुर मेयर विधानी की जाति का विवाद हाईकोर्ट भी पहुंचा था। बसपा के उम्मीदवार ने रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा जाति प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया जारी होने और छानबीन समिति का मामला बताते हुए याचिका खारिज कर दी थी।

## 6 राज्यों में वांटेड साइबर ठग गिरिडीह से धराया

**24 साल के आरोपी पर दिल्ली समेत कई राज्यों में मामले दर्ज, 4 मोबाइल बरामद**

गिरिडीह, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के गिरिडीह में साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुरुवार को एक बड़े साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कैलीबाड निवासी 24 वर्षीय कुलदीप मंडल के रूप में हुई है।

साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में टीम ने प्रतिबिम्ब ऐप से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की।

एसपी डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैलीबाड में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 4 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। कुलदीप दिल्ली, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में साइबर ठगी का आरोपी है। इन राज्यों में इसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, कुलदीप एक शातिर अपराधी है, जो फोन कॉल के माध्यम से लोगों को ठगता था।

# शराब-घोटाला केस, टुटेजा के घर सीबीआई का छापा

## 6 से ज्यादा अफसर खंगाल रहे दस्तावेज 3 दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से मिली थी बेल

रायपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले केस में जेल बंद रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के रायपुर स्थिति घर पर सीबीआई ने छापा मारा है। बताया जा रहा है एजेंसी 2000 करोड़ के शराब घोटाले की जांच कर रही है। टीम में 6 से ज्यादा अधिकारी शामिल हैं। हालांकि कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अनिल टुटेजा को जमानत दी है। ये जमानत छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में मिली है। हालांकि, पासपोर्ट जमा कराने समेत कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। मंगलवार को जमानत आवेदन पर सुनवाई जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बैंच में हुई।

हालांकि, अनिल टुटेजा को ईडी के केस में राहत मिली है। अभी इसी केस पर ईओडब्ल्यू जांच कर रही है। ऐसे में टुटेजा जमानत के बाद भी जेल से बाहर नहीं आ पाए। वह पिछले एक साल से जेल में बंद हैं।

सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि, छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने 2 अप्रैल 2025 को विशेष अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें टुटेजा के खिलाफ आरोप तय किए गए थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोप तय करने से पहले सरकार से अनुमति (सीआरपीसी की धारा 197 के तहत) नहीं ली गई थी। धारा 197 के अनुसार, यदि कोई सरकारी अफसर अपने कार्य के दौरान किसी अपराध का आरोपी है, तो कोर्ट में मुकदमा चलाने के लिए पहले सरकार से मंजूरी लेना जरूरी होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को आदेश दिया कि टुटेजा की जमानत की प्रक्रिया को लिए संबंधित कोर्ट में पेश किया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि विशेष न्यायाधीश की अदालत अभी खाली है। इसके अलावा शर्तों में, पासपोर्ट सरेंडर करना और अदालत में सुनवाई के दौरान पूरा सहयोग करना शामिल है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि, अनिल टुटेजा एक वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं। जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने कोर्ट में टुटेजा पर नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले में भी शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि वे गवाहों को प्रभावित करने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने के लिए सक्षम हैं।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर में 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

ईडी ने विशेष न्यायाधीश को चालान के संबंध में बताया कि शराब घोटाले में अब तक कुल 21 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसमें कवासी लखमा, अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलर, वेलकम डिस्टलर, टॉप सिक्योरिटी, ओम सांई ब्रेवरेज, दिशिता वेंचर, नेस्ट जेन पावर, भाटिया वाइन मर्चेंट और सिद्धार्थ सिंघानिया सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

**सिंडिकेट के कोर ग्रुप में आरोपियों की भूमिका**



**अनिल टुटेजा:** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव थे। सिंडिकेट के संरक्षक की भूमिका में थे।



**अनवर ढेबर:** होटल संचालक है। सिंडिकेट का गठन किया। पैसा किस तरह से कहां पहुंचेगा इसकी प्लानिंग की गई और सबका शेयर तय किया।



**एपी त्रिपाठी:** कांग्रेस सरकार में CSMCL में एमडी थे। CSMCL में मैनपावर सप्लाई, कैश कलेक्शन, होलोग्राम सप्लाई और शराब परिवहन का काम अपने लोगों को दिलाया।

## बारात से लौट रही फैमिली हादसे का शिकार

**ट्रक से टकराई कार, एक की मौत, 5 लोग गंभीर रूप से घायल**

गिरिडीह, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। गिरिडीह में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा हीरोडीह थाना क्षेत्र के जमुआ-खोरिमहुआ मुख्य मार्ग स्थित बलेडीह में हुई। दुर्घटना तेज रफ्तार कार के अपने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मारने की वजह से हुई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के दोनों बैलून खुल गए। गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से बर्बाद हो गया। कार सवार सभी बारात से जमुआ लौट रहे थे। मृतक की पहचान नरेश यादव के रूप में की गई। जबकि विकास यादव, रविरंजन यादव, संदीप यादव, मुकेश यादव और अरविंद यादव गंभीर रूप से घायल हैं। घायल और मृतक सभी जमुआ के पैठडी निवासी हैं। सभी लोग कार से एक बारात में शामिल होने धनवार गए थे। शुक्रवार को वापस घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जमुआ-खोरिमहुआ मेन रोड पर कार की रफ्तार काफी तेज थी और उसके आगे एक ट्रक चल रहा था। अचानक कार, ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई और यह हादसा हुआ।

# गुमटी पर बैठे युवक को मारी 4 गोली

हजारीबाग, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हजारीबाग में बीती रात बाइक सवार तीन अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक को चार गोली लगी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना बरकठ्ठा गोरहर थाना क्षेत्र के बंडासिंघा शिवमंदिर के पास की है। वहीं, घायल युवक के पिता के अनुसार, सरस्वती पूजा के दौरान छेड़छाड़ का बेटे ने विरोध किया था। इसी बात पर उसे मारने की धमकी दी गई थी। यह घटना उसी विवाद से जुड़ा लग रहा है।

घायल की पहचान अनूप यादव (30) के रूप में की गई। जख्मी ने बताया कि वो शिवमंदिर के निकट एक गुमटी में बैठा था। तभी एक बाइक पर सवार तीन लोग आए और धड़ाधड़ चार गोली मार कर फरार हो गए। बाइक पर सवार हरिओम सिंह (पिता लक्ष्मी सिंह), सचिन पाण्डेय (पिता बीरेंद्र पांडेय) व एक अन्य था। घायल के पिता बैजनाथ यादव ने बताया कि जिनपर अनूप यादव को गोली मारने का आरोप लगा है, वह पूर्व में भी आपराधिक मामले में रांची जेल से बाहर आए हैं।

पिता ने बताया कि सरस्वती पूजा में छेड़छाड़ के दौरान मना करने पर अनूप को धमकी दी गई थी। इसको लेकर थाना को भी सूचना दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इससे अपराधियों का मन बढ़ा। इधर, गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि गोली लगने की सूचना है। अपराधी को पकड़ा जाएगा। वहीं, तीन दिन पहले हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर कुमार (36) की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिर बाइक की डिक्की में रखे लाखों रुपए लूट लिए थे। इस मामले में अब तक पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## जिंदल कोल माइंस में ब्लास्ट, 1 मौत और 2 घायल

रायगढ़, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में जिंदल पावर लिमिटेड की कोल माइंस में धमाका हुआ है। ब्लास्ट में एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के दौरान सुरक्षा में लापरवाही बरती गई, जिससे हादसा हुआ। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले मजदूर का नाम आयुष विश्नोई (24) है, जो ओडिशा से काम करने के लिए रायगढ़ आया था।

# एयर शो के लिए 10 'हॉक' विमान पहुंचे रांची

## आज और कल दिखेगा सेना का शौर्य, आज कई फ्लाइट का बदलेगा समय

रांची, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। 19 और 20 अप्रैल को रांची में सुबह 9.45 से 10.45 बजे तक खोजाटोली आर्मी मैदान नामकुम में विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन सूर्य किरण टीम द्वारा किया जाएगा। दो दिन आसमान पर वायुसेना के जांबाज शो के माध्यम से शौर्य व पराक्रम का साहसिक प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए सूर्य किरण टीम के 10 हॉक विमान रांची एयरपोर्ट पर पहुंच चुके हैं। इन विमानों ने रांची एयरपोर्ट से उड़ान भरकर अभ्यास किया और एरिया की मैपिंग की।

शो से पहले ही पूरा क्षेत्र वायु सेना के शौर्य से परिचित हो गया। हालांकि, एयर शो के कारण दो दिन 19 व 20 अप्रैल को सुबह 9.45 से 10.45 तक रांची एयरपोर्ट में एयर स्पेस क्लोज रहेगा। इसलिए, इस समय ना ही बाहर से कोई विमान आ सकेगा और ना यहां से उड़ान भर सकेगा। उस समय में हैदराबाद व मुंबई से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट प्रभावित हो सकती है। वहीं, दिल्ली जाने वाली इंडिगो व एयर इंडिया की फ्लाइट का समय भी बदलेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा है कि फ्लाइट का समय बदलेगा, लेकिन सभी विमान एयरपोर्ट आएंगे और जाएंगे। एयर शो की वजह से आर्मी ग्राउंड के 200 मीटर क्षेत्र को 20 मई तक नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। इस दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। एयर शो देखने वायुसेना प्रमुख एपी सिंह भी आएंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्राचार्य व प्रबंधक से अपील है कि वे बच्चों को इसे अवश्य दिखाएं।

# झारखंड में 20 तक बारिश और वज्रपात का अलर्ट

## ओलावृष्टि के साथ हुई बरसात, पिछले 24 घंटे में अमरापारा में हुई सर्वाधिक बारिश

रांची, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में पिछले कुछ दिनों से रोजाना हो रही बारिश और वज्रपात का दौर आगे भी जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने 20 अप्रैल तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश, तेज रफ्तार हवा का चलना और आकाशीय बिजली गिरने के आसार व्यक्त किए हैं। शुक्रवार दोपहर को रांची में ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए 20 तक कई जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 21 अप्रैल से




फिर से राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश के साथ वज्रपात होने की संभावना व्यक्त की गई है। इधर, पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर आंधी के साथ हल्के दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा 6.8 एमएम अमरापारा (पाकुड़) में दर्ज की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस धनबाद में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिन इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा को छोड़कर शेष हिस्सों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है। हवा की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

# स्वास्थ्य अधिकारी पर जानलेवा हमला

जमशेदपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जमशेदपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) ज्योति कुमारी महतो पर शुक्रवार को चार लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। चारों ने कुदाल से वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। घटना एमजीएम थाना अंतर्गत रुईडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की है। घटना के वक्त ज्योति कुमारी महतो अस्पताल में ही बने अपने आवास के नीचे थीं। हमले के बाद उनके पति ने ऊपर से देखा तो भागते हुए नीचे पहुंचे और अपने साले को घटना की सूचना दी। इसके बाद ज्योति कुमारी को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए वहां से टीएमएच रेफर कर दिया गया है। ज्योति की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वो पिछले पांच वर्षों से अस्पताल में कार्यरत हैं और अस्पताल परिसर में बने कर्मचारी आवास में अपने परिवार के साथ रहती हैं। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार की सुबह मरीज बनकर अचानक चार लोग घर पर पहुंचे। जैसे ही ज्योति नीचे पहुंचीं, उन पर कुदाल से जानलेवा हमला कर दिया। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि हमले के पीछे क्या कारण है। इधर, मामले की जानकारी मिलते ही पटमदा रेंज के डीएसपी बचनदेव कुजूर टीएमएच पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। ज्योति कुमारी के पति डॉक्टर हैं और घटना के वक्त वे भी घर पर ही थे। हमले के बाद जब तक वो नीचे पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बन पाएगा भारत?

## अमेरिका से आई खुशखबरी, मुस्लिम देश ने किया बड़ा ऐलान



न्यूयार्क, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत दशकों से मांग कर रहा है कि उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दी जाए। भारत ने इसके लिए जी4 गुट के साथ एक अभियान भी चला रखा है। हाल ही में भारत ने सुरक्षा परिषद के सुधार के दौरान मुस्लिम देश को स्थायी सदस्यता देने की तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के मांग को खारिज कर दिया था। अब संयुक्त राष्ट्र से भारत के लिए एक अच्छी खबर आई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता (आईजीएन) के अध्यक्ष ने गुरुवार को कहा कि यदि विश्व निकाय के सुरक्षा परिषद के विस्तार पर निर्णय लिया जाता है तो निश्चित रूप से भारत इसका एक प्रमुख दावेदार होगा।

राजदूत तारिक अलबनाई ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जाहिर है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अगर सुधार किया जाता है, तो उसका उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह सभी देशों का सही प्रतिनिधित्व करे।' उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक अहम और बड़ा देश है। अलबनई ने कहा 'लेकिन संयुक्त राष्ट्र में कुल 193 देश हैं। इसलिए सुधार करते समय यह देखा जाना चाहिए कि हर देश की आवाज सुनी जाए और सभी सदस्य देशों को प्रतिनिधित्व मिले, न कि सिर्फ कुछ बड़े और ताकतवर देशों को ही जगह दी जाए।'

संयुक्त राष्ट्र में अलबनई कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि हैं। उन्होंने कहा कि भारत के स्थायी सदस्यता के दावे को कुवैत समर्थन देता है। एक सवाल के जवाब में अलबनई ने कहा, 'यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो निश्चित रूप से भारत इसमें प्रमुख दावेदार होगा।' उन्होंने याद किया कि पिछले साल उन्होंने और ऑस्ट्रिया के सह-अध्यक्ष राजदूत अलेक्जेंडर मार्शिक ने भारत का दौरा किया था और वहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के मुद्दे पर उच्चतम स्तर पर बातचीत की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वर्तमान 79वें सत्र के दौरान आईजीएन प्रक्रिया में हुई प्रगति पर अद्यतन जानकारी देते हुए राजदूत ने कहा कि सुधार का मार्ग 'निस्संदेह जटिल है, लेकिन हम आगे बढ़ने की दिशा में स्थिर और सार्थक कदम उठा रहे हैं।'

### हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी एयर स्ट्राइक में 38 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घायल

वाशिंगटन, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन के हूती विद्रोहियों पर अमेरिका की एयर स्ट्राइक में 38 लोगों की मौत हुई है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ये एयर स्ट्राइक एक तेल के पोर्ट रास ईसा पर हुई। यूएस सेंट्रल कमांड ने इस स्ट्राइक की पुष्टि की है, हालांकि उन्होंने मरने वालों का सही आंकड़ा नहीं बताया है।

इस हमले में हुई मौतें अमेरिका द्वारा हूती विद्रोहियों पर की गई अब तक की सबसे घातक हवाई कार्रवाई हो सकती है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 15 मार्च से शुरू किए गए नए अभियान के तहत की गई है।

इस अभियान का मकसद ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह को कमजोर करना है, जिसने अक्टूबर 2023 में इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से रेड सी से गुजरने वाले कई अमेरिकी जहाजों पर हमले किए हैं।

एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, हूती विद्रोहियों के अल-मसीराह सैटेलाइट न्यूज चैनल ने हमले के बाद का ग्राफिक वीडियो जारी किया, जिसमें घटनास्थल पर बिखरे शव देखे जा सकते हैं।

# लेजर वेपन, 1000 सैटलाइट

## ट्रंप के 'गोल्डन डोम' से अमेरिका को छू भी नहीं पाएंगी दुश्मन की मिसाइलें, ऐक्शन में मस्क

वॉशिंगटन, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप एक ऐसा मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाना चाहते हैं जो अमेरिका के ऊपर होने वाली किसी भी तरह के हमले को रोक सके। इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खासियत अंतरिक्ष से आने वाली हाइपरसोनिक मिसाइलों से भी देश को बचाने की होगी। डोनाल्ड ट्रंप का ये ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसमें कई सौ अरब डॉलर से ज्यादा खर्च हो सकते हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अब धरती के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के हाथों में इस महाविशालकाय प्रोजेक्ट की कमान दी गई है। अब एलन मस्क का काम एक ऐसा मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाना है, जो चीन या रूस समेत किसी भी दुश्मन की तरफ से आने खतरों से अमेरिका को बचाए। कार्यकारी आदेश पर साइन करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने मिसाइल हमलों को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। लिहाजा अमेरिका ने खुद को बचाने के लिए एडवांस मिसाइल डिफेंस सिस्टम बनाने का काम शुरू कर दिया है।



डोनाल्ड ट्रंप लंबे वक्त से इजरायली एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम के प्रशंसक रहे हैं और शुरू में उन्होंने नये एयर डिफेंस सिस्टम का नाम भी आयरन डोम की तर्ज पर ही रखने की सलाह दी थी। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कॉपीराइट और पेटेंड का हवाला देकर इसके नाम को बदलने की सलाह दी। हालांकि इस सिस्टम का आयरन डोम से कोई लेना देना नहीं होगा और ये अपने आप में ऐसा इकलौता सिस्टम होगा। इजरायली आयरन डोम सिर्फ उन मिसाइलों को मारता है, जो इंसानों के लिए खतरनाक हों। आयरन डोम ऐसी मिसाइलों को छोड़ देता है, जो खतरनाक कैटेगिरी में नहीं आते हैं। लेकिन गोल्डेन डोम ऐसा नहीं होगा।

**अमेरिका का गोल्डेन डोम प्रोग्राम कैसा होगा?**

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी ने 'गोल्डेन डोम' बनाने का कॉन्ट्रैक्ट जीत लिया है। उनकी रॉकेट और सैटेलाइट कंपनी डिफेंस सिस्टम के लिए प्रमुख भागों का निर्माण करने के लिए सॉफ्टवेयर निर्माता पलांटिर और ड्रोन निर्माता एंडुरिल के साथ साझेदारी कर रही है। तीनों कंपनियों की स्थापना उन उद्यमियों ने की थी, जो डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति का प्रमुख समर्थक रहे हैं। गोल्डेन डोम, दुनिया में अभी तक बनाई गई किसी भी टेक्नोलॉजी से अलग और एडवांस होगा। इसके रेंज का अभी तक कोई मिसाइल नहीं बनी है। एलन मस्क की कंपनी इस सिस्टम को हाइपरसोनिक मिसाइलों, ड्रोन स्वॉर्म्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आई किसी भी खतरों से अमेरिका को बचाने के लिए डिजाइन किया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट के तहत एलन मस्क की कंपनी 1000 से ज्यादा सैटेलाइट्स का निर्माण करेगी, जिसका काम दुनिया का चक्कर काटते हुए इस बात का पता लगाना होगा कि क्या कोई भी खतरा अमेरिका की तरफ बढ़ रहा है। अमेरिका की तरफ बढ़ने वाले किसी भी खतरे को ये सैटेलाइट फौरन पहचान लेंगे और फिर उन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके अलावा मिसाइलों और लेजर से लैस 200 सैटेलाइट अलग से होंगे, जिनका काम दुश्मनों की मिसाइलों को मार गिराना होगा। यानि अमेरिका को ऊपर दुनिया की कोई शक्ति मिसाइल हमला नहीं कर पाएगी।

# बांग्लादेश बोला- पाकिस्तान 1971 के नरसंहार पर माफी मांगे

## हमारा 52 हजार करोड़ टका बकाया भी दे, 15 साल बाद बांग्लादेश-पाक की बैठक



ढाका, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच गुरुवार को 15 साल बाद विदेश सचिव स्तर की बातचीत हुई। इस दौरान बांग्लादेश ने कई अनसुलझे मुद्दे उठाए। बांग्लादेशी विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने पाकिस्तान से 1971 के अत्याचारों के लिए औपचारिक माफी की मांग की।

बांग्लादेश ने कहा कि 1971 में जब दोनों देश एक ही थे, पाकिस्तान तब की संयुक्त संपत्ति से बांग्लादेश के हिस्से के 4.3 अरब डॉलर (36 हजार करोड़ रु. या 52 हजार करोड़ टका) का भुगतान करे। इसके साथ 1970 में आए चक्रवात के वक्त बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) की मदद के लिए मिले 200 मिलियन डॉलर (करीब 2400 करोड़ टका) का भी भुगतान करे। बांग्लादेश ने ढाका शिविरों में रह रहे 3 लाख से ज्यादा फंसे हुए पाकिस्तानियों की वापसी का भी मुद्दा उठाया। बांग्लादेश में इन्हें 'बिहारी' कहा जाता है। ये मूल तौर पर उर्दू भाषी मुस्लिम प्रवासी हैं, जो 1947 में भारत के बंटवारे के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश से पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) बस गए थे। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद, इन लोगों ने पश्चिम पाकिस्तान के लिए वफादारी दिखाई, जिसके कारण इन्हें बांग्लादेश में भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इन्हें 'पाकिस्तान समर्थक' मानकर बदला लिया गया। उनकी संपत्तियां जब्त कर ली गईं, और उन्हें हिंसा, बलात्कार, और हत्याओं का सामना करना पड़ा।

तब भारतीय सेना और रेड क्रॉस ने उनकी सुरक्षा के लिए ढाका और बाकी जगहों पर कई अस्थायी राहत शिविर स्थापित किए। बांग्लादेश की आजादी के बाद से ही लाखों लोग राहत शिविरों में बुरे हालात में रह रहे हैं, और न तो पाकिस्तान ने इन्हें अपनाया है और, न ही बांग्लादेश ने इन्हें पूर्ण नागरिकता दी है।

एक पत्रकार ने जशीम उद्दीन से पूछा कि क्या वर्तमान में ढाका का झुकाव पाकिस्तान की ओर है, जैसा पहले भारत की ओर था। इस पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का इरादा पाकिस्तान के साथ सम्मान और आपसी लाभ के आधार पर जुड़ने का है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश अपनी विदेश नीति के मुताबिक सभी पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर देता है। पाकिस्तान दक्षिण एशिया में बांग्लादेश के प्रमुख पड़ोसियों में से एक है।

# म्यांमार में सुपरसोनिक स्पीड से आया था विनाशकारी भूकंप

## 400 किमी दूर तक फट गई धरती, वैज्ञानिकों का बड़ा खुलासा

नेपीडॉ, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पिछले महीने 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से म्यांमार की धरती कांप उठी थी। दुनिया के सबसे बड़े फॉल्ट में से एक के टूटने से बने इस भूकंप के चलते म्यांमार और आस-पास के क्षेत्रों में तबाही मचा दी थी। भूकंप के चलते 5000 से ज्यादा लोगों के हताहत होने की पुष्टि हुई है। भूकंप का केंद्र म्यांमार में मांडले के पास था, लेकिन इसका असर थाईलैंड और बांग्लादेश तक देखा गया। अब घटना के कुछ दिनों बाद भूकंप विज्ञानियों ने इसके व्यवहार और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने वाले तेज झटकों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की है।



म्यांमार टेक्टोनिक रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है, जहां भारत और यूरेशिया की प्लेटें टकराती हैं। सीस्मोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका की वार्षिक बैठक में दुनिया भर के शोधकर्ताओं ने अपने निष्कर्ष साझा किए हैं। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के भूकंप विज्ञानी सुसान हॉफ के अनुसार, मार्च में आए भूकंप ने सागांग फॉल्ट के 400 किलोमीटर से अधिक हिस्से को तोड़ दिया। यह प्रमुख स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट मध्य म्यांमार से होकर गुजरता है।

यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के शोधकर्ता नादिन रीटमैन ने बताया कि यह दरार दुनिया भर में दर्ज की गई सबसे बड़ी सतह दरारों में से एक है। सागांग फॉल्ट ने पिछली सदी में 6 तीव्रता और उससे बड़े कई भूकंपों को पैदा किया है, लेकिन 1839 के बाद से 7 तीव्रता के भूकंप का अनुभव नहीं हुआ था।

जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के झीगांग पेंग ने कहा कि यह दरार शुरुआत में धीमी गति से होने के बाद ध्वनि की गति से भी तेज गति से टूट गई।

पेंग ने कहा कि थाईलैंड और चीन के युन्नान और ग्वांगडन प्रांतों में भूकंप के बाद भूकंपीय गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप से उत्पन्न तनावों के व्यापक रूप से सक्रिय होने का संकेत देती है।

# ट्रम्प बोले- हम चीन से अच्छा सौदा करने जा रहे

## कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता, दो दिन पहले चीन पर लगाया 245% टैरिफ



वॉशिंगटन, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। जब ट्रम्प से पूछा गया कि क्या अमेरिका को इस बात से परेशान होना चाहिए कि उसके सहयोगी चीन के करीब आ रहे हैं, इस पर उन्होंने कहा- नहीं। बता दें कि अमेरिका ने दो दिन पहले ही चीन पर 245% टैरिफ लगाया था।

ट्रम्प ने कहा कि कोई भी हमसे मुकाबला नहीं कर सकता। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि चीन अमेरिका के साथ बैठक करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कल मेक्सिको के राष्ट्रपति के साथ बहुत ही अच्छी बातचीत हुई। इसी तरह, मैंने जापान के बिजनेस प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। चीन समेत हर देश हमसे मिलना चाहता है।

**चीन पर लगाया बोइंग सौदे से मुकरने का आरोप**

व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प का मानना है कि अमेरिका नहीं बल्कि चीन को बातचीत की टेबल पर आना है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीजिंग पर बोइंग के एक बड़े सौदे से मुकरने का आरोप लगाया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने ट्रम्प के हवाले से कहा कि गेंद चीन के पाले में है। चीन को हमारे साथ समझौता करने की जरूरत है। हमें उनके साथ समझौता करने की जरूरत नहीं है।

# भारतीय वैज्ञानिक निक्कू मधुसूदन कौन हैं

## जिनकी एलियन ग्रह की खोज ने किया कमाल, दुनिया भर में हो रही चर्चा

लंदन, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से 120 प्रकाश वर्ष दूर ग्रह पर जीवन को लेकर एक अभूतपूर्व खोज की है, जो आने वाले समय में एलियंस को लेकर हमारी सोच को बदल सकती है। दिलचस्प बात है कि इस अभूतपूर्व खोज को भारतीय मूल के कैम्ब्रिज प्रोफेसर डॉक्टर निक्कू मधुसूदन ने किया है। नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) के डेटा का इस्तेमाल करते हुए, डॉ. मधुसूदन और उनकी टीम ने सुदूर ग्रह के2-18बी के वायुमंडल में मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसे अणुओं का पता लगाया है, जो जीवन की खोज में बड़ा कदम है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, डॉक्टर मधुसूदन ने इसे पृथ्वी से बाहर जीवन का अब तक का सबसे मजबूत सबूत बताया है। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तविक रूप से कह सकता हूं कि हम एक से



दो साल के भीतर इस संकेत की पुष्टि कर सकते हैं।' वैज्ञानिकों का मानना है कि के2-18बी ग्रह एक हाइसीन वर्ल्ड हो सकता है। हाइसीन वर्ल्ड से मतलब एक ऐसी दुनिया से है, जहां हाइड्रोजन से समृद्ध वायुमंडल और महासागरों की मौजूदगी हो। एक ऐसा संयोजन, जो जीवन की संभावना के लिए अनुकूल है।

के2-18बी एक एक्सोप्लैनेट है, जो लाल बौने तारे के2-18 की परिक्रमा करता है और इसके रहने योग्य क्षेत्र में स्थित है। यह ग्रह पृथ्वी से 2.6 गुना बड़ा और 8.6 गुना अधिक भारी है। जेम्स वेब टेलीस्कोप के नियर-इन्फ्रारेड इमेजर एंड स्लिटलेस स्पेक्ट्रोग्राफ और नियर-इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोग्राफ ने इस ग्रह पर अणुओं का पता लगाया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण खोज डाइमिथाइल सल्फाइड (डीएमएस) का संभावित निशान था। पृथ्वी पर यह अणु केवल जीवित जीवों, खास तौर पर समुद्री फाइटोप्लांकटन से निर्मित होता है। भारतीय मूल के डॉ. निक्कू मधुसूदन ने ग्रहों के वायुमंडल, अंदरूनी भाग और बायोसिग्नेचर पर अपने काम के जरिए प्रसिद्धि पाई है। साल 1980 में भारत में जन्मे मधुसूदन ने अपनी अंडरग्रेजुएट की पढ़ाई वाराणसी के आईआईटी-बीएचयू से की।

इसके बाद वह पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए मेसाच्यूसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी चले गए। यहीं से उन्होंने प्लैनेटरी साइंस में अपनी पीएचडी की डिग्री हासिल की। उन्होंने एक्सोप्लैनेट रिसर्च की मशहूर एक्सपर्ट डॉ. सारा सीगर के मार्गदर्शन में काम किया। वर्तमान में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के खगोल विज्ञान संस्थान में प्रोफेसर हैं। उनका काम एक्सोप्लैनेट के निर्माण और वायुमंडलीय संरचना पर केंद्रित है कि ये दूर के ग्रह कैसे जीवन का समर्थन कर सकते हैं। उनके शोध को यूरोपीय खगोलीय सोसायटी और इंटरनेशनल यूनियन फॉर प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स से मान्यता मिली है। उन्होंने 'हाइसीन ग्रह' शब्द गढ़ा - महासागरों से ढके और हाइड्रोजन से भरपूर आसमान में लिपटे हुए ग्रह।

### घाटे में चल रही अपनी सरकारी एयरलाइन पीआईए को बेचेगा पाकिस्तान

#### पिछले साल नहीं मिल पाए थे खरीददार

इस्लामाबाद, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने एक बार फिर कर्ज में डूबी अपनी सरकारी एयरलाइन पीआईए को बेचने की कोशिशें तेज कर दी हैं। इससे पहले पाकिस्तान सरकार ने बीते साल भी अपनी सरकारी एयरलाइन को बेचने की कोशिश की थी, लेकिन उस वक्त सही खरीददार न मिलने के चलते पाकिस्तान की सरकार को सफलता नहीं मिल पाई थी। अब एक बार फिर से पाकिस्तान ने पीआईए को बेचने की कोशिश शुरू कर दी है। घाटे में चल रही पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) को बेचने की कोशिश पाकिस्तान की सरकार वर्षों से कर रही है, लेकिन साल 2024 में इसे लेकर गंभीर प्रयास शुरू किए गए, लेकिन कोई बड़ा खरीददार नहीं मिलने के चलते पाकिस्तान की सरकार सफल नहीं हो सकी।

# राफेल, मिग-29 और एफ-16 फाइटर जेट के हर राज जान लेगा चीन

## भारत के मुस्लिम दोस्त देश के साथ करने जा रहा महाभ्यास

काहिरा, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। फ्रांसीसी मूल के राफेल, रूस के बनाए, मिग- 29 और अमेरिकी एफ-16 से चौतरफा घिरा चीन अब अपने दुश्मनों से निपटने के लिए अफ्रीकी मुस्लिम देश पर डोरे डाल रहा है। चीन की वायुसेना ने पिरामिडों के देश मिस्र के साथ बड़े पैमाने पर पहला संयुक्त हवाई अभ्यास शुरू किया है। इस संयुक्त अभ्यास को सिवलाइजेशन ईगल 2025 नाम दिया गया है। मध्य अप्रैल से शुरू हुआ यह अभ्यास मई के शुरुआती दिनों तक जारी रहेगा। चीन और मिस्र की वायुसेनाएं समन्वय के साथ उड़ान



भरेंगी और रणनीतिक लड़ाई की ट्रेनिंग करेंगी। चीन के रक्षा मंत्रालय ने इसे व्यवहारिक सहयोग को बढ़ावा देने और आपसी मित्रता को प्रगाढ़ करने के लिए एक बड़ा कदम करार दिया है। विश्लेषकों का कहना है कि मिस्र के साथ हवाई अभ्यास करके चीन एक तीर से कई शिकार कर रहा है। मिस्र एक ऐसा देश है जो दुनिया के इन तीनों ही खतरनाक फाइटर जेट का इस्तेमाल करता है। ये तीनों ही फाइटर जेट चीन की नाक में दम किए हुए हैं।

भारत ने जहां राफेल और मिग-29 पर दांव लगा रखा है, वहीं ताइवान और फिलीपींस अमेरिकी एफ-16 ले रहे हैं। इसके अलावा गाजा युद्ध को देखते हुए यह पूरा इलाका अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में चीन ने अपने प्रभाव का बढ़ाने का प्रयास किया है और अमेरिका को संदेश दिया है। गाजा युद्ध को लेकर मिस्र और इजरायल में तनाव चल रहा है। इस अभ्यास से अब पश्चिम एशिया में नए गठबंधन के बनने का इशारा मिलने लगा है।

# यमन में अमेरिका के हवाई हमले

## रास ईसा बंदरगाह पर 38 लोगों की मौत, 102 घायल

सना, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका ने एक बार फिर यमन में हवाई हमले किए हैं। यह हमला यमन के तेल बंदरगाह रास ईसा पर किया गया। इस बंदरगाह पर हूती विद्रोहियों का कब्जा था। हूतियों ने कहा है कि अमेरिकी हवाई हमले में 38 लोग मारे गए, जबकि 102 अन्य घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने इस हमले की पुष्टि की है। ट्रंप प्रशासन में लगातार हूतियों पर हमले किए जा रहे हैं। यमन की राजधानी सना में लगातार अमेरिकी सैन्य विमान हूतियों के अड्डों को निशाना बना रहे हैं। पहली बार है कि किसी हमले में इतनी बड़ी संख्या में हूतियों की मौत हुई है। हूतियों ने बंदरगाह पर हमले के बाद की स्थिति का वीडियो जारी किया। इसमें घटनास्थल पर लाशें बिखरी हुई दिखाई दे रही थीं। इसने कहा कि बंदरगाह पर पैरामेडिक और नागरिक कर्मचारी हमले में मारे गए। इससे भीषण विस्फोट हुआ और आग लग गई। वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी बलों ने ईरान समर्थित हूतियों के लिए ईंधन के स्रोत को खत्म करने और उन्हें अवैध राजस्व से वंचित करने के लिए कार्रवाई की है। इसने 10 वर्षों से अधिक समय तक पूरे क्षेत्र को आतंकित करने के हूती प्रयासों को वित्त पोषित किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि इस हमले का उद्देश्य यमन के लोगों को नुकसान पहुंचाना नहीं था। लोग हूती शासन को उतार फेंकना चाहते हैं और शांति से रहना चाहते हैं। वहीं अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने वाणिज्यिक उपग्रह प्रदाता चांग गुआंग सैटेलाइट टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड पर अमेरिकी हितों पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर हमलों का सीधे समर्थन करने का आरोप लगाया।

रास ईसा बंदरगाह तीन तेल टैंकों और रिफाइनिंग उपकरणों का केंद्र है। यह यमन के होदेदा प्रांत में लाल सागर के किनारे स्थित है। नासा के उपग्रहों ने शुक्रवार की सुबह कामरान द्वीप के पास स्थित इस स्थल पर भीषण आग देखी। हूतियों ने कहा कि यह पूरी तरह से अनुचित आक्रमण यमन की संप्रभुता और स्वतंत्रता का घोर उल्लंघन है और पूरे यमनी लोगों को सीधे निशाना बनाता है। यह एक महत्वपूर्ण नागरिक सुविधा को निशाना बनाना है।



# जयपुर में 3 दिन रहेंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

## बिल क्लिंटन जैसा स्वागत होगा, सुरक्षा एजेंसियों ने आमेर किले के बंद गेट खुलवाए

जयपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस 21 अप्रैल को जयपुर दौरे पर आ रहे हैं। वे तीन दिन जयपुर में रहेंगे और 23 अप्रैल को जयपुर से आगरा ताजमहल देखने जाएंगे। अमेरिकी वाइस प्रेसीडेंट भारतीय मूल की अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी के साथ आमेर महल और जंतर-मंतर जैसी हेरिटेज साइट देखने भी जाएंगे। इससे पहले 2024 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी जयपुर आए थे। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बिल क्लिंटन भी अपने कार्यकाल के दौरान जयपुर दौरे पर आ चुके हैं।


परिवार के साथ रामबाग पैलेस में रुकेंगे

जेडी वेंस के दौरे के मद्देनजर सभी सुरक्षा एजेंसिया सतर्क हो गई हैं। आमेर फोर्ट में एजेंसियों ने सुरक्षा की तैयारियां देखी। व्हाइट हाउस ने वेंस के जयपुर दौरे की दो दिन पहले पुष्टि की थी। सूत्रों के अनुसार, वेंस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जयपुर आ सकते हैं। जेडी वेंस की विजिट को लेकर अमेरिकी सेना के भी बड़े विमान यहां पहुंचे थे।

**190 साल पुराने रामबाग पैलेस में रुकेंगे वेंस**

दुनिया के टॉप लग्जरी होटल में शुमार रामबाग पैलेस में अमेरिकी उपराष्ट्रपति का दो दिन स्टे होगा। करीब 190 साल पुरानी यह प्रॉपर्टी जयपुर के पूर्व राजपरिवार से संबंध रखती है। ताज ग्रुप का यह प्राइम होटल हॉलीवुड-बॉलीवुड स्टार्स के साथ दुनियाभर के सेलिब्रिटीज की पसंद है। अपने आखिरी दिनों में पूर्व महारानी गायत्री देवी भी रामबाग पैलेस में मौजूद लिलिपूल पैलेस में रहती थीं। रामबाग पैलेस को भारत का सबसे महंगा होटल माना जाता है।

**'चंदा' और 'पुष्पा' करेंगी वेलकम**

22 अप्रैल को आमेर महल विजिट के दौरान वे राजस्थानी मेहमाननवाजी का भी एक्सपीरियंस करेंगे। इस दौरान आमेर महल के सूरजपोल गेट पर उनका स्वागत हथिनी चंदा और पुष्पा करेंगी। हाथी गांव विकास समिति के अध्यक्ष बल्लू खान ने बताया कि दोनों हाथियों को चांदी के होदे लगेंगे और ज्वेलरी पहनाई जाएगी। आमतौर पर वीवीआईपी मेहमानों का स्वागत इसी तरह किया जाता है। आमेर के पास मौजूद हाथी गांव में सेरेमनी को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

## छेड़छाड़ करते पकड़ा तो युवक ने खुद का गला काटा, मौत

जयपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर में महिला से छेड़छाड़ कर रहे युवक को पकड़ा तो पेपर कटर से खुद का गला काट लिया। लहूलुहान हालत में पुलिस युवक को कांवटिया अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार को झोटवाड़ा इलाके में सुबह 8 बजे हुई। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए हैं। झोटवाड़ा एसएचओ राजेंद्र सिंह ने बताया- युवक की पहचान आनंद शर्मा (35) निवासी बानसूर (अलवर) के रूप में हुई है। वह झोटवाड़ा के जोशी मार्ग पर रहता था। प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि वह पिछले काफी दिनों से महिला सफाई कर्मचारी से छेड़छाड़ कर रहा था।

# दिवाली पर शहरवासियों को मिलेगी नए एयरपोर्ट टर्मिनल की सौगात

## > गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया अवलोकन

जोधपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में शहर को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री और जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। करीब 480 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस आधुनिक टर्मिनल का 80% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अनुमान है कि यह नया टर्मिनल इस साल दिवाली तक जोधपुरवासियों को समर्पित कर दिया जाएगा।

24 हजार वर्गमीटर में फैला यह नया टर्मिनल प्रतिवर्ष 3.5 मिलियन यात्रियों और व्यस्त समय में 2,500 यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा।

नए टर्मिनल को राजस्थान की विरासत को ध्यान में रखते हुए हैरिटेज लुक दिया गया है और निर्माण में जोधपुर पत्थर का विशेष उपयोग किया गया है। गौरतलब है कि मौजूदा टर्मिनल भवन केवल 430 यात्रियों को प्रति घंटा संभाल सकता है, जबकि नया टर्मिनल 37 एकड़ में फैला होगा, जिसमें 6 एयरोब्रिज, 40 चेक-इन काउंटर, 16 सेल्फ चेक-इन मशीनें और 3 कन्वेयर बेल्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही 12 विमान और 300 से अधिक कारों की पार्किंग की सुविधा भी यहां रहेगी। मीडिया से बातचीत में शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर का विशेष रूप से आभार जताते हुए कहा कि पीएम मोदी की इस प्रोजेक्ट के प्रति विशेष रुचि और पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर के प्रयासों से



जमीन संबंधी समस्याएं सुलझीं, जिसके बाद यह सपना साकार हो सका। उन्होंने कहा कि यह टर्मिनल सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार नहीं, बल्कि एविएशन सेक्टर में एक नई क्रांति की शुरुआत है, जिससे जोधपुर की आर्थिक प्रगति को भी नई उड़ान मिलेगी। शेखावत ने इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने में सहयोग देने वाली एयरपोर्ट अथॉरिटी, नगर निगम, जोधपुर विकास प्राधिकरण और मीडिया का भी आभार जताया।

# युवा कांग्रेस का अजमेर बचाओ भ्रष्टाचारी भगाओ अभियान

## > दरगाह बाजार क्षेत्र में निकाली रथ यात्रा




अजमेर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अजमेर बचाओ, भ्रष्टाचारी भगाओ अभियान के तहत युवा कांग्रेस ने दरगाह बाजार में रथ यात्रा निकालकर आमजन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक किया। यह रथ यात्रा स्मार्ट सिटी के 100 करोड़ के कथित घोटाले के विरोध में चल रहे जन आंदोलन का हिस्सा है। अभियान के दूसरे दिन युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करते हुए आगामी 24 अप्रैल को होने वाले कलेक्ट्रेट धरने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि रथ यात्रा फव्वारा चौराहे से शुरू होकर गंज गुरुद्वारा, दिल्ली गेट, दरगाह बाजार होते हुए दरगाह मुख्य द्वार तक निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों और राहगीरों को पम्प्लेट बांटकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने का आग्रह किया।

# 'कोरबा में 2 भाइयों को करंट लगाया-प्लास से नाखून खींचे'

## सैलरी मांगी तो किडनैपिंग-मारपीट; पुलिस पर आरोप-समझौता करने के लिए कहा

भीलवाड़ा, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। आइसक्रीम बेचने के बाद भीलवाड़ा के 2 भाइयों ने सैलरी मांगी तो मालिक ने किडनैप कर लिया। आरोपियों ने भाइयों के करंट लगाया और जमकर मारपीट की। फिर चोरी का इल्जाम लगाकर टॉर्चर का वीडियो भी बनाया। परिवार को वीडियो भेजकर 30 हजार रुपए की डिमांड की। परिवार के पैसे चुकाने के बाद आरोपियों ने दोनों को छोड़ दिया।

मामला छत्तीसगढ़ के कोरबा का 14 अप्रैल का है। पीड़ित परिवार को आरोप है कि भीलवाड़ा पुलिस ने कार्रवाई के बदले समझौते का दबाव बनाया। गुरुवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। गांव के परिचित ने लगवाई नौकरीः गुलाबपुरा थाने के रहने वाले चचेरे भाई मुकेश और विनोद के अनुसार हमारे गांव का एक व्यक्ति छत्तीसगढ़ में आइसक्रीम की लॉरी का काम करता है। उसके जरिए हमने आरोपी छोटू गुर्जर निवासी भैरूखेड़ा शंभूगढ़ भीलवाड़ा और मुकेश शर्मा निवासी चित्तौड़गढ़ से संपर्क किया। हमने छोटू और मुकेश से काम मांगा तो उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा में आइसक्रीम बेचने का काम करना है। छोटू गुर्जर फरवरी (2025) में गांव आया और बताया कि वहां 10 हजार सैलरी मिलेगी, रहना-खाना मिलेगा। हम दोनों भाई बेरोजगार थे इसलिए हामी भर दी। 12 फरवरी को हम छत्तीसगढ़ के कोरबा चले गए। दो महीने नौकरी करने के बाद उन्होंने मजदूरी मांगी तो चोरी का आरोप लगाकर उन्हें बुरी तरह टॉर्चर किया।

**14 अप्रैल की रात को हुआ टॉर्चर**

भाइयों ने एसपी की दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने हमें कोरबा के एक गोदाम में बंद कर दिया। वहां चोरी का आरोप लगाकर गाली-गलौज की। फिर कपड़े उतरवा कर मारपीट की। पैरों की उंगलियों के नाखून प्लास से खींचे। हम चीखे-चिल्लाए तो बिजली का करंट लगाया। घटना का वीडियो भी बनाया।

**पैसे ट्रांसफर होने के बाद छोड़ा**

15 अप्रैल की सुबह 10 बजे छोटू गुर्जर को घरवालों ने ऑनलाइन 23 हजार 950 रुपए ट्रांसफर किए। इस घटना के बाद हम भीलवाड़ा आ गए। आरोपी छोटू गुर्जर भी हमारे पीछे हमारे गांव कानिया आ गया। फिर 17 अप्रैल को रुद्रपुर चौराहे पर आरोपी छोटू ने हमें रोका और मारपीट की। पूरी घटना पर चुप रहने के लिए दबाव बनाया।

## वकील की कार को जलाया

**ज्वलनशील पदार्थ लेकर घर पहुंचे 2 बदमाश; धमाका होने पर बाइक से भागे**

जयपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जयपुर में 2 बदमाशों ने वकील के घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि 2 बदमाश हाथों में ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर कार के पास पहुंचे।

फिर उन्होंने कार पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर उसे आग लगा दी। जैसे ही कार में आग लगी और धमाका हुआ, दोनों बदमाश मौके से बाइक पर सवार होकर फरार हो गए । दरअसल, वारदात गुरुवार देर रात खोह नागोरियान थाना क्षेत्र के गोविंद नगर इलाके में हुई। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

## मीट की दुकानों पर नगरपरिषद ने गिराई गाज

### मदरसा रोड पर 8 दुकानों को किया सीज
### दुकानदार बोले- 'किया जा रहा टारगेट'

जैसलमेर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जैसलमेर शहर के मदरसा रोड पर स्थित मीट की दुकानों पर नगर परिषद ने कार्रवाई करते हुए सबको सीज कर दिया। नगरपरिषद कमिश्नर लजपाल सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई का लोगों ने विरोध भी किया। मगर नगरपरिषद ने सभी दुकानों को सीज करते हुए शहर में अवैध मीट बेचने वालों पर लगाम लगाने की कार्रवाई को अंजाम दिया। दुकानदारों ने नगरपरिषद पर एक तरफा कार्रवाई व जानबूझकर चुनिंदा दुकानदारों को टारगेट करने का आरोप लगाया। नेशनल मीट शॉप के नबू बक्श ने बताया कि- हम सभी को जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है। जबकि अन्य जगहों पर दुकानें संचालित हो रही है, उनपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ये एकतरफा कार्रवाई हो रही है।

नोटिस देकर किया है सीज-कमिश्नर लजपाल सिंह

इस मामले को लेकर नगरपरिषद कमिश्नर लजपाल सिंह ने बताया- शहर में चल रही अवैध मांस की दुकानों को लेकर कई बार लोगों ने नगर परिषद को शिकायत दी थी। जिसके बाद नगर परिषद द्वारा भी इन मांस की दुकानों के संचालकों को कई बार दुकानें हटाने को लेकर समझाइश की गई थी। लेकिन इसके बावजूद दुकानदारों द्वारा अवैध मांस की दुकानों को बंद नहीं किया जा रहा था। नगर परिषद द्वारा शहर में चल रही अवैध मांस की दुकानों के मालिकों को पूर्व में नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 232, 233, 247, 267, 269 व 270 के तहत नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस में दुकानों के संचालन के संबंध में वैध दस्तावेज नगर परिषद में पेश करने के लिए निर्देशित किया गया।

## पाली के भांगेसर गांव के 4 लोगों की मौत

पाली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पाली के एक गांव के चार लोगों की एक ही दिन में मौत हो गई। गांव के सरपंच और उप-सरपंच ने कहा कि एक बुजुर्ग बीमार था, बाकी 3 को तेज गर्मी के कारण स्ट्रोक आया, इस वजह से मौत हुई। इस पर सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने कहा- गर्मी से मौत का मामला नहीं है, अभी कही भी हीट वेव की स्थिति नहीं है। न लू-तापघात से किसी पीड़ित की मौत हुई है।


घटना पाली जिला मुख्यालय से 20 कि.मी दूर दो हजार की आबादी वाले गांव भांगेसर में हुई। बुधवार को गांव में चार लोगों की मौत हो गई। भांगेसर के सरपंच हबीब खान और उप-सरपंच मदनसिंह देवड़ा ने दावा किया कि तीन लोगों की तेज गर्मी से तबीयत बिगड़ गई। इस वजह से उन्हें स्ट्रोक आया और मौत हो गई। जबकि एक बुजुर्ग बीमार थे।

## हीटवेव को लेकर हाई कोर्ट सख्त; प्रमुख सचिव ने छुट्टी के दिन बुलाई बैठक, दिए सख्त निर्देश

जयपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरों को देखते हुए हाई कोर्ट की सख्ती के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने छुट्टी के दिन स्वास्थ्य भवन में अधिकारियों की आपात बैठक बुलाकर हीटवेव से निपटने के लिए सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान गर्मी और हीटवेव के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील राज्य है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दवा, जांच या उपचार के अभाव में किसी भी मरीज के जीवन को खतरे में नहीं पड़ना चाहिए। हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है और चिकित्सा संस्थानों को पूरी तरह से तैयार रहना होगा।

# भारतमाला हाईवे पर 9 ऊंटों को रौंदा

## सड़क पर बिखरे नजर आए शव; दो ऊंट तड़प रहे थे, लोगों ने जाम लगाया



फलोदी, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। फलोदी में भारतमाला हाईवे (गुजरात-पंजाब) पर देर रात तेज रफ्तार वाहन ऊंटों को काफिले को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में 9 ऊंटों की मौत हो गई। 2 ऊंट तड़प रहे थे। घटना भोजासर क्षेत्र के लक्ष्मण नगर में टोल प्लाजा के पास हुई। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। भोजासर थानाधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया- देर रात ऊंट भारतमाला हाईवे पर आ गए थे। अज्ञात वाहन ने ऊंटों को टक्कर मार दी। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क पर ऊंटों के शव बिखरे देखे। इसके बाद पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने बताया- ऊंटों का झुंड सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया।

**मौके पर जुटे लोग, बोले- रफ्तार बेकाबू**

हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। गुस्साए लोग प्रदर्शन करने लगे। लोगों ने कहा- टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ऊंटनी के गर्भ से बच्चा बाहर आ गया। उन्होंने कहा- भारतमाला परियोजना के बाद से इस हाईवे पर वाहनों की रफ्तार बेकाबू हो गई है।

प्रशासन से मांग करते हैं कि इस मार्ग पर पशु चेतावनी के संकेतक लगाए जाएं। रात में गश्त बढ़ाई जाए। सूचना पर सुबह 9 बजे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायल जानवरों के इलाज के लिए पशु चिकित्सकों की टीम को मौके पर बुलाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरार वाहन ड्राइवर की तलाश जारी है।

ढाई घंटे तक हाईवे को किया जाम हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने घटना के विरोध में हाईवे जाम कर दिया। सुबह 7.20 से 9.50 बजे तक हाईवे जाम रहा। थानाधिकारी अशोक कुमार ने सुबह 9:50 बजे जाम खुलवाया।

## घर में घुसकर पति-पत्नी को पीटा इलाज के दौरान महिला ने तोड़ा दम

बीकानेर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बीकानेर के अशोक नगर क्षेत्र स्थित घर में घुसकर बदमाशों ने पति-पत्नी से मारपीट की। महिला की पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस पता लगा रही है कि घर में घुसकर मारपीट किसने की थी? जानकारी अनुसार- अशोक नगर में रहने वाले गुमान सिंह के घर में अज्ञात लोगों ने देर रात घुसकर मारपीट की। इस दौरान उनकी पत्नी लक्ष्मी पर हमला किया गया। लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई, उसे तुरंत पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां ट्रोमा सेंटर में उसका इलाज शुरू हो गया। सुबह होते-होते लक्ष्मी की मौत हो गई। ऐसे में मारपीट का ये मामला हत्या में बदल गया। पुलिस ये पता लगाने में जुटी है कि रात में गुमान सिंह के घर पर हमला किसने और क्यों किया था? मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# देह व्यापार मामले में 7 युवक और 5 युवती गिरफ्तार

## दिल्ली, झारखंड और नेपाल से मंगाई थी लड़कियां, होटल में चल रहा था अवैध धंधा



उदयपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। शहर में तेजी से पांव पसार रहे देह व्यापार के गंदे धंधे पर सविना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आधी रात करीब 3 बजे शहर के सेक्टर 13 स्थित एक होटल में छापा मारा और एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए सात दलालों के साथ देह व्यापार मे लिप्त कई लड़कियों को गिरफ्तार किया। ये सभी आरोपी युवतियों को बहला-फुसलाकर या मोटी कमाई का लालच देकर शहर लाते थे और अवैध तरीके से देह व्यापार करवा रहे थे। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चल रहे अवैध गतिविधियों पर रोक अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई के बाद शहर में वैश्यावृत्ति के धंधे में लिप्त कई दलाल रातोंरात अंडर ग्राउंड हो गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से डिकॉय ऑपरेशन चलाकर होटल में छापा मारा और अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों को पकड़ा है। इस कार्रवाई मे पुलिस ने झाड़ोल निवासी मुकेश कुमार मीणा, भाणदा निवासी भावेश जोशी, डूंगरपुर निवासी राजेश कुमार, नाथूराम पटेल और शिव कॉलोनी प्रताप नगर निवासी यशपाल वैष्णव के साथ डूंगरपुर निवासी बापूलाल पटेल और जयेश भाटिया को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि ये सभी दलाल शहर में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं और कुछ समय पहले तक सबसिटी सेंटर को इन्होंने अपना गढ़ बना रखा था। पुलिस ने इनके खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम 1956 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक यह गिरोह दिल्ली, छत्तीसगढ़, झारखंड और नेपाल से युवतियों को लाकर देह व्यापार करवा रहा था। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क के पीछे और कौन-कौन लोग सक्रिय हैं और यह गिरोह किन-किन जगहों पर फैला हुआ है। सभी आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और उनसे गहन पूछताछ जारी है।

# साइबर अपराधों के लिए कुख्यात सेमल खुर्द में दबिश

## आरोपियों को छुड़ाने पुलिस से भिड़े ग्रामीण

अलवर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। जिले की गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने साइबर अपराधों के लिए कुख्यात गांव सेमल खुर्द में सोमवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता ऑनलाइन पोर्टल से मिली लोकेशन के आधार पर मिली, जिसके चलते सुबह करीब 3 बजे दबिश दी गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उन्नास खान और अशफाक उल्लाह खान के रूप में हुई है, जो गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के सेमल खुर्द गांव के निवासी हैं। इनके पास से साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले एंड्रॉयड मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा दो बाल अपचारियों को भी निरुद्ध किया गया है, जो इसी गिरोह का हिस्सा बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह पूरी कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। ऑपरेशन का नेतृत्व उप निरीक्षक बने सिंह ने किया।

गिरफ्तारी की भनक लगते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आरोपियों को छुड़ाने के प्रयास में पुलिस को घेर लिया और महिलाओं समेत अन्य परिजनों ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई भी की लेकिन पुलिस ने सूझबूझ से काम लेते हुए आरोपियों को सुरक्षित रूप से थाने पहुंचाया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ब्रांडेड कपड़े सस्ते में बेचने का झांसा देते थे और जैसे ही कोई ग्राहक इनके झांसे में आता, ये मोटी रकम ऐंठ लेते थे। अब तक यह गिरोह सैकड़ों लोगों से ऑनलाइन ठगी कर चुका है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मेवात क्षेत्र में साइबर ठगी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। पहले जो युवा पारंपरिक अपराधों में लिप्त थे, वे अब ऑनलाइन ठगी के नए तौर-तरीकों को अपना रहे हैं।

# तेलंगाना ग्रुप-I के अभ्यर्थियों ने हैदराबाद में किया प्रदर्शन




**मुख्य परीक्षा पुनः कराने की मांग**


हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रुप-I मेन्स की दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को धरना चौक पर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि तेलुगु माध्यम से परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर दुख जताया कि अंग्रेजी माध्यम से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों को अच्छे अंक दिए गए, लेकिन तेलुगु माध्यम से परीक्षा देने वालों को नहीं। उन्होंने सवाल उठाया कि तेलंगाना लोक सेवा आयोग ने ग्रुप-I मुख्य उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सिर्फ़ 75 दिनों में कैसे पूरा कर लिया। मूल्यांकन में बड़ी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए एक अभ्यर्थी ने कहा कि एक ही केंद्र से 70 अभ्यर्थियों के नाम सामान्य रैंकिंग सूची में कैसे आ सकते हैं?

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करने का आदेश दिया था, लेकिन नई अधिसूचना जारी न करने का आदेश दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि नई अधिसूचना के ज़रिए कई गैर-स्थानीय लोगों को पात्रता दी गई। एक अन्य अभ्यर्थी ने आश्चर्य जताया कि रैंकिंग सूची में शीर्ष 800 में तेलुगु माध्यम की पृष्ठभूमि से कोई भी क्यों नहीं आया। कई अभ्यर्थियों ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में भी गलती पाई, उन्होंने आरोप लगाया कि कई छात्रों को या तो समान अंक मिले हैं या समान हैं। इसके अलावा, उन्होंने टीजीपीएससी और राज्य सरकार से दो अलग-अलग हॉल टिकट ग्रुप-I प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा देने पर भी सवाल उठाए। उम्मीदवारों ने सरकार से जीओ 29 को रद्द करने और जीओ 55 को लागू करते हुए ग्रुप-I मुख्य परीक्षा आयोजित करने की मांग की।

# तारनाका टीजीएसआरटीसी अस्पताल में लैब सेवाएं शुरू

## कर्मचारियों के लिए 12 बिस्तरों वाली आपातकालीन देखभाल इकाई उपलब्ध

## टीजीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने किया उद्घाटन



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तारनाका स्थित टीजीएसआरटीसी अस्पताल में हृदय रोगों के लिए कैथ लैब सेवाएं उपलब्ध हो गई हैं। आपातकालीन देखभाल इकाई, जिसे कैथ लैब के साथ 12 बेड तक विस्तारित किया गया है, का उद्घाटन शुक्रवार को टीजीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने किया। संसजा ने फैक्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से तरनाका अस्पताल में कैथ लैब स्थापित की, जबकि अशोक लीलैंड ने क्रिटिकल कार्डियक केयर यूनिट में योगदान दिया। इसके अलावा, आईओसीएल ने निर्माण, ओआरजी नामक संगठन के माध्यम से आपातकालीन देखभाल इकाई के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए वीसी सज्जनार ने कहा कि प्रबंधन का मानना है कि संगठन तभी स्वस्थ हो सकता है जब उसके कर्मचारी, जो टीजीएसआरटीसी के मुख्य संसाधन हैं, पूर्णतः स्वस्थ हों और उन्होंने तारनाका अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अपग्रेड किया है। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी अन्य आरटीसी के विपरीत, यहां कर्मचारियों को कॉर्पोरेट अस्पतालों के बराबर बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि जहां 2021 में तारनाका अस्पताल में हर दिन औसतन 600 बाह्य रोगी आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर लगभग 2,000 हो गई है। इस अवसर पर सज्जनार ने आरटीसी कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कैथ लैब, क्रिटिकल कार्डियक केयर यूनिट और इमरजेंसी केयर यूनिट के विस्तार में सहयोग के लिए आईओसीएल, फैक्ट्स फाउंडेशन और अशोक लीलैंड के प्रतिनिधियों को बधाई दी। अस्पताल में नव स्थापित पूर्ण-सुविधायुक्त एमआरआई और सीटी स्कैन सुविधा के साथ-साथ एक आपातकालीन वार्ड, 24 घंटे की फार्मेसी और फिजियोथेरेपी इकाई भी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कैथ लैब सेवा शुरू होने से यहां सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हो गई हैं। उन्होंने कहा कि ग्रैंड हेल्थ चैलेंज के तहत कर्मचारियों और उनके जीवनसाथियों की स्वास्थ्य स्थिति जानने तथा सभी के लिए स्वास्थ्य प्रोफाइल तैयार करने के लिए चिकित्सा परीक्षण किए गए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से तरनाका अस्पताल में आपातकालीन उपचार प्रदान करके गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त 900 लोगों की जान बचाई गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन भविष्य में भी कर्मचारियों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए कई कार्यक्रम शुरू करेगा। कार्यक्रम में कंपनी के कार्यकारी निदेशक मुनिशेखर और वेंकन्ना, तारनाका अस्पताल अधीक्षक डॉ. शैलजा मूर्ति, चिकित्सा प्रशासक डॉ. श्रीनिवास के साथ-साथ आईओसीएल से सूरज कुमार, भास्कर राव और कैलास कांत, निर्माण संगठन से शांति कुमार और अनुराधा, फैक्ट्स फाउंडेशन के एमडी श्रीनिवास कुमार, अशोक लीलैंड के प्रतिनिधि नीरेश तिवारी, सूर्यनारायण और रमेश शास्त्री और अन्य उपस्थित थे।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.12-2025 दि.17/4/2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय अभियंता/को-आर्ड./गुन्टकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**बंद करने की तिथि व समयः 15-05-2025 के 15.00 बजे**

**क्रम सं. 01 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1812 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू-।, बीवायपीएल-डीएमएम(एसएल) सेक्शनः 0.700 किमी की लम्बाई के लिए 60 किग्रा. आर-260 रेल्स एवं स्लैक गेज स्लीपर्स सहित संपूर्ण ट्रैक नवीकरण (सीटीआर-पी) कार्य। एसडब्ल्यू-।। डीएमएम-पीएके(एसएल) सेक्शनः 0.51 किमी की लम्बाई के लिए स्लैक गेज स्लीपर्स सहित स्लीपर नवीकरण (टीएसआर-पी) कार्य। एसडब्ल्यू-।।। डीएमएम-जीवाय(डीएन) एण्ड केपीडी-टीपीटीवाय (एसएल) सेक्शंसः/डीइएन/पश्चिम/जीटीएल क्षेत्राधिकार के तहत (अनुलग्नक नुसार लोकेशन्स) 3.496 किमी की लम्बाई के लिए रेल नवीकरण (टीआरआर-पी) कार्य। विज्ञापित मूल्यःरु.5161072.12, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.103200.00

**क्रम सं. 02 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1813 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः डीएमएम-जीवाय एण्ड आरयु-टीपीटीवाय सेक्शन्स(डीइएन/पश्चिम/जीटीएल)-15.688 किमी(फेज-।।) से अधिक, गति 130 किमी प्रति घंटा के लिए, ट्रैक के चहुंओर बाउण्डरी वाल का प्रावधान। (दो पैकेट) विज्ञापित मूल्यःरु.156212192.39 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 931100.00

**क्रम सं. 03 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1814 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः तिरुपति-कोचिंग डिपो टीपीटीवाय पर कोच रखरखाव सुविधाओं का सुधार कार्य। विज्ञापित मूल्यःरु.25808176.15 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.279100.00

**क्रम सं. 04 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-पश्चिम-1815 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः तिरुपति-एसएसइ/पी.वे कार्यालय पाकाला के स्थान पर स्टोर डिपो सहित तिरुपति पर एसएसइ/पी.वे कार्यालय प्रस्तावित निर्माण कार्य। विज्ञापित मूल्यःरु.13363580.34 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 216800.00

**क्रम सं. 05 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-उत्तर-1816 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः एसडब्ल्यू -। नई इलेक्ट्रानिक इन्टरलाकिंग सिस्टम सहित लम्बी या लान्गर लूप लाइन के प्रावधान से संबंधित सिग्नल्लिंग व्यवस्थाएं। (नई आरबीजी रूम्स का निर्माण कार्य), एसडब्ल्यू -।। एसडीइएन/उत्तर/जीटीएल सब-ड़िवीजन में बोरवेल्स तथा जलापूर्ति इंस्टाल्लेशंस की मरम्मत करना। विज्ञापित मूल्यःरु.22323571.26, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.261600.00

**क्रम सं. 06 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-मध्य-1817 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः कोंडापुरम-गूटी(अप एण्ड डाउन)- बाड की लम्बाई या फेन्सिंग लेन्थ 90.342 किमी(फेज-।।) (दो पैकेट) के लिए एनएचएआई एन्टि-क्रैश बैरियर/डब्ल्यू-बीम स्टील फेन्सिंग का इस्तेमाल करते हुए 130किमीपीएच तथा इससे अधिक के लिए ट्रैक के चारों ओर सुरक्षा बाड या सेफ्टी फेन्सिंग का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु.308595347.05, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 1693000.00

**क्रम सं. 07 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण-1818 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः आरयु-केडीपी सेक्शन(सीनि.डीइएन/साउथ/जीटीएल)-एडीइएन/एचएक्स सब-डिवीजन(दो पैकेट)- विभिन्न स्टेशनों पर(फेज-।।) 1%.896 किमी बाउण्डरी वाल की लम्बाई के लिए गति 130किमीपीएच एवं इससे अधिक के लिए ट्रैक के चहुं ओर बाउण्डरी वाल का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु.178907372.37, पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 1044500.00

**क्रम सं. 08 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण-1819 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः आरयु-केडीपी सेक्शन(सीनि.डीइएन/साउथ/जीटीएल)-एडीइएन/आरजेपी सब-डिवीजन(दो पैकेट)- विभिन्न स्टेशनों पर(फेज-।।) 10.82 किमी बाउण्डरी वाल की लम्बाई के लिए गति 130किमीपीएच एवं इससे अधिक के लिए ट्रैक के चहुं ओर बाउण्डरी वाल का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु.,108366894.45 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 691800.00

**क्रम सं. 09 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-दक्षिण-1820 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः जीडीआर-टीपीटीवाय सेक्शन(सीनि.डीइएन/साउथ/जीटीएल)-विभिन्न स्टेशनों पर(फेज-।।) (दो पैकेट) 17.594 किमी बाउण्डरी वाल की लम्बाई के लिए गति 130किमीपीएच एवं इससे अधिक के लिए ट्रैक के चहुं ओर बाउण्डरी वाल का प्रावधान। विज्ञापित मूल्यःरु.175854686.11 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु.1029300.00

**क्रम सं. 10 निविदा सं.-** इएनजीजी-जीटीएल-उत्तर-1821 कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनःकृष्णा स्टेशन पर तुरंत वाटरिंग या जल व्यवस्था। विज्ञापित मूल्यःरु.52308499.36 पूर्व धरोहर राशि(पूधरा) रु. 411600.00

किसी भी शुद्धिपत्र को केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

**विभागीय रेल प्रबंधक/कार्य/गुन्टकल**

**निविदा सं.06-सीओएन-25-26-सीनि.डीइइ-एम-एचवायबी**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीडीइ/एम/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित अधोलिखित निविदाओं की बंद करने की तिथि 13-05-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाताओं द्वारा अपने मूल/संशोधित बोलियों को, उक्त बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल या भौतिक प्रस्ताव अमान्य हैं तथा इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर या प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उसपर ध्यान नही दिया जायेगा।

**क्रम सं.-01, कार्य विवरणः** निविदा सं.06-सीओएन-25-26- सीनि.डीईई-एम-एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः टाइप VI क्वार्टर्स (4 नंबर्स) का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बहुमंजिला-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित लागतः रु.1,56,49,597.00 पूधराःरु.2,28,300.00 **पूरा करने की अवधिः 12 महिने बंद करने की तिथिः13-05-2025**

**वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in निविदा के विस्तृत विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानःएसआर.डीडीइ/एम/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, हैदराबाद**

**निविदा सं. वाय/एसजी/36/2025-26/02 दि.17-04-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवम् दूर संचार अभियंता, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे(दमरे), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से दि.19-05-2025 के 11.30 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं. 01,** निविदा सं. वाय/एसजी/36/2025-26/02 दि.17-04-2025 कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः (1) निजामाबाद स्टेशन पर एआरटीज के सुदूर क्षेत्र या रिमोट साइट से लाईव वीडियो स्ट्रीमींग सेटअप का प्रावधान। (2) वे स्टेशनों के सुपरवायजर आफिसेज में रेलनेट फैसिलीटीज का मजबूतीकरण करना। अनुमानित लागतःरु. 27113163.11, पूधराःरु.285600.00

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल एवम् दूर संचार अभियंता, हैदराबाद**

**निविदा सूचना सं. 26-एमइसीएच-युसीटी-टीपीटीवाय-आर-25-26 दि. 17-04-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, सीडब्ल्यूएम/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निम्न विवरित निविदा सं. एवं निविदाओं की बंद करने की तिथि व समय 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाताओं द्वारा अपने मूल/संशोधित बोलियों को, उक्त बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल या भौतिक प्रस्ताव अमान्य हैं तथा इस मामले में किसी भी प्रकार के मैन्युएल आफर या प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उसपर ध्यान नही दिया जायेगा।

**क्रम सं.-01, कार्य विवरणः** निविदा सं. 26-एमइसीएच-युसीटी-टीपीटीवाय-आर-25-26 दि. 17-04-2025, दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के टीपीटीवाय वर्कशाप, एलजीडीएस वर्कशाप एवं कोचिंग डिपो पर एलएचबी कोचेस या शयनयानों (वातानुकूलित एवं गैर-वातानुकूलित) मे शौचालयों का अपग्रेडेशन या अद्यतन कार्य। अनुमानित लागतः रु.163,31,56,145.23 बोली सुरक्षा राशिः रु.83,15,800.00 पूरा करने की अवधिः 24 महिने बंद करने की तिथिः09-05-2025 के सु.11.00 बजे

**वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in निविदा के विस्तृत विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः चीफ वर्कशाप मैनेजर का कार्यालय, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सीआरएस, तिरुपति**

A0510

**निविदा शर्तें/ विस्तृत विवरण जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारा वेबसाइटः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# 10,000 करोड़ रुपये के कांचा गच्चीबावली भूमि घोटाले की जांच के आदेश की मांग

## केटीआर ने पीएम मोदी से की मांग

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कांचा गच्चीबावली भूमि के बंधक से जुड़े बड़े पैमाने पर वित्तीय और पर्यावरणीय धोखाधड़ी की केंद्रीय जांच शुरू करने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तेजी से कार्रवाई करने का आग्रह किया। एक्स पर एक पोस्ट में, रामाराव ने कांचा गच्चीबावली जंगल के विनाश पर चिंता व्यक्त करते हुए मोदी की हाल की टिप्पणियों का स्वागत किया।



हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि यह केवल दिखावटी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तबाही न केवल 100 एकड़ से अधिक जंगल को प्रभावित करने वाली एक पर्यावरणीय आपदा है, बल्कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई 10,000 करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी भी है।

उन्होंने कहा कि हमने इस संबंध में सीवीसी, सीबीआई, एसएफआईओ, सेबी और आरबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही सतर्क कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से मामले को गंभीरता से लेने और जांच में तेजी लाने का आग्रह किया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें वित्तीय अनियमितता की पुष्टि की गई थी और केंद्रीय एजेंसियों को शामिल करते हुए गहन जांच की सिफारिश की गई थी। उन्होंने बताया कि शहरों में घुटन के कारण पर्यावरण संरक्षण सर्वोपरि है।

# टीपीसीसी प्रमुख ने तेलंगाना के विकास में किशन रेड्डी के योगदान पर सवाल उठाए




हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी की कड़ी आलोचना की है और पिछले कई वर्षों से तेलंगाना के विकास में उनके योगदान पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को गांधी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, टीपीसीसी अध्यक्ष गौड़ ने सांसद मल्लू रवि, एमएलसी बालमूर वेंकट नरसीग राव, सीडब्ल्यूसी सदस्य वामशी चंद रेड्डी और पूर्व विधायक एनुगु रविंदर रेड्डी के साथ केंद्रीय मंत्री की विकासात्मक मुद्दों के बजाय धार्मिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा, किशन रेड्डी (जिन्हें किस्मत रेड्डी के नाम से भी जाना जाता है) को लोगों को यह बताना चाहिए कि उन्होंने राजनीति में अपने 25 वर्षों के दौरान अंबरपेट विधानसभा क्षेत्र और सिकंदराबाद के लोकसभा सदस्य के रूप में क्या हासिल किया है। महेश कुमार गौड़ ने कहा, किशन रेड्डी ने हर सुबह जल्दी उठकर एआईएमआईएम नेताओं के नाम का जाप करने और धार्मिक विषयों का उपयोग करके लोगों को भड़काने की दिनचर्या बना ली है। भाजपा नेताओं के पास धार्मिक मुद्दों से परे विकास का कोई एजेंडा नहीं है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को चुनौती दी कि वे बताएं कि अगर भाजपा उम्मीदवार एमएलसी चुनावों में हार जाता है तो राजकरों की विरासत तेलंगाना में कैसे वापस आएगी। टीपीसीसी प्रमुख ने भाजपा और बीआरएस पार्टियों पर एक गुप्त समझौता करने का भी आरोप लगाया, उन्होंने सुझाव दिया कि यही कारण है कि बीआरएस ने हैदराबाद में स्थानीय निकाय एमएलसी चुनावों में अपना उम्मीदवार नहीं उतारा। भाजपा नेता अक्सर साबरमती नदी के विकास पर चर्चा करते हैं, फिर भी वे मुसी पुनरुद्धार परियोजना में बाधा डालते हैं। वे मेट्रो रेल के विस्तार या एपी पुनर्गठन अधिनियम में उल्लिखित प्रतिबद्धताओं का उल्लेख करने में विफल रहते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ राज्य के लिए लंबित परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक पहलों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। क्या भाजपा नेता प्रधानमंत्री से तेलंगाना के विकास को प्राथमिकता देने का आग्रह करने के लिए तैयार हैं? हैदराबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय (एचसीयू) के पास कांचा गच्चीबावली भूमि के संबंध में भाजपा नेताओं द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण का पुरजोर खंडन करते हुए महेश कुमार गौड़ ने इस बात पर जोर दिया कि इन क्षेत्रों में औद्योगिक विकास से युवाओं के लिए हजारों रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं।

# चारमीनार-चौमहल्ला पैलेस हेरिटेज वॉक का किया आयोजन

**विश्व धरोहर दिवस 2025**




हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर, डेक्कन हेरिटेज अकादमी ट्रस्ट द्वारा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), हैदराबाद सर्कल, तेलंगाना राज्य पर्यटन विकास निगम (टीएसटीडीसी), जेबीआरएएसी, फोरम फॉर ए बेटर हैदराबाद और अन्य नागरिक समाजों के सहयोग से शुक्रवार को यहां हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया।

डेक्कन हेरिटेज अकादमी के चेयरमैन वेद कुमार मणिकोंडा ने चारमीनार से इस पदयात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा, आईसीओएमओएस, भारत के दक्षिण क्षेत्र प्रतिनिधि प्रो. जीएसवी सूर्यनारायण मूर्ति, उस्मानिया विश्वविद्यालय के एआईएचसी और पुरातत्व विभाग की डॉ.जी. जयश्री, एएसआई के रसायनज्ञ उप अधीक्षक कोटाइह विंजामुरी, एएसआई के सहायक पुरातत्वविद् डॉ.ई. साई कृष्णा, एएसआई की संरक्षणकर्ता जे. राजेश्वरी ने भी भाग लिया।

एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि सिटी कॉलेज, जेबीआरएसी, ऑक्सफोर्ड ग्रामर स्कूल, एसआरडीपी, वासावी स्कूल, वैष्णवी आर्किटेक्चर कॉलेज के कर्मचारी और छात्र तथा नागरिक समाज के अन्य सदस्य भी इस पदयात्रा में शामिल हुए। प्रतिभागी चारमीनार, लाड बाजार, मोतीगल्ली, महबूब चौक, इकबाल उद दौला देवडी, मक्का माजिद के द्वितीय प्रवेश द्वार, जिलू खाना, कुरशीद झा बहादुर पैलेस से होते हुए अंत में चौमहल्ला पैलेस पर समाप्त हुए।

## परिसर ने अमराबाद टाइगर रिजर्व में तेंदुए को छोड़ा

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। लगभग पांच से छह साल की उम्र का एक नर तेंदुआ, जो लगभग एक सप्ताह से पटनचेरू में अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) परिसर में घूम रहा था, को वन अधिकारियों ने सफलतापूर्वक पकड़ लिया और जंगल में छोड़ दिया। तेंदुए को गुरुवार रात को नागरकर्नूल जिले के अमराबाद टाइगर रिजर्व में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। तेलंगाना वन विभाग ने आईसीआरआईएसएटी कर्मचारियों द्वारा परिसर में दो तेंदुओं के देखे जाने की सूचना के बाद बचाव अभियान शुरू किया। वन अधिकारियों ने 30 से 40 निगरानी कैमरे लगाए और बकरियों को चारा के रूप में रखकर दो जाल पिंजरे लगाए। पकड़े गए तेंदुए को चिकित्सा जांच के लिए हैदराबाद के नेहरू प्राणी उद्यान ले जाया गया, जहां उसे स्वस्थ और छोड़ने के लिए फिट पाया गया।

# नकली इंजन ऑयल बनाने व बेचने वाला गिरफ्तार








हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, साउथ जोन टीम ने मीरचौक पुलिस के साथ मिलकर शेख कय्यूम नाम के एक आरोपी को पकड़ा है। धह नूर खान बाजार स्थित अपने गोदाम से अवैध रूप से एक नामी कंपनी का इंजन ऑयल लेबल चिपकाकर नकली इंजन ऑयल का निर्माण और दुकानों में वितरण करता था और अवैध रूप से आसानी से पैसा कमाता था। पुलिस के अनुसार शेख कय्यूम, फीलखाना, बेगम बाजार, हैदराबाद का रहने वाला है। आरोपी के पास से कुल 710 लीटर डुप्लीकेट कैस्ट्रोल ऑयल बरामद किया गया है। बरामद सामान की कीमत 3 लाख रुपये बतायी जा रही है। आरोपी शेख कय्यूम ने 7वीं कक्षा तक पढ़ाई की। शुरूआत में वह टेम्पो वाहन मैकेनिक के रूप में काम करता था। बाद में, उन्होंने नामपल्ली में एक ऑटोमोबाइल की दुकान में मजदूर के रूप में काम किया और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में ज्ञान प्राप्त किया। इसके अलावा, उन्होंने पैसेंजर ऑटो चलाना शुरू किया और उनकी कमाई उनके परिवार का पालन-पोषण करने और अपनी पारिवारिक इच्छाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं थी। उन्होंने डुप्लिकेट इंजन ऑयल बेचने की योजना बनाई क्योंकि यह बाजार में बहुत मांग वाला उत्पाद है। लगभग 5 महीने पहले उन्होंने नूर खान में किराए के आधार पर गोदाम लिया, सभी कच्चे माल की खरीद की और एक्टिव इंजन ऑयल के लेबल, बार कोड आदि को विधिवत चिपकाकर डुप्लिकेट इंजन ऑयल का उत्पादन शुरू किया और स्थानीय दुकानों को कम दरों पर आपूर्ति की। सूचना के आधार पर, साउथ ज़ोन टास्क फोर्स, हैदराबाद ने मीरचौक पुलिस के नूर खान बाजार में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## इंदिराम्मा आवास योजना में गलत जानकारी देने वाला बिल कलेक्टर बर्खास्त

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। आवास, राजस्व तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी इंदिराम्मा गृह निर्माण योजना में अनियमितता बरतने वाले किसी भी व्यक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी ने आज बिल कलेक्टर जगदीश के खिलाफ तुरंत उचित कार्रवाई करने के आदेश जारी किए, जिन्होंने भद्राद्री कोत्तगुडेम जिले में इंदिराम्मा आवासों के निर्माण के संबंध में गलत जानकारी अपलोड की थी, जिसमें कहा गया था कि निर्माण पूरा होने से पहले बेसमेंट स्तर तक पूरा हो गया था। जिला पंचायत अधिकारी ने खुलासा किया कि भद्राचलम ग्राम पंचायत क्षेत्र में इंदिराम्मा आवासों के निर्माण के 18 लाभार्थियों ने ऑनलाइन गलत जानकारी दर्ज कराई थी कि उन्होंने बेसमेंट तक निर्माण पूरा कर लिया है। इस संबंध में संबंधित बिल कलेक्टर को नोटिस जारी किया गया, लेकिन उसने बताया कि यह जानकारी गलती से अपलोड हो गई थी, जिसके बाद बिल कलेक्टर को बर्खास्त करने के आदेश जारी कर दिए गए। इस बीच, मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने एक बयान में कहा कि इंदिराम्मा घरों के निर्माण से संबंधित कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पोलो हैदराबाद लौटा, भारतीय सेना ने प्रतिबद्धता प्रदर्शित की



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पोलो एंड राइडिंग क्लब और भारतीय सेना की 61वीं कैवलरी रेजिमेंट के बीच एक प्रदर्शनी पोलो मैच सिकंदराबाद के बाइसन पोलो ग्राउंड में एक ऐतिहासिक आयोजन था। इस कार्यक्रम का आयोजन तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र (टीएसएसए) और सिकंदराबाद छावनी बोर्ड (एससीबी) द्वारा किया गया था और इस मैच ने घुड़सवारी खेलों के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। टीएमएसए ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें पोलो के शौकीनों, गणमान्य व्यक्तियों और सशस्त्र बलों के कर्मियों सहित बड़ी संख्या में दर्शक शामिल हुए। लेफ्टिनेंट जनरल करणदीप सिंह बरार, पीवीएसएम, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), दक्षिण भारत क्षेत्र ने मैच का उद्घाटन किया। इस मैच ने एक बार फिर भारत में प्रमुख पोलो गंतव्य के रूप में शहर की स्थिति को सामने ला दिया है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# 'अब उसके जाने का टाइम आ गया विरासत भी है खतरे में'

> रोहित की लगातार खराब बल्लेबाजी पर भड़के वीरेंद्र सहवाग





नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में मुंबई के स्टार बल्लेबाज व पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला लगातार खामोश है। रोहित अच्छी शुरुआत के बाद बड़ा स्कोर बनाने में लगातार नाकाम हो रहे हैं। हैदराबाद के खिलाफ भी उन्होंने 3 छक्कों के साथ 16 गेंदों पर 26 रन बनाए, लेकिन फिर आउट हो गए। रोहित की लगातार नाकामयाबी के बाद टीम इंडिया के पूर्व ओपनर सहवाग ने उनकी फॉर्म को लेकर उन पर फिर से हमला बोला। सहवाग अपनी बेबाक राय के लिए मशहूर हैं और अब उन्होंने रोहित को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ तौर पर कहा कि उनकी आईपीएल विरासत खतरे में है। टीम इंडिया के पूर्व ओपनर ने ये भी कहा कि रोहित का आईपीएल फॉर्म पिछले कुछ साल में अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि रोहित ने भारत का कप्तान बनने के बाद अपने अप्रोच में बदलाव किया है और इसका असर उनके प्रदर्शन और उनकी विरासत पर पड़ रहा है।

**अकेले ही सारे त्याग करना चाहते हैं रोहित**

क्रिकबज ने वीरेंद्र सहवाग के हवाले से कहा कि अगर आप रोहित के पिछले 10 सालों के आईपीएल नंबरों को देखें, तो उन्होंने सिर्फ एक बार 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। इसलिए वह ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो सोचते हैं कि उन्हें 500 या 700 रन बनाने की जरूरत है। अगर वह सोचते हैं तो शायद वह ऐसा कर सकते हैं। जब वह भारतीय कप्तान बने तो उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी बनना चाहते हैं जो पावर प्ले का फायदा उठाना चाहता हो और मौकों का फायदा उठाना चाहता हो इसलिए वह अकेले ही सारे त्याग करना चाहते थे, लेकिन वह इस बात पर विचार नहीं कर रहे हैं कि दिन के अंत में, जब वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं तो जो आपकी विरासत होती है जो चोटिल हो रही होती है।

अब उसके जाने का टाइम आ गया सहवाग ने यहां तक कहा कि शायद भारतीय कप्तान के लिए खेल के छोटे प्रारूप से दूर जाने के बारे में गंभीरता से सोचने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि अब उसका जाने का समय आ गया है और रिटायर होने से पहले, आप प्रशंसकों को आपको याद रखने के लिए कुछ देना चाहेंगे न कि ऐसे पल जो उन्हें यह सोचने पर मजबूर करें कि वे उसे क्यों नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रोहित शॉर्ट गेंदों के खिलाफ पुल शॉट खेलते समय आउट हो जाते हैं। सहवाग को लगता है कि रोहित को तब तक इस शॉट से बचना चाहिए जब तक कि वो अपनी इस कमी को दूर ना कर लें। उनका मानना है कि रोहित को क्रीज पर अधिक समय बिताने धीमी गति से खेलने और खुद को स्थिर होने का उचित मौका देने की जरूरत है।

## कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट संघ ने जीता 48वां अखिल भारतीय शहीद भगत सिंह अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट

पंचकूला, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट संघ ने आज टीडीएल क्रिकेट स्टेडियम, पंचकूला में खेले गए फाइनल मुकाबले में एएमसीए, कोलकाता, बंगाल को 6 विकेट से हराकर 48वें अखिल भारतीय शहीद भगत सिंह लड़के/लड़कियों की अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री गौरव गौतम ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

उनके साथ पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं बीसीसीआई क्रिकेट सलाहकार समिति के अध्यक्ष श्री अशोक मल्होत्रा और हरियाणा भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और हरियाणा खेल कल्याण संघ के अन्य गणमान्य सदस्य भी मौजूद रहे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट संघ को जीत की बधाई दी और जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा खेल कल्याण संघ (पंजीकृत) के प्रयासों की सराहना की।

# अभिषेक 2025 में टी20 में ऐसा कमाल करने वाले पहले भारतीय बने

> गुरु युवराज नहीं इस खिलाड़ी को बताया अपना फेवरेट



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2025 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार 40 रन की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर ने अपनी पारी में 7 चौके लगाए। उन्होंने हैदराबाद को अच्छी शुरुआत दी और ट्रेविस हेड के साथ पहले विकेट के लिए 59 रन जोड़े, जिन्होंने 29 गेंदों पर 28 रन बनाए।

**साल 2025 में अभिषेक ने टी20 में पूरे किए 500 रन**

अभिषेक शर्मा ने अपनी 40 रन की पारी के दम पर साल 2025 में टी20 क्रिकेट में 500 रन का आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने इस साल खेली 12 टी20 पारियों में कुल 511 रन बनाए हैं। इस साल यानी 2025 में अब तक कोई भी भारतीय टी20 प्रारूप में 400 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर 10 पारियों में 343 रन बनाकर तिलक वर्मा दूसरे नंबर पर हैं जबकि साई सुदर्शन ने 6 पारियों में 329 रन बनाए हैं और सूची में तीसरे स्थान पर हैं। अभिषेक शर्मा ने साल 2025 की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ ईडन गार्डन में 79 रन की पारी से की थी और फिर अगले तीन मैचों में उन्हें संघर्ष करना पड़ा और वे 30 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। अभिषेक ने वानखेड़े स्टेडियम में 135 रनों की पारी खेलकर सीरीज का अंत किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में 13 छक्के और 7 चौके लगाए थे। इसके बाद उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 24 रनों की पारी खेलकर आईपीएल 2025 सीजन की शुरुआत की। अभिषेक अगले चार मैचों में संघर्ष करते रहे और केवल 27 रन ही बना पाए। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ फॉर्म में वापसी की और 141 रनों की बड़ी पारी खेली।

**अभिषेक ने रोहित को बताया अपना फेवरेट क्रिकेटर**

भारत के युवा ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने क्रिकेट के गुर पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह से सीखे हैं और वो हर कदम पर उनसे सलाह लेते हैं, लेकिन अभिषेक ने बताया कि करंट क्रिकेटरों में उनका फेवरेट भारत के वनडे व टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा हैं। उन्होंने ये बातें स्टार स्पोर्ट्स पर कही।

# सौरव कोठारी ने हासिल की खास उपलब्धि

**पंकज आडवाणी को हराकर आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन बने**



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी सौरव कोठारी ने आयरलैंड के कार्लो में कई बार के विजेता पंकज आडवाणी को फाइनल में हराकर 2025 आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स खिताब जीत लिया। क्यू स्पोर्ट्स की दुनिया ने बुधवार को स्नूकर और बिलियड्र्स आयरलैंड (एसबीआई) अकादमी में प्रतिष्ठित खिताब के लिए भारत के दो बेहतरीन खिलाड़ियों- कोठारी और आडवाणी के बीच रोमांचक मुकाबला देखा। कोठारी (40 वर्ष) आडवाणी को 725-480 अंक से हराकर चैंपियन बने। कोठारी का 325 का ब्रेक मैच का सबसे शानदार पल था जो हालिया चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे बेहतरीन प्रयास में से एक भी रहा। कोठारी ने 119 और 112 के ब्रेक भी लगाए। इस जीत से कोठारी ने पहला ऐतिहासिक आईबीएसएफ विश्व खिताब (टाइम्ड' प्रारूप) अपने नाम किया।

# शुभमन गिल की टीम में ग्लेन फिलिप्स की जगह शामिल हुआ 75 लाख सैलरी वाला ऑलराउंडर; टी-20 में बनाए हैं 4449 रन, लिए हैं 91 विकेट

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को आईपीएल के इस सीजन में बड़ा झटका लगा था जब ग्लेन फिलिप्स कमर की चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, लेकिन अब इस टीम में उनकी जगह श्रीलंकाई ऑलराउंडर दासुन शनाका को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल किया गया है। शनाका अब गुजरात के लिए सीजन के बचे हुए मैचों में खेलते हुए नजर आएंगे। ग्लेन फिलिप्स अपनी इंजरी के बाद स्वदेश वापस लौट चुके हैं।



**दासुन शनाका ने ग्लेन फिलिप्स को किया रिप्लेस**

गुजरात ने ग्लेन फिलिप्स को इस सीजन के लिए 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था, लेकिन एक मैच में फील्डिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी और फिर वो मैदान से बाहर चले गए थे। बाद में पता चला की उनकी कमर में गंभीर चोट है और वो इस टीम के लिए बाकी के मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। वहीं दूसरी तरफ दासुन शनाका को साल 2023 में गुजरात टीम का हिस्सा बनाया गया था और वो इस सीजन में सिर्फ 3 ही मैच खेल पाए थे। अब उनकी फिर से गुजरात टीम में वापसी हुई है। शनाका को गुजरात फ्रेंचाईजी ने 75 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा है।

**दासुन शनाका का टी20 क्रिकेट करियर**

श्रीलंका के 33 साल के क्रिकेटर दासुन शनाका दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं और इसी हाथ से मध्यमगति की तेज गेंदबाजी भी करते हैं। उनके आने से गुजरात को एक और ऑलराउंडर मिल गया है। दासुन के टी20 क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक कुल 243 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 3 शतक समेत 142.45 की स्ट्राइक रेट के साथ 4449 रन बनाए हैं। टी20 में उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 131 रन है जबकि इतने ही मैचों में उन्होंने 91 विकेट भी झटके हैं। दासुन शनाका का इस प्रारूप में बेस्ट प्रदर्शन 16 रन देकर 4 विकेट रहा है। आपको बता दें कि गुजरात ने इस लीग में अब तक 6 मैच खेले हैं जिसमें इस टीम को 4 मैचों में जीत मिली है जबकि 2 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इस टीम के अभी 8 अंक हैं और खबर लिखे जाने तक ये टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है। गुजरात का अगला मैच 19 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा।

# तपेंद्र घई का लम्बा इंतजार खत्म जीता कैलेंस ओपन का खिताब



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। गुरुग्राम के तपेंद्र घई ने अंतिम दिन 70 के स्कोर के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी और नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1 करोड़ रुपये के कैलेंस ओपन 2025 में दूसरे खिताब के लिए लंबा इंतजार खत्म किया। 29 वर्षीय घई (64-67-62-70), चार शॉट से रातोंरात अग्रणी रहे, जिन्होंने 2018 में पीजीटीआई पर अपना एकमात्र पिछला खिताब जीता था, उन्होंने सप्ताह के अंत में 17-अंडर 263 के कुल स्कोर के साथ एक शॉट से बढ़त हासिल की। उनके स्थिर अंतिम दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी शामिल थे। घई की जीत ने उन्हें 15,00,000 रुपये का विजयी चेक दिलाया, जिससे वे पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 53वें स्थान से 15वें स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के रहने वाले अर्जुन प्रसाद (67-68-67-62) ने चौथे दिन का सबसे कम स्कोर, आठ अंडर 62 बनाया, जिससे वे 10 पायदान ऊपर चढ़कर 16 अंडर 264 के साथ संयुक्त उपविजेता बने। अर्जुन ने 7,99,900 रुपये का चेक जीता, जिससे वे पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में छठे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। प्रसाद की इस सीजन की कमाई अब 46,57,749 रुपये हो गई है। इस सीजन में अब तक पांच बार शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले अर्जुन, पीजीटीआई रैंकिंग लीडर इंग्लैंड के जोशुआ बेरी से 7.5 लाख रुपये से अधिक पीछे हैं।

# हमने पंजाब के खिलाफ कोई खास प्लान नहीं बनाया

> आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर का खुलासा
> रजत पाटीदार को बताया शांत कप्तान



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। आरीसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपनी टीम के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि रिजल्ट चाहे जो भी हो वो हमेशा शांत रहते हैं। रजत पाटीदार को आईपीएल 2025 से ठीक पहले इस टीम का कप्तान बनाया गया था और टीम के स्टार खिलाड़ी व पूर्व कप्तान विराट कोहली ने फ्रेंचाईजी के इस कदम का समर्थन किया था। रजत की कप्तानी में आरसीबी का प्रदर्शन इस सीजन में अब तक अच्छा रहा है और इस टीम ने अब तक खेले 6 मैचों में 4 में जीत हासिल कर चुकी है और 2 मैच में उसे हार मिली है। अंकतालिका में ये टीम अभी तीसरे नंबर पर है तो वहीं रजत पाटीदार ने इस सीजन में खेले पहले 6 मैचों में 37.2 की औसत और 161.73 की स्ट्राइक-रेट से दो अर्द्धशतकों के साथ 186 रन बनाए हैं।

**घबराते नहीं हैं रजत पाटीदार**

पीबीकेएस के खिलाफ मैच से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए भुवनेश्वर ने कहा कि क्रिकेट के इस प्रारूप में सबसे ज्यादा शांत रहने की जरूरत है और रजत में ये गुण मौजूद है। तेज गेंदबाज का मानना है कि आरसीबी के कप्तान सब कुछ अच्छी तरह से संभाल रहे हैं और उनकी योजना शानदार रही है। भुवनेश्वर ने कहा कि वह बहुत अच्छा खेल रहा है। सबसे अच्छी बात यह है कि वह शांत है और उसे इसी की जरूरत थी खासकर इस प्रारूप में, क्योंकि जब आप मैच हारते हैं तो घबरा जाना आसान होता है। हमने दो मैच गंवाए, लेकिन वह हमेशा एक जैसा रहा चाहे हम जीते या हारे। इसलिए वह हर चीज को बहुत अच्छे से संभाल रहा है। गेंदबाजी में बदलाव और हर चीज में वह शानदार रहा है।

**पंजाब के खिलाफ नहीं है कुछ खास योजना**

आरसीबी का सामना अब पंजाब किंग्स के साथ है जिस टीम ने केकेआर के खिलाफ 111 रन डिफेंड किया था और अजिंक्य रहाणे की टीम को 95 रन पर आउट कर दिया था। भुवी ने कहा कि आरसीबी पंजाब के खिलाफ कुछ खास योजना नहीं बना रही है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी हमेशा की तरह है, कुछ अलग नहीं है। हम किसी भी मैदान पर किसी भी विपक्षी टीम के लिए जो करते हैं वह एक जैसा ही होगा। हम जानते हैं कि चिन्नास्वामी बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है, लेकिन अगर आप विकेट को देखें, तो यह वैसा नहीं है जैसा पहले हुआ करता था।

## मुंबई से मिली हार के बाद निराश हैं सनराइजर्स के कोच विटोरी

**कहा-कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा**

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद को पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। टीम सात में से दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। इस सीजन हैदराबाद की टीम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। ऐसे में कोच डेनियल विटोरी ने सफाई दी है। उन्होंने अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरूप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया।

मुंबई के 163 रन के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके। मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे।' उन्होंने कहा, 'हमें हालात के अनुकूल ढलना ही होगा। हमें पता है कि चेन्नई में या अहमदाबाद में ऐसे हालात होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने की वंदना कटारिया के करियर की सराहना

**बोले-नई पारी के लिए शुभकामनाएं**

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हॉकी स्टार वंदना कटारिया के खेल में योगदान की सराहना करते हुए कहा कि अपने शानदार करियर में 320 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलना उनके कौशल और नेतृत्व का प्रमाण है जिसने भारतीय हॉकी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी कटारिया ने इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास की घोषणा की जिससे उनके 15 साल के करियर का अंत हो गया।

इस 32 वर्षीय स्ट्राइकर ने भारत के लिए 320 मैच में 158 गोल किए और वह उस राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थीं जिसने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथा स्थान हासिल किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर साझा किए गए पत्र में लिखा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम की एक बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर उपलब्धियों से भरे शानदार करियर की बधाई और जीवन की एक नई पारी शुरू करने के लिए आपको हार्दिक शुभकामनाएं। अपने खेल से देशवासियों को गर्व के अनेक अवसर देते हुए आपने विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश के तिरंगे को ऊंचा रखने में बड़ा योगदान दिया।' हरिद्वार के रोशनाबाद में जन्मी कटारिया का जन्म साधारण पृष्ठभूमि से हुआ था। उनके पिता भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में तकनीशियन के रूप में काम करते थे। उन्होंने जाति-आधारित और लिंग-आधारित गालियों के साथ-साथ




खराब स्वास्थ्य और अवसाद से जूझते हुए भारतीय हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी बनने के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'एक साधारण पृष्ठभूमि से आगे आकर अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता से हॉकी जगत में एक विशेष पहचान बनाने तक की आपकी यात्रा उल्लेखनीय है। भारतीय महिला हॉकी इतिहास की सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनना आपकी विशिष्ट क्षमताओं का परिचायक है।

एक कप्तान के तौर पर आपकी नेतृत्व क्षमता व टीम भावना सराहनीय रही और हॉकी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में आपने अहम भूमिका निभायी।' उन्होंने लिखा, 'देश का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में आपके उत्साह और टीम की आवश्यकता के अनुरुप खेल में विविधता को सराहा जाता रहा है। जूनियर महिला विश्व कप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाना हो या महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सोने का तमगा जीतना या फिर एफआईएच महिला नेशंस कप में स्वर्ण, आपका करियर ऐसी अनेक सफलताओं से भरा हुआ है।' कटारिया ओलंपिक में हैट्रिक बनाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला हैं। पीएम मोदी ने लिखा, 'आपके करियर में कई ऐसे मौके आए हैं जो प्रशंसकों के जेहन में हमेशा ताजा रहेंगे। इनमें से एक 2020 तोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आपकी हैट्रिक भी शामिल है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।' उन्होंने लिखा, 'एक खिलाड़ी के रूप में करोड़ों खेल प्रेमियों की उम्मीदों पर खरा उतरना और स्वयं को निरंतर निखारते रहना एक बड़ी चुनौती होती है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास के बाद जब आप पीछे मुड़कर अपने करियर को देखेंगी तो निश्चय ही आपको यह अनुभूति होगी कि आपने अपने परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के मस्तक को ऊंचा करने कार्य किया है।'

# मुख्यमंत्री ने जापानी निवेशकों को आमंत्रित किया

टोक्यो/हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत-जापान आर्थिक भागीदारी रोड शो में जापान इंक. से आह्वान किया कि तेलंगाना आएं, चीन का एक और विकल्प खोजें। निवेश करें, समृद्ध हों, आगे बढ़ें, सफल हों। हैदराबाद आपको घर जैसा लगेगा। मुख्यमंत्री ने टोक्यो रोड शो में जापानी निवेशकों को स्वागत और आश्वासन के व्यक्तिगत संदेश से मंत्रमुग्ध कर दिया। आधिकारिक तेलंगाना राइजिंग प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को टोक्यो के होटल इंपीरियल में एक उच्च स्तरीय निवेश रोड शो आयोजित किया, जिसमें राज्य के संपन्न औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला गया और जापानी व्यवसायों को इसके विकास में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में जापानी व्यवसाय समुदाय के 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जापानी निवेशकों और व्यवसायों से तेलंगाना आने और निवेश करने का आह्वान किया। रेवंत रेड्डी ने कहा, कोनिचिवा, टोक्यो। नमस्कारम। मैं तेलंगाना के लोगों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं लेकर आया हूं, जो भारत का सबसे युवा और सबसे तेजी से विकसित हो रहा राज्य है। जापान को उगते सूरज की भूमि कहा जाता है। हमारे राज्य का विजन तेलंगाना का उदय है। आज, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है- उगते सूरज की भूमि में तेलंगाना का उदय हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं टोक्यो आकर बहुत खुश हूं। आपका शहर शानदार है, जिसमें बेहतरीन बुनियादी ढांचा है, पर्यावरण और स्थिरता तथा नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जापान के लोग बहुत अच्छे, दयालु, सम्मानीय और अनुशासित हैं। मैंने अपने शहर हैदराबाद के विकास के लिए टोक्यो से बहुत कुछ सीखा है।




कार्यक्रम की शुरूआत जापान में भारत के राजदूत महामहिम सिबी जॉर्ज की टिप्पणियों से हुई, जिन्होंने मजबूत और बढ़ते भारत-जापान आर्थिक संबंधों पर जोर दिया। जेईटीआरओ, बैंगलोर के महानिदेशक तोशीहिरो मिजुतानी ने तेलंगाना के साथ गहन सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए टिप्पणियां कीं। सरकार की दो प्रमुख परियोजनाओं फ्यूचर सिटी, भारत का पहला नियोजित नेट जीरो औद्योगिक शहर, और मूसी रिवरफ्रंट कायाकल्प परियोजना, भारत की सबसे बड़ी रिवरफ्रंट विकास परियोजनाओं में से एक, पर प्रचार वीडियो इस कार्यक्रम में जारी किए गए।

तेलंगाना के विशेष मुख्य सचिव (उद्योग और वाणिज्य) जयेश रंजन ने इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, ईवी, टेक्सटाइल और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में जापानी कंपनियों के लिए प्रमुख निवेश अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक प्रस्तुति दी। मुख्य भाषण देते हुए, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने जापानी व्यवसायों को राज्य में निवेश करने और तेलंगाना राइजिंग का हिस्सा बनने के लिए गर्मजोशी से आमंत्रित किया। हम जीवन विज्ञान, जीसीसी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ईवी और ऊर्जा भंडारण, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, एआई डेटा सेंटर और लॉजिस्टिक्स जैसे कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में आपके निवेश का समर्थन करने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, कुशल प्रतिभा और स्पष्ट और सुसंगत नीतियां प्रदान करते हैं। आइए हम भारत, जापान और दुनिया के लिए कुछ असाधारण बनाएं।

रोड शो ने जापान के साथ टिकाऊ, नवाचार-संचालित साझेदारी बनाने के लिए तेलंगाना की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रोड शो के बाद तेलंगाना प्रतिनिधिमंडल और जापान के शीर्ष व्यापारिक समूहों के साथ कई आमने-सामने की बैठकें हुईं।

# एनटीटी डेटा हैदराबाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करेगा


## 10,500 करोड़ रुपये के भारी निवेश की घोषणा



टोक्यो/हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, डिजिटल परिवर्तन और आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी एनटीटी डेटा और एआई-फर्स्ट क्लाउड प्लेटफॉर्म कंपनी नेयसा नेटवर्क्स ने शुक्रवार को हैदराबाद में 10,500 करोड़ रुपये के भारी निवेश के साथ एआई डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आज टोक्यो में आयोजित एक उच्च स्तरीय निवेश बैठक के दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप दिया गया। एनटीटी डेटा और नेयसा नेटवर्क्स के वरिष्ठ नेतृत्व, जिनमें केन कट्सुयामा (एसवीपी, एनटीटी कॉर्पोरेशन, बोर्ड सदस्य, एनटीटी डेटा इंक.), तादाओकी निशिमुरा (निदेशक और एसवीपी, एनटीटी डेटा इंक.), आलोक बाजपेयी (प्रबंध निदेशक- भारत, एनटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर) और शरद सांघी (सह-संस्थापक और सीईओ, नेयसा, अध्यक्ष, एनटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर इंडिया) ने हस्ताक्षर समारोह में भाग लिया।

# तोशिबा का बिजली पारेषण, वितरण क्षेत्र में निवेश के लिए तेलंगाना के साथ समझौता

टोक्यो/हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तोशिबा ट्रांसमिशन डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (टीटीडीआई) ने ट्रांसमिशन और वितरण क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों और समाधानों में निवेश और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए तेलंगाना राज्य सरकार के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। टोशिबा कॉरपोरेशन, जापान की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और पारंपरिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों दोनों के लिए ट्रांसमिशन सह वितरण (टीसीडी) उपकरणों की आपूर्ति में एक वैश्विक नेता टीटीडीआई ने तेलंगाना सरकार के साथ सर्ज अरेस्टर के लिए एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित करने और तेलंगाना में अपने रुद्राम संयंत्र में बिजली और वितरण ट्रांसफार्मर और गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) के लिए अपनी मौजूदा विनिर्माण सुविधाओं का विस्तार करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह निवेश टीसीडी क्षेत्र के लिए अभिनव उत्पाद और समाधान प्रदान करने और वैश्विक प्रौद्योगिकी और औद्योगिक निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में तेलंगाना की स्थिति को मजबूत करने में टीटीडीआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आज यहां आयोजित एक उच्च स्तरीय निवेश बैठक में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और ऊर्जा व्यवसाय तोशिबा कॉरपोरेशन के निदेशक हिरोशी कनेटा की उपस्थिति में विशेष मुख्य सचिव, जयेश रंजन और टीटीडीआई तेलंगाना के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हिरोशी फुरुता द्वारा समझौता



ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 562 करोड़ रुपये के नियोजित निवेश के साथ, इस परियोजना में अत्याधुनिक तकनीकें शामिल होंगी, जो टीसीडी क्षेत्र में बढ़ती मांग में योगदान देने के लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह पहल उच्च मूल्य के निवेश को आकर्षित करने, राज्य की बिजली क्षेत्र की विकास योजना, औद्योगिक क्षमताओं को मजबूत करने और क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के तेलंगाना के दृष्टिकोण के अनुरूप है। टीटीडीआई के चेयरमैन मैनेजिंग डायरेक्टर हिरोशी फुरुता ने कहा, तेलंगाना की दूरदर्शी नीतियां, मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता इसे हमारे नवीनतम निवेश के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाती है। हम तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और भविष्य के लिए कुशल कार्यबल बनाने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं। यह निवेश भारत के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और बिजली क्षेत्र के भविष्य को आकार देने के हमारे दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। यह पहल भारत में उच्चतम वोल्टेज स्तर तक के अनुप्रयोगों के लिए टीसीडी उत्पादों को डिजाइन, विकसित और निर्माण करने के लिए टीटीडीआई के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो सरकार की "मेक इन इंडिया" पहल का समर्थन करता है। टीटीडीआई अगले दशक में ट्रांसमिशन और वितरण क्षेत्र में बिजली क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी ने कहा, तेलंगाना भारत के आर्थिक परिवर्तन में सबसे आगे है, जो रणनीतिक सहयोग और उद्योग साझेदारी के माध्यम से कई क्षेत्रों में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। आज घोषित तोशिबा द्वारा ताजा निवेश राज्य के व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र और तेलंगाना की विकास कहानी में वैश्विक कंपनियों के विश्वास को दोहराता है।

# बचाव अभियान का ध्यान खोजी कुत्तों द्वारा पहचाने गए स्थानों पर केंद्रित

## एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना



हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। एसएलबीसी सुरंग स्थल पर लापता छह श्रमिकों की खोज का ध्यान अब शव खोज कुत्तों और एनजीआरआई टीम द्वारा पहचाने गए महत्वपूर्ण डी1 और डी2 स्थलों पर केंद्रित हो गया है। सुरंग के अंतिम 50 मीटर हिस्से से मलबे को पूरी तरह से साफ करने के प्रयास के तहत उत्खननकर्ता लगातार दो बिंदुओं के पास से मलबा और मलबे को हटा रहे हैं। मानव अवशेषों को खोजने की उम्मीद के साथ पहले से खोले गए क्षेत्रों के आसपास खोज जारी है।

हालांकि, आस-पास के इलाके को साफ करने में काफी प्रगति हुई है, लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण भूस्खलन के मलबे से भरा छत ढहने वाला स्थान अभी भी अछूता है। हालांकि, साइट पर ढीली मिट्टी जम गई है, लेकिन भारी पानी का रिसाव जारी है। अनुमान है कि प्रति मिनट सुरंग से 3,521 लीटर पानी बाहर निकाला जा रहा है। इस साइट को अत्यधिक संवेदनशील माना गया है और इस पर पहुंच को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। बचाव दल अंतिम हिस्से को साफ करने के लिए समय के खिलाफ काम कर रहे हैं, लेकिन लापता श्रमिकों का कोई सुराग न मिलना उनकी चिंता को और बढ़ा रहा है। राज्य सरकार ने अभी तक इस बात पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है कि छत ढहने वाली जगह को खोला जाए या नहीं। फिलहाल, धंसने वाले क्षेत्र को खतरनाक माना जाता है और इसे बंद रखा गया है। मिशन के अंतिम चरण में प्रवेश करने के साथ, सभी की निगाहें बचाव दल के प्रयासों पर टिकी हुई हैं।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ जरूरी : तिरुपति

## आदिवासी समुदाय को भी मिलेगी सहायता

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना गिरिजन को-ऑपरेटिव कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आज गिरी नेचर- हनी मिलेट कुकीज़ और हनी चिक्की लॉन्च की। लॉन्च के अवसर पर सचिव आदिवासी कल्याण, तेलंगाना सरकार ए. शरत और डॉ.बी. दयाकर राव, सीईओ और निदेशक- न्यूट्रीहब, आईसीएआर-आईआईएमआर आदि डीएसएस भवन, मसाब टैंक में मौजूद थे। गौरतलब है कि बाजरा आधारित इन कुकीज़ और चिक्की का उद्देश्य आदिवासी समुदाय के उत्थान का समर्थन करना है, साथ ही अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है, खासकर छोटे बच्चों के बीच। यह पहल आदिवासी उत्पादकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके उत्पाद सही उपभोक्ताओं तक पहुंचें और उनका उपयोग बड़े सामाजिक उद्देश्य के लिए किया जाए। यह परियोजना न केवल इन उत्पादों के



नैतिक उपयोग पर जोर देती है, बल्कि दीर्घकालिक लाभ के लिए उनके विपणन में भी सहायता करती है। इसे तेलंगाना के मुख्यमंत्री श्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री एम. भट्टी विक्रमार्क, महिला एवं बाल कल्याण, पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री सीतक्का और कोटनाक तिरुपति, अध्यक्ष- टीजीजीसीसी से मजबूत समर्थन मिला है।

इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष टीजीजीसीसी कोटनाक तिरुपति ने कहा, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले भी तेलंगाना के युवाओं और बच्चों, खासकर सरकारी स्कूलों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाले नाश्ते उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया है। बच्चे हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनका स्वास्थ्य उनके द्वारा खाए जाने वाले भोजन और उनके द्वारा किए जाने वाले व्यायाम पर निर्भर करता है। स्वस्थ, बिना किसी समझौते वाला भोजन जो पेट के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और बच्चों को फिट रखता है, आवश्यक है। संतुलित आहार के अलावा, बच्चों को महत्वपूर्ण विटामिन और आवश्यक खनिजों की आवश्यकता होती है। इसे प्रदान करने का सबसे आसान तरीका पौष्टिक, स्वादिष्ट नाश्ते के माध्यम से है जो उनके समग्र स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं। सचिव, आदिवासी कल्याण- तेलंगाना सरकार ए. शरत के नेतृत्व में एक क्रांतिकारी पहल का उद्देश्य आदिवासी समुदायों द्वारा वन पहाड़ियों से एकत्र किए गए शुद्ध गिरिजन शहद का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले बाजरा-आधारित कुकीज़ और चिक्की बनाना है। इसका उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य का समर्थन करना और सामाजिक कल्याण में योगदान देना है। सीईओ और निदेशक, न्यूट्रीहब-आईसीएआर-आईआईएमआर डॉ.बी. दयाकर राव ने कहा कि द्वारा गहन अनुसंधान और विशेषज्ञ उत्पाद विकास द्वारा समर्थित, बाजरा न्यूट्री चिक्की और हनी मिलेट कुकीज़, बाजरा की पोषण संबंधी उत्कृष्टता को जंगल के ताजे शहद की शुद्धता के साथ जोड़ती है।

# हैदराबाद में 400 मेगावाट का डेटा सेंटर क्लस्टर बनेगा

टोक्यो/हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में आने वाली सुविधा में 400 मेगावाट का डेटा सेंटर क्लस्टर होगा, जिसे 25,000 जीपीयू के साथ देश के सबसे शक्तिशाली एआई सुपरकंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की मेजबानी के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह परियोजना तेलंगाना के भारत की एआई राजधानी बनने के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो सार्वजनिक और उद्यम एआई कार्यभार का समर्थन करने के लिए संप्रभु, स्केलेबल और टिकाऊ कंप्यूट क्षमताएं प्रदान करती है। यह सहयोग एनटीटी डेटा के वैश्विक डेटा सेंटनेतृत्व को एनईएसए के एआई त्वरण प्लेटफ़ॉर्म के साथ जोड़ता है, जिससे एआई-प्रथम समाधानों का संयुक्त विकास संभव हो सकेगा और तेलंगाना में एक जीवंत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो सकेगा। यह परियोजना ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा (500 मेगावाट तक) के मिश्रण से संचालित होगी, लिक्विड इमर्शन जैसी अत्याधुनिक शीतलन तकनीकों को अपनाएगी और उच्चतम ईएसजी मानकों का पालन करेगी। परिसर तेलंगाना के शैक्षणिक संस्थानों के साथ साझेदारी के माध्यम से एआई प्रतिभा को बढ़ावा देगा और राज्य के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मिशन में योगदान देगा। एनटीटी डेटा और उसके भागीदारों द्वारा किए गए इस मेगा निवेश का स्वागत करते हुए, सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा, तेलंगाना नीतिगत स्थिरता, रणनीतिक स्थान लाभ, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली, कुशल प्रतिभा, सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से त्वरित मंजूरी प्रदान करता है ताकि महत्वपूर्ण एआई बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया जा सके और राज्य को एआई से संबंधित डिजिटल सेवाओं में अग्रणी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि, तेलंगाना नीतिगत स्थिरता, विश्वसनीय बिजली, कुशल प्रतिभा और हमारे सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से सबसे तेज़ मंजूरी प्रदान करता है, ताकि आपका निवेश सुचारू और सुरक्षित हो सके। हम एनटीटी डेटा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह हैदराबाद से अगली पीढ़ी के एआई और डिजिटल सेवाओं को शक्ति प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी शुरू करता है। टोक्यो में मुख्यालय वाला एनटीटी डेटा आईटी सेवाओं, डेटा केंद्रों और डिजिटल परिवर्तन में एक वैश्विक नेता है, जो 50 से अधिक देशों में 193,000 लोगों को रोजगार देता है। दुनिया के शीर्ष 3 डेटा सेंटर प्रदाताओं में शुमार, यह वैश्विक स्तर पर 150 से अधिक सुविधाओं का संचालन करता है और सार्वजनिक सेवाओं, बीएफएसआई, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण और दूरसंचार सहित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करता है।

# शमशाबाद में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की करंट लगने से मौत

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शमशाबाद के पेद्दाशपुर में खेत में जाकर आम तोड़ने के दौरान कथित तौर पर बिजली गिरने से मौत हो गई। पूर्वी गोदावरी जिले के अनापर्थी के के. चेतन रेड्डी (27) शहर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते थे।

उनकी छह महीने पहले ही शादी हुई थी और वे तल्लागड्डा इलाके में रहते हैं। गुरुवार को चेतन अपनी पत्नी को मोइनाबाद के भास्कर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए ले गया था। परीक्षा के बाद उसकी पत्नी रंगारेड्डी जिले के इब्राहिमपट्टनम में अपने गृहनगर जा रही थी। रास्ते में दंपति को शमशाबाद के पेद्दाशपुर में आम के खेत मिले।

दंपत्ति खेत के अंदर गए और आम तोड़ने लगे। लौटते समय चेतन गलती से बिजली के तारों के संपर्क में आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। खेत के रखवाले और स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# तेलंगाना राजस्व कर्मचारी सेवा संघ ने की कांग्रेस विधायक की टिप्पणी की निंदा

महबूबाबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राजस्व कर्मचारी सेवा संघ (टीआरएसए) और तेलंगाना तहसीलदार संघ ने महबूबाबाद में एक तहसीलदार के प्रति दोर्नाकल के विधायक रामचंदर नाइक की अपमानजनक भाषा की निंदा की। गुरुवार को महबूबाबाद जिले के मरीपेडा और चिन्ना गुडुरू मंडल में भू-भारती पोर्टल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, दोर्नाकल विधायक ने निर्धारित समय से परे रेत उत्खनन की अनुमति न देने के लिए तहसीलदार की आलोचना की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे एक वीडियो में दोर्नाकल विधायक तहसीलदार को यह कहते हुए गाली देते हुए नजर आ रहे हैं कि मेरे साथ मूर्खतापूर्ण भाषा में बात मत करो। अधिकारी विधायक को यह समझाते हुए दिखाई दे रहे हैं कि रेत उत्खनन की अनुमति राज्य सरकार के निर्देशों और जीओएम 3 और जीओएम 15 के अनुसार दी जा रही है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार के पास अनुमति देने का कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं है। टीआरएसए और तेलंगाना तहसीलदार एसोसिएशन महबूबाबाद इकाई ने एक बयान में दोर्नाकल के विधायकों द्वारा तहसीलदार के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने की निंदा की। एसोसिएशन ने कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से ही अनधिकृत रेत परिवहन और उत्खनन पर अंकुश लगाया जा सका है।

एसोसिएशनों ने इस बात पर भी जोर दिया कि क्षेत्रीय स्तर पर कर्मचारियों की कमी तथा अधिकांश समय सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में लगने के कारण कर्मचारियों को अन्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो रही है। इन सभी बाधाओं के बावजूद, कर्मचारी अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। टीआरएसए और तेलंगाना तहसीलदार एसोसिएशन ने बयान में कहा कि डोर्नकल के विधायकों द्वारा तहसीलदार के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है और इससे कर्मचारियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। हम सरकार से अपील करते हैं कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# 1.4 करोड़ की ठगी करने के आरोप में यूपी का एक व्यक्ति गिरफ्तार

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद साइबर अपराध अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के एक इलेक्ट्रीशियन आकाश वर्मा को शहर के एक निवेशक से उच्च रिटर्न का वादा करके शेयरों में निवेश के बहाने 1.4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। वह तेलंगाना के चार मामलों सहित पूरे भारत में 30 मामलों में शामिल है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता को एक लिंक डाउनलोड करने और धीरे-धीरे छोटी रकम से लेकर बड़ी रकम तक निवेश करने के लिए कहा गया था। शुरूआत में उन्होंने उसे अच्छा मुनाफा दिखाया। इसके बाद उन्होंने उससे कुल मुनाफे का 10 प्रतिशत भेजने को कहा और उसने कुछ समय में 1.4 करोड़ रुपये जमा करा दिए। बाद में, उन्होंने उसे पैसे निकालने से रोक दिया। शिकायत के आधार पर साइबर अपराध पुलिस ने मामला दर्ज कर संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।

# हिट-एंड-रन दुर्घटना में घायल हुई तेलुगु छात्रा दीप्ति वंगावोलू की मौत

हैदराबाद, 18 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिका के टेक्सास के डेंटन शहर में 12 अप्रैल को एक हिट-एंड-रन सड़क दुर्घटना का शिकार होने के बाद जीवन के लिए संघर्ष कर रही एक तेलुगु महिला दीप्ति वंगावोलू ने दम तोड़ दिया। दीप्ति वंगावोलू और उनकी सहेली पैदल घर पहुंचने वाली ही थीं कि एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय मीडिया ने बताया था कि दीप्ति के सिर में गहरी चोट आई है, जबकि दूसरी महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उसका ऑपरेशन किया जा रहा है।

दीप्ति वंगावोलू उत्तरी टेक्सास विश्वविद्यालय में कंप्यूटर और सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर कर रही थीं और उन्होंने मार्च 2023 में नरसारोपेटा इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक पूरा किया। वह कथित तौर पर आंध्र प्रदेश के गुंटूर की रहने वाली थीं। डेंटन पुलिस की एक प्रेस विज्ञप्ति में दुर्घटना का समय शनिवार (12 अप्रैल) को 2.12 बजे बताया गया था और बताया गया था कि यह दुर्घटना कैरिल अल लागो ड्राइव के 2300 ब्लॉक में हुई थी, जो एन. बोनी ब्रे स्ट्री और डब्ल्यू. यूनिवर्सिटी ड्राइव के पास एक आवासीय सड़क है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक गहरे रंग की सेडान कार ने सड़क पर दो महिला पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, तथा उसके बाद भी नहीं रुकी।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.